भाद्रपद शुक्ल पक्ष 06, संवत 2082 | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

रांची का तापमान
कांके: अधिक. 28.1° न्यून. 22.0°
रांची: अधिक. 28.6° न्यून. 22.2°

रांची, शुक्रवार
29 अगस्त 2025
वर्ष-26, अंक-207, पृष्ठ-12

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹2.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर




# दिशोम गुरु शिबू सोरेन को ‘भारत रत्न’ देने की सिफारिश

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** दिशोम गुरु शिबू सोरेन को भारत रत्न देने का प्रस्ताव गुरुवार को मानसून सत्र के आखिरी दिन विधानसभा में सर्वसम्मति से पारित हो गया। झारखंड सरकार के समाज कल्याण मंत्री दीपक बिरुआ ने सदन में शिबू सोरेन को भारत रत्न देने का प्रस्ताव रखा। उन्होंने कहा कि, शिबू सोरेन ने झारखंड आंदोलन के लिए अपना जीवन तमाम कर दिया। उनके संघर्ष से नया राज्य और नई पहचान मिली। मंत्री ने कहा कि 4 अगस्त को उनका निधन हो गया। प्रस्ताव करता हूं कि उन्हें भारत रत्न देने का प्रस्ताव केंद्र को भेजा जाए।

भारत रत्न के प्रस्ताव पर बोलते हुए नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि हम संकल्प के साथ हैं। उन्होंने मांग रखी कि झारखंड आंदोलन के प्रणेता और झारखंड आंदोलन की नींव रखने वाले मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा और विनोद बिहारी महतो का नाम जरूर जोड़ें। वहीं संसदीय कार्य मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने सुझाव दिया कि प्रस्ताव में यह बात जोड़ी जाए कि भारत की आजादी में आदिवासी समाज का बहुमूल्य योगदान है। लेकिन आदिवासी समाज के किसी आंदोलनकारी, राजनीतिज्ञ, बुद्धिजीवी को आज तक भारत रत्न नहीं मिला। ऐसे में शिबू सोरेन को भारत रत्न दिया जाए, यह जरूर जोड़ा जाए। प्रस्ताव पर स्वीकार रबीन्द्रनाथ महतो में सदन के समक्ष रखा।

शेष पेज 11 पर

## झारखंड विधानसभा में प्रस्ताव पारित



### मुख्यमंत्री ने केंद्र को निशाने पर रखा, कहा
## कानून और संवैधानिक संस्थाएं इनकी जेब में हैं



**रांची।** झारखंड विधानसभा के मॉनसून सत्र के अंतिम दिन सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि हमारी सरकार को बदनाम और हमारे कार्यों में व्यवधान डालने के लिए फंडिंग की जा रही है। जनता को सरकार के विरुद्ध खड़ा करने के लिए फंडिंग की जा रही है। उन्होंने कहा कि यह गिरोह पूरे देश में काम कर रहा है। रिम्स टू के नाम पर फिर राजनीतिक रोटी सेकी जा रही है। इससे पहले फ्लाई ओवर के विरोध में राजनीतिक दुकानें खोली गयी। लेकिन बरसात के इस मौसम में फ्लाई ओवर के लाभ से राजधानी की जनता वाकिफ हो गयी है। उन्होंने कहा कि विपक्ष का अपना उद्देश्य और राजनीतिक विचारधारा है। लेकिन ये अपने राजनीतिक उद्देश्य के लिए केवल सरकार को घेरने में ही लगे हैं। कई जगह सरकार के काम में अवरोध पैदा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ये इसके लिए कानून का भी सहारा लेते हैं। हालांकि कानून और संवैधानिक संस्थाएं इनकी जेब में है। लेकिन हम पूरी ताकत से सत्ता में हैं तो उस ताकत के अनुसार काम भी करेंगे। बावजूद इसके मुख्यमंत्री ने विपक्ष से सकारात्मक सहयोग का आह्वान भी किया। मुख्यमंत्री झारखंड विधानसभा के पूरक मानसून सत्र के समापन पर अपना भाषण दे रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने लद्दाख के राजनीतिक-सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक के साथ केंद्र सरकार द्वारा किए गए व्यवहार का भी विस्तार से जिक्र किया।

### झारखंड विस की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित

**रांची ।** झारखंड विधानसभा का पूरक मानसून सत्र समाप्त हो गया. इसके साथ ही सदन की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लि स्थगित कर दी गई. मानसून सत्र में 324 प्रश्न स्वीकृत किए गए साथ ही सत्र के दौरान पांच विधेयक भी पास हुए. हालांकि सत्र काफी हंगामेदार रहा. सदन की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित करने की घोषणा स्पीकर रबीन्द्रनाथ महतो ने की।

- **स्पीकर रबीन्द्रनाथ महतो ने कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित की**
- **झारखंड विधानसभा का पूरक मानसून सत्र समाप्त**

### विश्व गुरु बनाने की बात पर सवाल

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि वे देश को विश्व गुरु बनाना चाहते हैं या खुद और अपने व्यवसायिक साथियों को. उन्होंने कहा कि विपक्षी दल खुद और अपने व्यापारिक सहयोगियों को विश्व गुरु बनाने की तैयारी में जुटी है. झारखंड विधानसभा ने दिशोम गुरु शिबू सोरेन को भारत रत्न देने का प्रस्ताव पारित कर दिया है। लेकिन केंद्र सरकार की ओर से इस पर क्या कार्रवाई की जाएगी, यह देखना महत्वपूर्ण होगा. वे जो बोलते हैं, वह नहीं करते हैं, लेकिन जो नहीं बोलते हैं, वह जरूर करते हैं. इससे उनके इरादों पर सवाल उठते हैं।

# बिहार में नेपाल बॉर्डर से तीन पाकिस्तानी घुसे...

मोतिहारी (आईएएनएस)

बिहार के पूर्वी चंपारण जिले में पुलिस अलर्ट पर है। जिले में नेपाल बॉर्डर से तीन पाकिस्तानी संदिग्धों के घुसने की खबर के बाद पूर्वी चंपारण पुलिस ने चौकसी बढ़ा दी है। इन तीनों संदिग्धों की सूचना देने वालों को 50 हजार रुपए इनाम दिए जाने की भी घोषणा की गई है। पुलिस ने इन तीनों संदिग्धों की तस्वीर भी जारी की है। तीनों संदिग्धों में पहला हसनैन अली है, जो रावलपिंडी (पाकिस्तान) का निवासी बताया गया, जबकि दूसरा आदिल हुसैन उमरकोट (पाकिस्तान) का निवासी है। तीसरा संदिग्ध मोहम्मद उस्मान बताया गया, जो बहावलपुर (पाकिस्तान) का निवासी बताया जा रहा है। पूर्वी चंपारण पुलिस के मुताबिक, नेपाल के रास्ते बिहार में तीन पाकिस्तानी आतंकी घुसे हैं। बताया जा रहा है कि

शेष पेज 11 पर




**संदिग्धों की पहचान**
- **हसनैन अली :** निवासी रावलपिंडी (पाकिस्तान)।
- **आदिल हुसैन :** निवासी उमरकोट (पाकिस्तान)।
- **मोहम्मद उस्मान :** निवासी बहावलपुर (पाकिस्तान)।

## रांची में आज से जोर पकड़ेगा मानसून

**रांची।** राज्य में शुक्रवार से मानसून जोर पकड़ेगा। घने बादल छाएंगे और कई जिलों में बारिश होगी। सात जिलों में शनिवार और रविवार को भारी बारिश होने का येलो अलर्ट जारी किया गया है। इनमें रांची, खूंटी, गुमला, लोहरदगा, लातेहार, पलामू और गढ़वा शामिल हैं। मौसम विभाग के मुताबिक, अगले चार दिन राज्य में कहीं-कहीं तेज हवा चलेगी। वज्रपात की भी चेतावनी जारी की गई है।

- **दो दिन भारी बारिश का येलो अलर्ट**

शेष पेज 11 पर

## एसीबी ने लेखापाल को किया गिरफ्तार



**गुमला ।** एसीबी की टीम ने चैनपुर प्रखंड के प्रधान लेखापाल राजकुमार सहनी को 20 हजार रूपए रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। घटना गुरुवार की है। राजकुमार सहनी को करम टोली स्थित उनके आवास से गिरफ्तार किया गया। सिसई के जन सेवक धनंजय प्रसाद ने एसीबी में शिकायत की थी। जिसके बाद एसीबी ने यह कार्रवाई की है।

## झारखंड मंत्रिपरिषद् की बैठक दो सितंबर को




**रांची।** मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) द्वारा सूचित किया गया है कि मंत्रिपरिषद् की बैठक 02 सितंबर को अपराह्न 02:30 बजे से झारखंड मंत्रालय (प्रोजेक्ट भवन )स्थित मंत्रिपरिषद कक्ष में होगी।

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

सुझाव, शिकायत और समाचारों का स्वागत
समाचार पत्र में प्रकाशित करने के लिए सप्रमाण समाचारों का स्वागत है। आप सुझाव या शिकायत भी भेज सकते हैं।
संपर्क/व्हाट्सएप **82925 53444** विज्ञापन देने या अखबार प्राप्त करने के लिए संपर्क **+91 82923 73444** कार्यकारी संपादक।

# अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री हफीजुल हसन की तबीयत बिगड़ी, अस्पताल में भर्ती



रांची(आईएएनएस)

झारखंड सरकार में अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री और मधुपुर के विधायक हफीजुल हसन की तबीयत गुरुवार को अचानक बिगड़ गई। सांस लेने में परेशानी और बेचैनी की शिकायत के बाद उन्हें तत्काल रांची के पारस अस्पताल में भर्ती कराया गया।

चिकित्सकों ने उनकी हालत को अभी स्थिर बताया है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन स्वयं अस्पताल पहुंचे और मंत्री हसन का हालचाल लिया। उनके साथ मंत्री इरफान अंसारी, विधायक दीपिका पांडेय, शिल्पी नेहा तिर्की, और संजय यादव सहित कई जनप्रतिनिधि भी अस्पताल पहुंचे। मुख्यमंत्री ने डॉक्टरों से स्वास्थ्य संबंधी जानकारी ली और परिजनों को आश्वस्त किया कि सरकार पूरी तरह उनके साथ खड़ी है। गौरतलब है कि मंत्री हफीजुल हसन की पिछले महीने 8 जुलाई को दिल्ली के मेदांता अस्पताल में ओपन हार्ट सर्जरी हुई थी। स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने मीडिया से बातचीत में बताया कि सुबह करीब 10 बजे हफीजुल हसन को सांस लेने में कठिनाई हुई। उन्हें अत्यधिक पसीना आ रहा था। इसके बाद उन्हें तुरंत पारस अस्पताल लाकर भर्ती किया गया। डॉक्टरों की प्रारंभिक जांच रिपोर्ट में हृदय से जुड़ी कोई गंभीर समस्या सामने नहीं आई है। उनका सीटी स्कैन किया गया है, जिसमें फेफड़ों में हल्का संक्रमण और निमोनिया जैसे लक्षण पाए गए हैं। अंसारी ने बताया कि हाल ही में हुए हार्ट ऑपरेशन को देखते हुए डॉक्टरों ने एहतियातन विशेष निगरानी में रखा है। उन्होंने कहा, “स्थिति अब पूरी तरह नियंत्रण में है। यह फूड एलर्जी और फेफड़ों में इंफेक्शन से जुड़ा मामला है। घबराने की कोई बात नहीं है, मंत्री जी खतरे से बाहर हैं और जल्द स्वस्थ हो जाएंगे।” अस्पताल परिसर में हफीजुल हसन के समर्थक और कार्यकर्ता भी बड़ी संख्या में जुटे हुए हैं। सभी उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना कर रहे हैं।

### जन धन योजना के 11 साल पूरे : पीएम मोदी बोले
# लोगों को अपना भाग्य खुद लिखने की शक्ति मिली

नई दिल्ली (आईएएनएस)



28 अगस्त 2014 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लॉन्च की थी

11 साल पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को यह वादा दिया था कि कोई भी गरीब परिवार बैंकिंग की दुनिया से बाहर नहीं रहेगा। इसी दिशा में ‘जन धन’ योजना (पीएमजेडीवाई) के रूप में एक परिवर्तनकारी पहल की शुरुआत हुई। यह योजना भारत के वित्तीय क्षेत्र में एक बड़ा बदलाव लेकर आई। ‘जन धन’ योजना की 11वीं वर्षगांठ पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि ‘जन धन’ योजना ने लोगों को अपना भाग्य खुद लिखने की शक्ति दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि पीएमजेडीवाई ने वित्तीय समावेशन को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाकर लोगों को गौरवान्वित किया है। ‘माय गवर्नमेंट इंडिया’ की ओर से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ‘एक्स’ पर किए गए एक पोस्ट का जवाब देते हुए पीएम मोदी ने लिखा, “जब अंतिम व्यक्ति वित्तीय रूप से जुड़ा होता है, तो पूरा देश एक साथ आगे बढ़ता है। प्रधानमंत्री जनधन योजना ने ठीक यही हासिल किया। इसने सम्मान बढ़ाया और लोगों को अपना भाग्य खुद लिखने की शक्ति दी।

प्रधानमंत्री मोदी ने 28 अगस्त 2014 को ‘जन धन’ योजना की शुरुआत की थी, जो दुनिया की सबसे बड़ी वित्तीय समावेशन पहल साबित हुई। इससे गरीब और वंचित लोगों की बैंकिंग सुविधाओं तक पहुंच सुनिश्चित हुई। वित्त मंत्रालय के अनुसार, 13 अगस्त 2025 तक देशभर में 56.16 करोड़ पीएमजेडीवाई खाते खुले। इसमें 55.7 प्रतिशत (31.31 करोड़) जन-धन खाताधारक महिलाएं हैं, जबकि 66.7 प्रतिशत (37.48 करोड़) जन-धन खाते ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में हैं। यही नहीं, ‘जन धन’ योजना (पीएमजेडीवाई) खातों में कुल जमा राशि 2,67,756 करोड़ रुपए तक पहुंच चुकी है। जहां खातों की संख्या तीन गुना बढ़ी, वहीं कुल जमा राशि में लगभग 12 गुना वृद्धि हुई है। वित्त मंत्रालय के अनुसार, 13 अगस्त 2025 तक प्रति खाता औसत जमा राशि 4,768 रुपए है। अगस्त 2015 की तुलना में प्रति खाता औसत जमा राशि में 3.7 गुना वृद्धि हुई।

शेष पेज 11 पर

## मंत्रियों को बम से उड़ाने की धमकी देने वाले मामले में 1 युवक गिरफ्तार



**गिरिडीह ।** नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू और स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी को बम से उड़ाने की धमकी दिये जाने संबंधी वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद गिरिडीह पुलिस सक्रिय हुई और युवक को गिरफ्तार कर लिया। गिरिडीह के पुलिस अधीक्षक डॉ विमल कुमार ने गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि युवक को बिहार से गिरफ्तार किया गया है।

शेष पेज 11 पर

# धनबाद में पूजा करने गईं 5 बच्चियां नदी में डूबीं, 1 की मौत, 1 लापता

नवीन मेल संवाददाता



**धनबाद।** धनबाद में दामोदर नदी में पांच बच्चियों के डूबने की दर्दनाक खबर सामने आई है। हादसे में एक बच्ची की जान चली गई है। तीन बच्चियों को बचा लिया गया है, जबकि एक अभी भी लापता है। वहीं एक लापता है। यह घटना झरिया के सुदामडीह थाना क्षेत्र के दामोदर नदी में हुई है। जानकारी के मुताबिक बच्चियां दामोदर नदी के बाई क्वार्टर स्थित छठ घाट पर पूजा की डाली लेकर स्नान करने गई थीं। अचानक नदी के तेज बहाव में बह गईं। बच्चियों के बहने की खबर मिलते ही घाट पर अफरा-तफरी मच गई। लोगों ने शोर मचाकर लोगों को बुलाया और बच्चियों को बचाने के लिए आसपास मौजूद मछुआरे तुरंत नदी में कूद पड़े। आनन-फानन में की गई कार्रवाई से तीन बच्चियों को तुरंत बचा लिया गया। हालांकि दो बच्चियां तेज बहाव में बह गईं।

**इंडिया**
# अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाते खिलाड़ी भविष्य को लेकर चिंतित

एक समय था जब रांची शहर का परिचय देने पर लोग करांची समझते थे पर जमशेदपुर को टाटा कंपनी के कारण जानते थे और आज धोनी के कारण रांची और झारखंड कि वैश्विक पहचान बनी है। बांस की स्टिक से खेलकर भी झारखंड खेलों की नर्सरी रही है जिसने अनेक अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों से इसकी पहचान बदली है जयपाल सिंह हॉकी टीम के कप्तान थे और 1928 के एम्स्टर्डम ओलंपिक खेलों में भारत ने पहला स्वर्ण पदक जीता था। महेंद्र सिंह धोनी जो भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान और भारत के अब तक के सर्वश्रेष्ठ विकेटकीपर बल्लेबाज हैं और जिन्होंने 2 अप्रैल 2011 को भारतीय क्रिकेट टीम को आइसीसी क्रिकेट विश्व कप का गौरव दिलाया, जिससे पूर्व भारतीय कप्तान कपिल देव द्वारा 1983 में इंग्लैंड के लॉर्ड्स में हासिल की गई उपलब्धि को दोहराने में 28 साल लग गए थे। झारखंड के एक और उभरते हुए क्रिकेटर हैं वरुण आरोन, भारत के सबसे तेज गेंदबाज इनके अलावा ओलंपियन परिवार वाले विमल लकड़ा की बहन अशुंता लकड़ा भारतीय महिला हॉकी की कप्तान थीं। झारखंड के खूंटी जिले के हेसेल गांव ने दिए 26 राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय और स्टेट लेवल के खिलाड़ी जहां की हैं दो बार की ओलंपियन निक्की प्रधान। उन्हें जयपाल सिंह मुंडा (1928), माइकल किंडो (1972), सिल्वेनस डुंगडुंग (1980), अजीत लकड़ा (1992) और मनोहर टोपनो (1984) के समकक्ष बताया जाता है । सलीमा टेटे ने टोक्यो ओलंपिक खेलों में मिडफ़ील्ड में अपनी तेज़ी से सभी को प्रभावित किया। दीपिका कुमारी तीरंदाजी में प्रतिस्पर्धा करने वाली एक युवा एथलीट हैं। उन्होंने 2010 के राष्ट्रमंडल खेलों में महिला व्यक्तिगत रिकर्व स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था। उन्होंने 2010 के राष्ट्रमंडल खेलों में महिला व्यक्तिगत रिकर्व स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। विश्व में दूसरे स्थान पर हैं। प्रेमलता अग्रवाल 48 वर्ष की आयु में दुनिया की सात सबसे ऊँची पर चढ़ने वाली पहली भारतीय महिला हैं। लक्ष्मी पाडिया 9वीं सीनियर महिला राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप रहीं। कॉमन वेल्थ मेडलिस्ट रूपा रानी तिर्की और लवली चौबे के शानदार खेल की बदौलत एशियाई लॉन बॉल चैंपियनशिप में भारत को स्वर्ण पदक दिलाया था । झारखंड में खेल और खिलाड़ियों को बढ़ावा देने के लिए सरकार करोड़ों खर्च कर रही है। इसके बावजूद कई खेलों में खिलाड़ियों का प्रदर्शन जीरो है। उन खेलों को सरकार की ओर से अच्छा खासा अनुदान मिलता है। फुटबॉल, हॉकी (पुरुष), एथलेटिक्स जैसे खेलों पर सरकार सालाना लाखों खर्च कर रही है। पर इनमें प्रदर्शन लगभग शून्य है। कुछ खेलों को छोड़ दें, तो ज्यादातर खेलों में खिलाड़ी नेशनल गेम्स में भी मेडल नहीं दिला पा रहे हैं। राज्य में महिला हॉकी की स्थिति कुछ हद तक ठीक है, लेकिन राष्ट्रीय स्तर पर पुरुष हॉकी की भागीदारी नगण्य है। यही हाल फुटबॉल का भी है। राज्य को उन खेलों में मेडल मिल रहे हैं, जिनमें सरकार की कोई भागीदारी नहीं है। लॉन बॉल, तीरंदाजी, वुशु, मॉडर्न पेंटाथलॉन जैसे खेलों को सरकार अनुदान नहीं देती पर इन खेलों में प्रदर्शन अन्य खेलों की अपेक्षा बेहतर है। सरकार द्वारा खेल सेंटरों व खिलाड़ियों को तैयार करने में किये जा रहे खर्च पर सरकार सालाना 20.39 करोड़ रु खर्च कर रही है। पूरे राज्य में 108 डे-बोर्डिंग सेंटर हैं, जहां कुल 2700 खिलाड़ी हैं। प्रत्येक खिलाड़ी को सरकार की तरफ से 6000 रुपये वार्षिक छात्रवृत्ति दी जाती है। पर खेलों को करियर बनाने से खिलाड़ी हिचकते हैं क्योंकि अनेक खिलाड़ियों को मजबूरी में पूर्व में मजदूरी तक करनी पड़ी इस दिशा में ध्यान देने की जरुरत है। झारखंड को अलग राज्य बने 25 साल हो चुके हैं, लेकिन इस अवधि में केवल 44 खिलाड़ियों को ही सरकारी नौकरी मिली है, जिनमें से अधिकांश को सिपाही जैसे निचले पदों पर नियुक्त किया गया। कुछ बड़े खिलाड़ियों को रेलवे, एयर इंडिया,पुलिस के अलावा अन्य विभागों में अच्छे पद मिले हैं पर संख्या गिनती की है ।



**सुनील बादल**
कार्यकारी संपादक




### जन्मदिन की खुशियां मातम में बदली
## पालघर में इमारत ढही, 15 मरे



एजेंसी । पालघर

महाराष्ट्र के पालघर जिले के विरार में इमारत ढहने की घटना में मरने वालों की संख्या बढ़कर 15 हो गई है, क्योंकि बचाव दल ने बुधवार और गुरुवार की दरम्यानी रात तीन और शव बरामद किए हैं। उन्होंने बताया कि लगभग 50 फ्लैटों वाली यह अनधिकृत चार मंजिला इमारत बुधवार रात 12.05 बजे विरार इलाके के विजय नगर में एक खाली पड़े मकान पर गिर गई। अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि लगभग 50 फ्लैट वाली यह अनधिकृत चार मंजिला इमारत मंगलवार रात 12 बजकर पांच मिनट पर विरार इलाके के विजय नगर में एक खाली पड़े मकान पर गिर गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, चौथी मंजिल पर एक साल की बच्ची का जन्मदिन मनाया जा रहा था

शेष पेज 11 पर

### दुर्घटना में दिवंगत हुए तीन कर्मियों के परिजनों को सीएम ने दिया चेक

# राज्य सरकार दिवंगत कर्मियों के परिजनों के साथ सदैव खड़ी रहेगी : सीएम हेमंत सोरेन

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन गुरुवार को झारखंड विधान सभा में विभिन्न दुर्घटना में दिवंगत हुए राज्य सरकार के तीन कर्मी कांस्टेबल स्व. अजीत कुमार (जिला पुलिस बल गुमला), आरक्षी स्व. अनिल कुमार झा (जिला पुलिस बल सरायकेला) एवं शिक्षक स्व. सुशील कुमार मरांडी (राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित) जिला जामताड़ा के परिजनों को एक-एक करोड़ रुपए की राशि का चेक सौंपा। मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार में सेवारत वैसे कर्मी जो सेवा में रहते हुए किसी भी दुर्घटना में दिवंगत हुए हैं उनके परिजनों के साथ हमारी सरकार सदैव खड़ी है। दिवंगत कर्मियों के परिजनों को ससम्मान उनका पूरा हक-अधिकार देने का कार्य किया जा रहा है, इसी कड़ी में आज राज्य सरकार के तीन दिवंगत कर्मियों के आश्रितों को 1-1 करोड़ रुपए की राशि का चेक सम्मानपूर्वक प्रदान किया गया है।

### दिवंगत कर्मियों के आश्रितों ने मुख्यमंत्री के प्रति जताया आभार

मौके पर दिवंगत कर्मियों के परिजनों ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रति तहे दिल से आभार व्यक्त किया। दिवंगत कर्मियों के आश्रितों ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे कार्य सराहनीय है। मुख्यमंत्री को आज हम सभी आश्रित परिजन धन्यवाद देते हैं। राज्य सरकार के प्रयास से आज स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया की विशेष बीमा कवरेज योजना के अंतर्गत हम सभी आश्रित परिजनों को एक-एक करोड़ रुपए राशि का आकस्मिक लाभ प्रदान किया गया है। इस राशि के प्राप्त होने से परिवार का भरण-पोषण एवं बच्चों की पढ़ाई में काफी मदद मिलेगी।



**इस अवसर** पर मंत्री राधा कृष्ण किशोर, मंत्री डॉ इरफान अंसारी, स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया की ओर से झारखंड के हेड एवं महाप्रबंधक विवेक चंद्र जायसवाल, उप महाप्रबंधक प्रशासनिक कार्यालय रांची मनोज कुमार तथा मुख्य प्रबंधक विकास कुमार पांडे सहित अन्य उपस्थित रहे।

# 130 वें संविधान संशोधन से सरकार में भय : डॉ सूरज मंडल

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** पूर्व सांसद व भाजपा नेता डॉ. सूरज मंडल ने कहा है कि संसद में प्रस्तुत 130 वां संविधान संशोधन विधेयक, नगड़ी में प्रस्तावित रिम्स-टू और सूर्या हांसदा एनकाउंटर मामले में झारखंड सरकार और इसके लोग पूरी तरीके से एक्सपोज हो चुके हैं. डॉ. मंडल ने कहा कि यह महज संयोग है कि यह तीनों वैसा महत्वपूर्ण मामला बन चुका है जिसमें आम जनता न केवल मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनके मंत्रियों बल्कि सत्तारूढ गठबंधन के विधायकों एवं तथाकथित जिम्मेदार सरकारी अधिकारियों को भी बहुत बेहतर तरीके से समझ रही है। डॉ. मंडल ने कहा कि संसद में प्रस्तुत 130 वें संविधान संशोधन विधेयक में इस बात का प्रावधान है कि यदि प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री या कोई भी मंत्री जेल चला जाता है और 30 दिन तक उसकी जमानत नहीं होती है तो 31 वें दिन वह स्वतः अपने पद पर नहीं रहेगा. लेकिन अब यह समझने वाली बात है कि आखिर इससे दर्द या तकलीफ किसे हो रही है और आम जनता इन सभी बातों को अच्छी तरीके से समझ रही है. वरिष्ठ भाजपा नेता ने कहा कि झारखंड के परिप्रेक्ष्य में यह स्पष्ट हो गया है कि यहां के अनेक मंत्री और सत्तारूढ गठबंधन के विधायकों की गतिविधियां आपराधिक है। वैसे लोगों को अपने भविष्य की चिंता सताने लगी है।



डॉ. मंडल ने कहा कि सूर्या हांसदा के मामले में भी सरकार मामले की लीपापोती करने में लगी है। वहीं नगड़ी में खेती योग्य रैयतों की भूमि पर निर्माणाधीन रिम्स-टू के निर्माण के मामले में भी सरकार और सत्तारूढ दलों के अंदर ही अंतर्कलह है और यह बात सामने आ चुकी है. डॉ. मंडल ने कहा कि वे भी झारखण्ड के तेजी से विकास के पक्षधर हैं पर वह विकास जनता या रैयतों के अधिकार की कीमत पर किसी भी हाल में नहीं होना चाहिए।

## विनय चौबे की बेल पर एसीबी कोर्ट में अब 6 सितंबर को सुनवाई

**रांची/हजारीबाग।** हजारीबाग डीसी रहते हुए सेवायत भूमि घोटाला करने के आरोपी निलंबित आईएएस विनय चौबे की जमानत याचिका पर हजारीबाग एसीबी कोर्ट में सुनवाई हुई। गुरुवार की सुनवाई के दौरान एसीबी की ओर से केस डायरी पेश नहीं करने के कारण अगली सुनवाई के लिए 6 सितंबर की तारीख निर्धारित की है। विनय चौबे की ओर से अधिवक्ता शंकर बनर्जी ने बहस की। एसीबी की ओर से विशेष लोक अभियोजक ने पक्ष रखा। विनय चौबे ने जिस मामले में हजारीबाग एसीबी कोर्ट से बेल मांगी है, उस मामले में इसी महीने प्राथमिकी दर्ज की गई थी। इससे पहले विनय चौबे झारखंड शराब घोटाला मामले में भी आरोपी बनाए गए थे, लेकिन तय समय के अंदर चार्जशीट दाखिल नहीं होने के कारण उन्हें लाभ मिला और उन्हें शराब घोटाला केस में बेल मिल गई।

## मानसिक आघात पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का संजय सेठ ने किया उद्घाटन



**रांची/नई दिल्ली।** सैन्य परिवेश में शारीरिक एवं मानसिक आघात पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन गुरुवार को नई दिल्ली स्थित मानेकशॉ सेंटर में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने किया। भारतीय सेना के तत्वावधान में चिकित्सा सेवा महानिदेशालय (सेना) द्वारा आयोजित यह दो दिवसीय सम्मेलन (28-29 अगस्त) सशस्त्र बलों में शारीरिक एवं मानसिक आघात की उभरती चुनौतियों पर विचार-विमर्श करने के लिए अग्रणी विशेषज्ञों और हितधारकों को एक साथ लाता है। इस अवसर पर डॉ. मयंक शर्मा, एफएडीएस, लेफ्टिनेंट जनरल पुष्पेंद्र पाल सिंह, उप-सेना प्रमुख सर्जन वाइस एडमिरल आरती सरीन, डीजीएएफएमएस लेफ्टिनेंट जनरल राकेश कपूर, डीसीओएस (आईएस एंड सी) लेफ्टिनेंट जनरल साधना एस. नायर, डीजीएमएस (सेना) और लेफ्टिनेंट जनरल वीएमबी कृष्णन, क्यूएमजी शामिल थे।

## फूलदेव उरांव मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब वाईबीएन पतरातु ने जीता

**रांची/चंदवा।** चंदवा प्रखंड के जमीरा गांव में गुरुवार को स्वर्गीय फुलदेव उरांव मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल संपन्न हुआ। फाइनल में एक तरफा मुकाबले में वाई बी एन पतरातु की टीम ने डीएफसी डूमरटोली को 4- 0 से पराजित किया। तीसरे स्थान पर नवा बांध, बरियातू की टीम रही।चौथा स्थान अंशी कायरो को मिला। बालिका वर्ग में गुमला की टीम विजेता रही जबकि उपविजेता देवी मंडप महुआ मिलान की टीम रही। विजेता टीम को ट्रॉफी मुख्य अतिथि प्रतुल शाहदेव और आशीष कुमार सिंह ने प्रदान किया। प्रतुल शाह देव ने ऐसे आयोजन की भूरी भूरी प्रशंसा करते हुए कहा कि इससे इस इस आदिवासी बहुल पिछड़े क्षेत्र में खेल को बढ़ावा मिलता है।

### झूठ फैला कर छात्रों को किया जा रहा है गुमराह

# छात्र प्रतिनिधियों का चुनाव नियमित छात्र करेंगे : डॉ तनुज

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय सदस्य डॉ. तनुज ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि भाजपा समर्थित छात्र संगठन बिना पढ़े-समझे ऐतिहासिक झारखंड राज्य विश्वविद्यालय विधेयक, 2025 का विरोध कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह भाजपा और उसके संगठनों की पुरानी आदत रही है कि किसी भी जनहितकारी और छात्र हितकारी कदम का बिना सार समझे विरोध किया जाए और झूठ फैलाकर छात्रों को गुमराह किया जाए। उन्होंने विधेयक के प्रावधान का उल्लेख करते हुए कहा कि छात्र प्रतिनिधियों का चुनाव नियमित छात्र करेंगे। विधेयक के सेक्शन 75, पृष्ठ 73, संख्या 2 में साफ-साफ लिखा है कि छात्र संघ के अध्यक्ष और सचिव का चुनाव केवल नियमित (रेगुलर) छात्र ही करेंगे। यह पहले भी होता आया है। लेकिन इस बार हेमंत सरकार ने ऐतिहासिक कदम उठाते हुए दो बड़े प्रावधान जोड़े हैं : एक महिला प्रतिनिधि का अनिवार्य रूप से चुनाव होगा।



एसटी, एससी, पीवीटीजी या ओबीसी वर्ग से एक प्रतिनिधि का होना अनिवार्य होगा। डॉ. तनुज ने कहा कि सामाजिक न्याय और समावेशिता की दिशा में क्रांतिकारी पहल की गई है। यह झारखंड की छात्र राजनीति में समान प्रतिनिधित्व और सामाजिक न्याय सुनिश्चित करने वाला कदम है। इससे हर वर्ग और समुदाय के छात्रों की आवाज छात्र संघ तक पहुंचेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा का असली डर राजभवन की शक्तियां सीमित होने से संबंधित है। भाजपा और उसके छात्र संगठन दरअसल छात्र संघ चुनाव को लेकर चिंतित नहीं हैं।

## सूर्या हांसदाः आजसू के आवेदन पर मानवाधिकार आयोग में मामला दर्ज



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** सूर्या हांसदा के कथित एनकाउंटर का मामला मानवाधिकार आयोग दिल्ली पहुंच गया है। आयोग ने इस मामले में केस दर्ज कर लिया है। आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव संजय मेहता के विस्तृत आवेदन पर आयोग ने केस दर्ज किया है। आजसू पार्टी ने घटना के बाद लगातार 10 दिनों तक तथ्यों और सूचनाओं को एकत्रित किया। इसके बाद आयोग को विस्तृत तौर पर पार्टी के द्वारा एक शिकायत पत्र लिखा गया। 21 अगस्त को आजसू पार्टी ने मानवाधिकार आयोग को पत्र लिखकर इस मामले की जांच करने का निवेदन किया।

आयोग ने आवेदन प्राप्त होने के बाद 27 अगस्त को इस मामले में केस संख्या 1031/34/9/2025 के तहत मामला दर्ज कर लिया है। आयोग ने मामले की जांच प्रारंभ कर दी है। संजय मेहता ने बताया कि सूर्या हांसदा के मौत का मामला मानवाधिकार के हनन का मामला है। हर व्यक्ति को कानून के समक्ष अपने पक्ष को रखने का अधिकार है। सूर्या हांसदा चार बार चुनाव लड़ चुके थे। वे मुख्यधारा के व्यक्ति थे। सजा देने का अधिकार कोर्ट को है। सूर्या हांसदा किसी मामले में कोर्ट द्वारा फ़रार घोषित थे ऐसा भी नहीं था। कथित पुलिस एनकाउंटर में सूर्या हाँसदा की मौत ने पुलिस की कारवाई पर बड़े सवाल खड़े किए हैं। पुलिस प्रशासन को इसका स्पष्ट और सही कारण बताना होगा। इस घटना के बाद से परिजनों ने जो आरोप पुलिस पर लगाए हैं उसका जवाब भी पुलिस को देना चाहिए।

आजसू पार्टी ने साफ़ तौर पर कहा है की इस मामले की निष्पक्ष जाँच होनी चाहिए और सच सबके सामने आना चाहिए।

### आदिवासियों पर दमन कर रही है सरकार : संजय मेहता

संजय मेहता ने कहा की आयोग से इसकी शिकायत बेहद आवश्यक थी। झारखंड में लगातार आदिवासियों पर जुल्म किए जा रहे हैं । फर्जी मुकदमे और एनकाउंटर के माध्यम से आदिवासियों पर दमन किया जा रहा है। पुलिस और माफियाओं के गठजोड़ से राज्य में पुलिस की छवि खराब हुई है। पुलिस अपनी रॉबिनहूड की छवि बनाने के नाम पर फर्जी एनकाउंटर कर रही है। राज्य की जनता में पुलिस की क्रूरता पूर्ण कार्रवाई से बड़ा आक्रोश पनपा है। आजसू सच और न्याय की लड़ाई में हमेशा पीड़ित पक्षों के साथ खड़ा रहेगा।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकार न्याय दिलाने के लिए है तत्पर : राजेश सिन्हा

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** कांके प्रखंड के मनातू पंचायत भवन में बुधवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार रांची द्वारा नालसा योजना 'संवाद व जागृति पर जमीनी स्तर पर सूचना और पारदर्शिता के लिए न्याय जागरूकता पहल कार्यक्रम के तहत् कांके, मनातू पंचायत सचिवालय में जागरूकता अभियान हुआ। जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एलएडीसी सहायक, अधिवक्ता राजेश सिन्हा, अधिवक्ता पंकज शर्मा, अधिवक्ता पूनम प्रभा कच्छप, अधिवक्ता मेडलिन तिर्की एवं पीलवी जमील अख्तर, आमिर सुहैल, देवंती कुमारी, बबीता कुमारी,भानु देवी, मासिरा खातून, मालती देवी, सरिता कुमारी, राजा वर्मा एवं पंचायत भवन के मुखिया एवं पंचायत सचिव उपस्थित थे।



मौके पर अधिवक्ता राजेश सिन्हा ने संविधान के अनुच्छेद 14,15 और 21 के बारे में लोगों को जागरूक किया तथा संविधान के अनुच्छेद 39ए के तहत सभी नागरिकों को विधिक सहायता दिए जाने के संबंध में गरीब, बेसहारा, जरूरतमंद लोगों को जानकारी दिए। उन्होंने यह भी कहा कि वैसे व्यक्ति जो अपने बातों को न्यायालय में नहीं रख पाते हैं या न्याय पाने से वंचित रह जाते है, उनके लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार हमेशा सेवारत है।

# ब्लैक स्पॉट पर दुर्घटना रोकने के उपाय करें : एडीजी

- एडीजी अभियान ने की उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक
- झारखंड पुलिस का सड़क सुरक्षा पर खास फोकस

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में सड़क दुर्घटनाओं पर लगाम लगाने के लिए गुरुवार को एडीजी अभियान टी कंदसामी ने एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की। इसमें पुलिस के आला अधिकारियों के साथ-साथ सड़क निर्माण से जुड़ी सरकारी एजेंसियां, सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण और एनएच विंग के अधिकारी भी शामिल हुए। बैठक का मुख्य उद्देश्य राज्य में लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए एक ठोस रणनीति तैयार करना था। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए हुई इस बैठक में सभी क्षेत्रीय आईजी, डीआईजी और जिलों के एसपी शामिल हुए।



एडीजी कंदसामी ने 2024 और 2025 (जनवरी से जुलाई तक) की सड़क दुर्घटनाओं के आंकड़ों की तुलनात्मक समीक्षा की। उन्होंने खास तौर पर ब्लैक स्पॉट (दुर्घटना बहुल क्षेत्र) पर फोकस किया और निर्देश दिया कि इन जगहों पर दुर्घटनाओं के कारणों की गहन जांच की जाए। उन्होंने सभी जिला एसपी को इन स्थानों पर दीर्घकालिक और अल्पकालिक उपाय लागू करने का आदेश दिया। बैठक में यह भी निर्देश दिया गया कि उन जिलों पर विशेष ध्यान दिया जाए, जहां ब्लैक स्पॉट के कारण सबसे ज्यादा दुर्घटनाएं हो रही हैं। एडीजी ने एनएचआई और परिवहन मंत्रालय के अधिकारियों को भी इन ब्लैक स्पॉट पर जरूरी इंजीनियरिंग बदलाव करने को कहा, ताकि दुर्घटनाओं को रोका जा सके। यातायात नियमों के उल्लंघन पर करें सख्ती पुलिस मुख्यालय ने यातायात नियमों के उल्लंघन पर सख्ती बरतने के लिए भी कई निर्देश दिए।

इसमें ब्रेथ एनालाइजर और स्पीड गन जैसे उपकरणों का ज्यादा से ज्यादा इस्तेमाल सुनिश्चित करने को कहा गया। बिना सीट बेल्ट गाड़ी चलाने, शराब पीकर वाहन चलाने और ओवर-स्पीडिंग जैसी लापरवाही पर सख्त कानूनी कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है। दुर्घटना के बाद के प्रबंधन को भी बेहतर करें दुर्घटना के बाद के प्रबंधन को भी बेहतर बनाने पर जोर दिया गया।

अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के लिए कहा गया कि इलेक्ट्रॉनिक डिटेल एक्सीडेंट रिपोर्ट/इंटीग्रेटेड रोड एक्सीडेंट डेटाबेस में दुर्घटना से जुड़ी जानकारी समय पर और सही तरीके से भरी जाए। इससे दुर्घटना पीड़ितों को नियमानुसार मुआवजा दिलाने में मदद मिलेगी। पुलिसकर्मियों को मिले प्राथमिक चिकित्सा का प्रशिक्षण बैठक में गुड समैरिटन पॉलिसी, राहवीर योजना और हेल्पलाइन नंबर 1033 के बारे में जागरुकता फैलाने पर भी जोर दिया गया। अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे फर्स्ट एड किट का इंतजाम करें और पुलिसकर्मियों को प्राथमिक चिकित्सा का प्रशिक्षण दें।

## न्यूज बॉक्स

### सीएमपीडीआई ने एमईसी के साथ किया एमओयू



**रांची।** सीएमपीडीआई ने रांची जिले के 60 वंचित युवाओं को फ्लेबोटोमिस्ट तकनीशियन के रूप में कौशल विकास प्रशिक्षण प्रदान करने के उद्देश्य से अपने सीएसआर परियोजना शुरू करने के लए आज मनमुख एजुकेशन कंसल्टेंसी (एमईसी) के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया। सीएमपीडीआई के महाप्रबंधक (मानव संसाधन विकास) आरके महापात्रा की उपस्थिति में संस्थान के सीएसआर के नोडल अधिकारी संदीप कुमार भगत और एमईसी के अध्यक्ष मनोज कुमार झा ने इस समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। सीएसआर निधि से पोषित.23.58 लाख की परियोजना लागत वाली इस पहल का उद्देश्य अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के युवाओं को लाभान्वित करना है। चालू वित्त वर्ष के दौरान रांची स्थित मान्यता प्राप्त मनमुख प्रशिक्षण केंद्र में दो बैचों में प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। छह महीने के इस पाठ्यक्रम में पारदर्शी चयन और मूल्यांकन प्रक्रिया का पालन किया जाएगा, जिसका लक्ष्य 80 प्रतिशत सफल प्रशिक्षुओं को स्थानन (प्लेसमेंट) प्रदान करना है। यह सीएसआर पहल सतत् कौशल विकास और आजीविका सृजन के माध्यम से हाशिए पर रहने वाले वंचित समुदायों को सशक्त बनाने के लिए सीएमपीडीआई की प्रतिबद्धता की दर्शाता है।

### जमीन विवाद में आरोपी सुनीता और शंकर को कोर्ट ने नहीं दी अग्रिम जमानत

**रांची।** सिविल कोर्ट रांची के न्यायायुक्त की अदालत ने फर्जीवाड़े, साजिश रचने समेत अन्य आरोपों में आरोपी शंकर लाल गुप्ता और सुनीता कुमारी गुप्ता को अग्रिम जमानत देने से इनकार किया है। दोनों की ओर से दाखिल अग्रिम जमानत याचिका अदालत ने सुनवाई पश्चात खारिज कर दी। मामला डेली मार्केट थाना कांड संख्या 28/23 से जुड़ा है। शिकायतकर्ता रूपेश जायसवाल ने आरोप लगाया है कि कोंका मौजा स्थित 11.09 डिसमिल भूमि की खरीद के बाद आरोपियों ने कब्जा छोड़ने का दबाव बनाया और रंगदारी की मांग की। अभियोजन पक्ष ने अदालत को बताया कि आरोपी फर्जी कागजात के आधार पर जमीन का दावा कर रहे हैं और गहरी आपराधिक साजिश में शामिल हैं। वहीं, बचाव पक्ष ने इसे महज सिविल विवाद बताते हुए अग्रिम जमानत देने का आग्रह किया। अदालत ने कहा कि आरोप गंभीर प्रकृति के हैं, जिसमें जालसाजी, फर्जीवाड़ा और आपराधिक षड्यंत्र शामिल है। साथ ही जांच अभी जारी है। इन तथ्यों को देखते हुए न्यायालय ने अग्रिम जमानत देने से इंकार कर दिया और याचिका खारिज कर दी।

### शिक्षा व्यवस्था और लोकतांत्रिक परंपराओं पर हुआ है सीधा हमला : धर्मेंद्र तिवारी



**रांची।** जेडीयू के वरिष्ठ नेता धर्मेंद्र तिवारी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि राज्य विश्वविद्यालय विधेयक-2025 शिक्षा व्यवस्था और लोकतांत्रिक परंपराओं पर सीधा हमला है। उन्होंने कहा कि यह विधेयक विश्वविद्यालयों की स्वायत्तता को समाप्त कर उन्हें सरकार के नियंत्रण में लाने का प्रयास है, जो किसी भी दृष्टिकोण से स्वीकार्य नहीं है। तिवारी ने कहा कि कुलपति, परीक्षा नियंत्रक और अन्य शैक्षणिक पदों पर प्रत्यक्ष दखल देने की व्यवस्था विश्वविद्यालयों को राजनीतिक हस्तक्षेप का अड्डा बना देगी। तिवारी ने कहा कि पहले से ही जेपीएससी, जेएसएससी और जेएसी जैसी संस्थाओं की पारदर्शिता पर प्रश्नचिन्ह लगते रहे हैं और अब विश्वविद्यालयों को भी उसी राह पर ले जाया जा रहा है। यह कदम छात्रों के भविष्य और उच्च शिक्षा की गुणवत्ता दोनों के साथ खिलवाड़ है। धर्मेंद्र तिवारी ने कहा कि आज झारखंड की शिक्षा व्यवस्था में लूट-खसोट का माहौल तैयार हो रहा है। विद्यालयों और उच्च शिक्षण संस्थानों में अनियमितताओं की भरमार है, जिससे आने वाली पीढ़ियों का भविष्य अंधकारमय होता जा रहा है। उन्होंने मांग की है कि इस स्थिति पर माननीय उच्च न्यायालय स्वतः संज्ञान ले और शिक्षा को बचाने की दिशा में ठोस हस्तक्षेप करे।

तिवारी ने राज्यपाल से अपील करते हुए कहा कि इस विधेयक पर तत्काल पुनर्विचार हो और विपक्षी दलों, छात्र संगठनों तथा शिक्षाविदों से विमर्श कर ठोस शिक्षा नीति बनाई जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने इस विधेयक को लागू करने पर जोर दिया तो जनता दल यूनाइटेड राज्यव्यापी आंदोलन छेड़ेगा।

### अजरबैजान से गिरफ्तार कुख्यात मयंक सिंह से एटीएस छह दिनों तक करेगी पूछताछ



**रांची।** रामगढ़ जेल में बंद अजरबैजान से गिरफ्तार कुख्यात मयंक सिंह से झारखंड एटीएस की टीम अगले छह दिनों तक पूछताछ करेगी। बुधवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मयंक सिंह को धुर्वा स्थित एटीएस मुख्यालय लाया गया। जहां उसे विभिन्न आपराधिक मामलों से लेकर गैंग्स के हथियार से संबंधित मामलो में पूछताछ की जा रही है। मालूम हो कि अजरबैजान से झारखंड लाने के बाद मयंक सिंह को रामगढ़ जेल में न्यायिक हिरासत में रखा गया था। एनकाउंटर में मारे गए कुख्यात गैंगस्टर अमन साहू के सबसे विश्वस्त साथी मयंक को रिमांड पर लाने से न सिर्फ झारखंड पुलिस बल्कि राज्य के कई अन्य पुलिस को भी काफी फायदा मिलेगा। गैंगस्टर अमन साहू (अब मृत) के फाइनेंशियल नेटवर्क के साथ-साथ पूरे हथियार नेटवर्क को मयंक ही संभालता था। मयंक से पूछताछ के बाद जो कार्रवाई होगी उसमें अमन साहू के हथियार और फाइनेंशियल नेटवर्क दोनों को ध्वस्त करने में सहायता मिलेगी। गौरतलब है कि कुख्यात गैंगस्टर रहे अमन साहू और इंटरनेशनल गैंगस्टर्स बन चुके लॉरेंस के बेहद खास मयंक सिंह उर्फ सुनील मीणा झारखंड का ऐसा पहला अपराधी है, जिसकी गिरफ्तरी विदेश से हुई और अब उसे बाकू से प्रत्यर्पण कर भारत लाया गया है। राजस्थान का रहने वाला मयंक सिंह उर्फ सुनील मीणा बेहद कुख्यात अपराधी है।

# एनएच 75 में पंचशील नगर चौक पर बनता है तालाब

## एकमात्र राष्ट्रीय नवीन मेल ने इस मुद्दे को गंभीरता से उठाया

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

पंचशील नगर चौक जो रातू रोड एलिवेटेड कॉरिडोर रैम्प के पास की चौक है। यहां बरसात में आए दिन भारी जल जमाव होता है और एनएच 75 राजधानी से कट जाता है। स्थानीय लोग बताते हैं कि यहां तालाब बन जाता है वहीं कुछ बताते हैं कि बनहोरा नाले का बहाव इतना तेज होता है कि बाइक बह जाता है और जल जमाव की हालत यह होती है कि बड़ी वाहनें तक पार होने के बजाए पानी के बहाव कम होने का इंतजार करती है।इस मामले को केवल राष्ट्रीय नवीन मेल दैनिक समाचार-पत्र ने बड़ी प्रमुखता से लगातार उठाया है और अब प्रशासन बड़ी कारवाई की तैयारी में है। रांची उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने अपने ऑन लाइन समीक्षा बैठक में शहर के नदी, तालाब, डैम और विभीन्न जलस्त्रोतों के आसपास अतिक्रमण हटाने का आदेश जारी किया है। अपनी समीक्षा बैठक के दौरान उपायुक्त रांची ने पंचशील नगर क्षेत्र में अतिक्रमण की स्थिती की समीक्षा की उन्होंने निर्देश दिया कि जल स्त्रोतों के आसपास से अतिक्रमण हटाये जाए साथ ही सभी अंचल अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र की सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे के विरू त्वरित कारवाई करने का निर्देश दिया है।




## एनएच 75 में भारी जल-जमाव से त्रस्त लोगों ने सुनाई आप बीती

### बाढ़ के पानी में गिर गया काफी चोट लगी : अकीलउद्दीन



पंडरा निवासी अकीलउद्दीन शेख ने बताया कि 2017 में बाइक से गुजर रहा था,अचानक पानी कमर से ऊपर आ गई और उस बाढ़ के पानी में गिर गया काफी चोट लगी वहीं बाइक बहने से किसी तरह बचाया।

### एंबुलेंस ने अस्पताल ले जाने से किया मना : शंकर



चटकपुर निवासी शंकर ठाकुर ने बताया कि पंचशील नगर चौक में पिछले कई वर्षों से भारी जल जमाव हो रहा है। पंडरा से पिस्का मोड़ रूट बंद हो जाता है और वाहनों की कतारें लग जाती है। डेढ़ महीने पहले चटकपुर में कमर टूटे मरीज ने किसी तरह छोटी एंबुलेंस से संपर्क सधा तो जल जमाव के कारण अस्पताल जाने से साफ इंकार कर दिया कहा वैन डूब जाएगी।

### बाढ़ आने पर घंटों रूकना पड़ता है : पूनम



पंडरा निवासी पूनम बानो ने बताया कि पंचशील नगर चौक में भारी जल जमाव होता है। पिस्का चौक से पंडरा आने जाने के क्रम में कई बार पानी के तेज बहाव में ऑटो- टुकटुक आगे जाने से मना कर देते हैं घंटो बाद जब पानी कम होता है तब ही आगे बढ़ा जा सकता है। वहीं बच्चों को स्कूल लाने पहुंचाने में डर लगता है।

## पंचशील नगर चौक के दोनों तरफ बसे लोगों ने सुनाई आप-बीती

### सैकड़ों लोगों के घरों में पिछले 3 माह से घुसा है पानी : गुणाधार



शांति नगर निवासी गुणाधार पांडेय ने बताया कि यहां सड़कों के उपर चार फीट तक पानी भर जाता है और सैकड़ों लोगों के घरों में पिछले तीन महीने से पानी घुस रहा है। ऑफिस जाने के लिए कपड़े जूते हाथ में लेकर दूसरे जगह जाकर बदलना पड़ता है। फ्रूट्स, वेजिटेबल, मेडिसिन, मिल्क, अखबार बंद हो जाता है। बच्चे स्कूल जाने के लिए जूते मोजे हाथ में लेकर जाते हैं। सीनियर सिटीजन को अचानक मेडिकल की जरूरत होने पर बात जान पर भी बन आती है और मेडिकल सुविधा नहीं मिल पाता है।

### रांची नगर निगम ने शुरू में कार्रवाई नहीं की : प्रशांत



प्रशांत गौतम ने कहा कि नाले के अतिक्रमण की जब शुरुआत हुई थी उसी समय से स्थानीय लोगों ने विरोध किया था। हमलोगों ने नगर निगम को कई बार अतिक्रमण होने की लिखित सूचना दी मगर कारवाई का नाम लेकर मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया। सैकड़ों आवदेन नगर निगम को लिखे मगर कानों में जू तक नहीं रेंगी। बरसात में जब भारी जल जमाव होता है और राजधानी एनएच 75 से कट जाता है व्यापारी, मरीज,विद्यार्थी, नौकरी पेशा और अन्य की परेशानी का अंदाजा लगाना भी बेहद कष्टप्रद प्रतीत होता है।

### पानी से एनएच 75 ठहर जाता है : अविनाश



अविनाश कुमार ने बताया कि पंचशील नगर चौक में नाले की जमीन का अतिक्रमण हुआ है, कई पक्की संरचना खड़ी होने के कारण बनहोरा नाले का पानी पीछे लौट जाता है और राधा नगर, शांति नगर के सड़कों पर बहता पांच फीट गंदा पानी अनेकों लोगों के घरों में घुसता है। वहीं एनएच 75 जाम हो जाता है और लोहरदगा, डालटेनगंज रूट कट जाता है और इधर से आनी वाली एम्बुलेंस पानी में फंस जाती है।

### प्रशासन पब्लिक को परेशानी में डाल देती है : कुमुद



कुमुद झा ने कहा कि आज सभी विभागों में भ्रष्टाचार,घूसखोरी का बोलबाला हो गया है,जनता त्रस्त प्रशासन मस्त है। प्रशासन बिना स्थल देखे म्यूटेशन और नक्शा पास कर पब्लिक को परेशानी में डाल देती है। प्रशाशन को नदी नालों का सरक्षंण एवं सौंदर्यीकरण करके बचाना चाहिए और जल संरक्षण के साथ साथ बरसाती पानी का बहाव भी सुनिश्चित करना चाहिए।

### जमीन में पानी घुसता है कैसे बनेगा मकान-दुकान : उदय



राधा नगर निवासी उदय साहू ने बताया कि मेरी जमीन में पानी घुसता है इस पर मकान-दुकान कैसे बनाएं। संरचना खड़ी करने पर पानी घुसेगी तो भारी परेशानी उठानी पड़ेगी।

### 17 जून से मेरे घर के अंदर पानी भरा है : निरंजन



शांति नगर निवासी निरंजन कुमार पांडे बताते है कि पिछले 17जून से मेरे घर के अंदर पानी भरा हुआ है,कहीं आना जाना आफत है।

## अबुआ साथी बना लोगों का भरोसेमंद साथी

# जनता को समय पर सेवा उपलब्ध कराना प्राथमिकता : उपायुक्त

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



जिला प्रशासन द्वारा आमजनों की शिकायतों के निष्पादन हेतु जारी "अबुआ साथी" (व्हाट्सएप नंबर-9430328080) का लाभ लगातार लोगों तक पहुंच रहा है। शिकायत दर्ज करने के बाद त्वरित समाधान मिलने पर लाभुकों ने प्रशासन के प्रति आभार जताते हुए कहा "थैंकयू अबुआ साथी"।

अबुआ साथी अब और भी यूजर फ्रेंडली

उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी के मार्गदर्शन में अबुआ साथी को और भी यूजर फ्रेंडली बनाया गया है। चौट बॉट आधारित इस सुविधा के माध्यम से आमजन अपनी शिकायतें आसानी से दर्ज कर सकते हैं तथा उनका त्वरित समाधान प्राप्त कर सकते हैं। उपायुक्त श्री मंजूनाथ भजन्त्री के निदेशानुसार अबुआ साथी पर प्राप्त शिकायतों की 24 घंटे मॉनिटरिंग की जाती है, प्राप्त शिकायतों को संबंधित विभाग अग्रसारित कर समाधान सुनिश्चित किया जाता है। उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी मंजूनाथ भजन्त्री ने कहा कि जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता आम जनता को समय पर सेवा उपलब्ध कराना है। अबुआ साथी के माध्यम से लोगों को उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान मिल रहा है। हमारा उद्देश्य यही है कि किसी को भी बेवजह दफ्तर का चक्कर न लगाना पड़े और शिकायतें पारदर्शी तरीके से सुलझें। उन्होंने सभी अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया है कि शिकायतों का निपटारा समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण तरीके से किया जाए ताकि आमजन का प्रशासन पर भरोसा और मजबूत हो सके।

# जिला प्रशासन का उद्देश्य पारदर्शी राजस्व सेवा उपलब्ध कराना : डीसी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री की अध्यक्षता में गुरुवार को को राजस्व कार्यों से संबंधित महत्वपूर्ण ऑनलाइन बैठक आयोजित की गई। बैठक में राजस्व कार्यों के निष्पादन, परिशोधन पोर्टल के माध्यम से शिविर में प्राप्त आवेदनों के निस्तारण तथा प्रमाण-पत्र वितरण की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने 01 अगस्त से 10 अगस्त 2025 तक परिशोधन पोर्टल के माध्यम से पंजी-2 में सुधार हेतु प्राप्त आवेदनों का शिविरों के माध्यम से निष्पादन की समीक्षा की गयी। उन्होंने सभी अंचल अधिकारियों को निर्देश दिया कि दिनांक 30 अगस्त 2025 को शिविर का आयोजन कर निष्पादित मामलों के आवेदकों को प्रमाण-पत्र वितरित करें। बैठक में उपायुक्त ने 90 दिनों से अधिक आपत्ति सहित दाखिल-खारिज वादों एवं 30 दिनों से अधिक आपत्ति रहित दाखिल-खारिज वादों की भी विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को लंबित वादों का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने कहा कि जिला प्रशासन का उद्देश्य पारदर्शी, त्वरित एवं सुगम राजस्व सेवा उपलब्ध कराना है। सभी अधिकारी अपने-अपने स्तर पर निर्धारित समयसीमा के भीतर कार्यों का निष्पादन करें और आमजनों को सुविधा प्रदान करें। बैठक में अपर समाहर्ता, रांची, सभी प्रखण्डों के जिलास्तरीय वरीय पदाधिकारी, उप समाहर्त्ता भूमि सुधार, सदर/बुंडू, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी एवं जिला के सभी अंचल अधिकारी उपस्थित थे।

## नक्शा विचलन मामले में लेवी रेस्टोरेंट सील



**रांची।** रांची नगर निगम ने करमटोली चौक स्थित लेवी रेस्टोरेंट को नक्शा विचलन मामले में तत्काल प्रभाव से सील कर दिया गया।नगर निगम की टीम द्वारा भवन का पूर्व में जांच किया गया था, जिसमें यह पाया गया कि भवन निर्माण अनुमोदित नक्शा एवं उप नियमों के विरुद्ध है।उप नियमों के सभी मुख्य बिन्दुओं पर 100% विचलन पाया गया।

झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND

राष्ट्रीय खेल दिवस एवं
महान हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद जी
की जयंती के शुभ अवसर पर 29 से 31 अगस्त 2025
तक पूरे राज्य में विभिन्न खेल
कार्यक्रमों का आयोजन

तीन दिवसीय कार्यक्रम में ये है ख़ास
- प्रखण्ड, जिला एवं राज्य मुख्यालय तक बृहत कार्यक्रम
- राज्य के 1100 खिलाड़ियों सहित लगभग 200 तकनीकी पदाधिकारियों एवं स्वयंसेवक लेंगे भाग
- शिक्षा विभाग (JEPC) के विद्यार्थियों के द्वारा Debates, Painting, Fitness talks इत्यादि
- सभी जिलों में परम्परागत खेल जैसे: गुलेल, सेकोर, गेंड़ी-दौड़ इत्यादि खेलों का आयोजन
- राज्य के 305 पदक विजेता खिलाड़ियों को CASH AWARD स्वरूप ₹2.26 करोड़, कुल 39 प्रशिक्षकों के बीच लगभग ₹40 लाख तथा खिलाड़ी कल्याण कोष से भी 04 खिलाड़ियों को कुल ₹3.59 लाख
- लगभग 2.70 करोड़ की सहायता राशि का वितरण

श्री सुदिव्य कुमार
माननीय मंत्री, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवाकार्य विभाग द्वारा

समारोह का उद्घाटन

दिनांक: 29 अगस्त 2025 | समय: पूर्वाह्न 10:00 बजे
स्थान: हॉकी स्टेडियम, मोरहाबादी




PR No. 360654 (IPRD) 2025-26
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

### सिल्ली के रंगामाटी गांव में 300 एकड़ जमीन पर नहीं हो सकी धान की खेती

# प्रशासनिक लापरवाही और आपसी विवाद से किसान परेशान परिवारों में गहराया संकट



**किसानों की बढ़ी पीड़ा**

खेती नहीं होने से ग्रामीणों में गहरी चिंता है। परिवारों के लिए अनाज का संकट तो है ही, साथ ही पशुओं के चारे का भी गंभीर संकट मंडराने लगा है। किसान कह रहे हैं कि प्रशासन की लापरवाही और विवाद को समय रहते नहीं सुलझाने के कारण आज पूरा गांव खेती से वंचित रह गया।

**सरकार से गुहार :** ग्रामीणों ने राज्य सरकार और जिला प्रशासन से अपील की है कि तत्काल हस्तक्षेप कर विवाद का समाधान किया जाए, ताकि किसानों को राहत मिल सके। किसानों का कहना है कि अगर समय रहते कदम नहीं उठाए गए तो आने वाले दिनों में गांव के लोग भुखमरी और पलायन को मजबूर हो जाएंगे।

**नरवीन मेल संवाददाता**

**सिल्ली।** सिल्ली प्रखंड के रंगामाटी गांव के किसानों पर इस बार बड़ा संकट टूट पड़ा है। लगभग 300 एकड़ जमीन पर धान की खेती नहीं हो सकी है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि प्रशासन की लापरवाही और गांव के महतो परिवारों के आपसी विवाद के कारण खेती पूरी तरह ठप हो गई। इस हालात ने किसानों के सामने भोजन और मवेशियों के चारे का गहरा संकट खड़ा कर दिया है। धान नहीं रोपे जाने की सूचना पाकर सिल्ली के पूर्व विधायक सुदेश कुमार महतो गांव पहुंचे और ग्रामीणों से मुलाकात की। अपनी व्यथा सुनाते हुए ग्रामीण भावुक हो गए। मौके पर सुदेश महतो ने थाना प्रभारी से फोन पर बात की और चेतावनी दी कि दो दिनों के भीतर इस समस्या का समाधान नहीं किया गया तो आने वाले दिनों में ग्रामीणों को भुखमरी झेलनी पड़ेगी।

**क्या है मामला :** ग्रामीणों के अनुसार गांव में वर्षों से परंपरा रही है कि महतो परिवार के लोग पहले अपने खेतों में रोपाई शुरू करते हैं, उसके बाद ही बाकी ग्रामीण धान की खेती करते हैं। लेकिन इस वर्ष महतो परिवारों में आपसी विवाद इतना गहरा गया कि उन्होंने खुद धान नहीं रोपा। ग्रामीणों का कहना है कि जब महतो परिवार ही खेती नहीं कर पा रहे, तो परंपरा के अनुसार वे भी खेत में नहीं उतर सकते। गांव के महतो जगदीश महतो ने बताया कि खाता नंबर 49 की 303 एकड़ जमीन पर पूर्वजों से खेती होती आई है। लेकिन 2020 से जमीन को लेकर गांव के दो लोगों के बीच विवाद चल रहा है। अबकी बार विवाद इतना बढ़ा कि ट्रैक्टर चालकों और मजदूरों तक को खेती करने से रोक दिया गया। यहां तक कि प्रशासन ने भी बिना ठोस जांच किए खेती रोकने का फरमान सुना दिया।

## रांची नगर निगम ने क्षेत्र से हटाया अतिक्रमण



**रांची।** रांची नगर निगम की इनफोर्समेंट टीम के द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में अतिक्रमण मुक्त अभियान चलाया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाना तथा सार्वजनिक स्थलों पर अवैध कब्जों को समाप्त करना रहा। रांची नगर निगम की इनफोर्समेंट टीम ने हरमू विद्यानगर मार्ग में विशेष अतिक्रमण मुक्त अभियान चलाया गया। इस दौरान सड़क एवं फुटपाथ पर अवैध रूप से लगाए गए दुकानों को हटाया गया। कई अस्थायी संरचनाओं, शेड्स और बांस-बल्ली को तोड़कर हटाया गया। निगम द्वारा यह स्पष्ट किया कि सार्वजनिक मार्ग पर किसी भी प्रकार का अवैध अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अतिक्रमणकारियों को सख्त चेतावनी देते हुए निर्देश दिया गया कि भविष्य में पुनः स्थल पर दुकान न लगाएँ, अन्यथा उन पर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। इसके अतिरिक्त, रांची नगर निगम की इनफोर्समेंट टीम, जिला प्रशासन एवं ट्रैफिक पुलिस के द्वारा संयुक्त रूप से रिम्स परिसर एवं बरियातू रोड में अभियान चलाया गया। इस क्षेत्र में लंबे समय से सड़क एवं फुटपाथ पर अवैध दुकानदारों और ठेला-खोमचा द्वारा कब्जा कर लिया गया था, जिससे आवागमन में लगातार बाधा उत्पन्न हो रही थी।

## न्यूज बॉक्स

### झाछामो ने चलाया सदस्यता अभियान

**मांडर।** कॉलेज में झामुमो छात्र मोर्चा का सदस्यता अभियान आयोजित किया गया। जिसमें सैकड़ों छात्रों ने संगठन का दामन थामा। इस अभियान में छात्रों ने उत्साह के साथ भाग लिया और संगठन के प्रति अपना विश्वास जताया। निवर्तमान पदाधिकारियों ने नए सदस्यों का स्वागत करते हुए कहा कि झामुमो छात्र मोर्चा सिर्फ एक संगठन नहीं, बल्कि छात्रों की उम्मीदों और संघर्षों की ताक़त है।अभियान में कई नए सदस्यों ने संगठन में शामिल होने का फैसला किया, जिनमें अनीस खान, रवि बिस्कर्मा, ज़ीनत खान, प्रकाश पहान, सना परवीन, सीमा कुमारी और अन्य शामिल हैं। इन नए सदस्यों ने संगठन के प्रति अपना विश्वास जताया और छात्र हितों की रक्षा के लिए काम करने का संकल्प लिया।नए सदस्यों ने यह ऐलान किया कि वे सब मिलकर शिक्षा, रोजगार और अधिकार की लड़ाई लड़ेंगे।

### मांडर के बिसाहा खटंगा में चेहल्लुम मेला का आयोजन



**मांडर।** प्रखंड के बिसाहा खटंगा में गुरुवार को चहहलुम मेला बड़े ही अकीदत और जोश-ओ-ख़रोश के साथ आयोजित किया गया। मेले में आसपास के लगभग बीस गांवों के अखाड़ा शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत फीता काटकर किया गया। अश्त्र शस्त्र चालन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । बेहतर खेल प्रदर्शन करने वाले टीमों को अतिथियों के द्वारा नगद राशि और शील्ड देकर सम्मानित किया गया।मेले में तरह-तरह के स्टॉल, झूले, खाने-पीने के इंतज़ाम था। मौके पर नुरुल्लाह हबीब नदवी, अफ़रोज़ अंसारी, रशीद अंसारी, अमानत अंसारी, हातिम अंसारी, अयूब अंसारी, महजुद्दीन अंसारी, मुदीन अंसारी, परवीन नाथ तिवारी सहित कई लोग उपस्थित थे।

### पंचायत उन्नति सूचकांक के आकलन से संबंधित दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन



**मांडर।** मांडर प्रखंड सभागार में पंचायत उन्नति सूचकांक के आकलन से संबंधित दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें पंचायत के द्वारा नौ इंडेक्स पर कार्य से संबंधित उन्नति का संकलन करने हेतु पंचायत सचिव को निर्देश दिया गया। इसमें सीएससी सेंटर वाले सहयोग करेंगे डाटा इंट्री के संबंध में बताया गया। बैठक में प्रखंड समन्वयक 15 फाइनेंस द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।कार्यशाला में प्रखंड प्रमुख फिलिप्स सहाय एक्का, बीपीआरओ सीताराम साहू, बीपीएम, जेएसएलपीएस, प्रखंड कृषि पदाधिकारी सनाउल्लाह, पंचायत सचिव और मुखिया उपस्थित थे।

### धूमधाम से मनाई गई भगवान गणेश की पूजा



**मुरी/सिल्ली।** सिल्ली आसपास के क्षेत्रों में धूमधाम से गणेश जी की प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना की गई। सिल्ली प्रखंड परिसर,रेलवे कॉलोनी ए टाइप एवं रिटायरमेंट कॉलोनी में पूजा के दौरान आसपास के श्रद्धालुओं की भीड़ पूजा अर्चना के लिए लगी रही।पुरोहित द्वारा पूरे विधि विधान से प्रतिमा स्थापित, आवाह्न, प्राण प्रतिष्ठा,पूजन अर्चना एवं संध्या में आरती और प्रसाद का वितरण किया गया।ए टाइप रेलवे कॉलोनी में गणेश महोत्सव के भव्य आयोजन को लेकर आसपास बहुत सारी वस्तुओं की दुकानें सजी थी जहां श्रद्धालुओं ने खरीदारी भी की। वहीं विगत पांच वर्षों से पूरे श्रद्धा और भक्ति के साथ रिटायरमेंट कॉलोनी में भी श्री श्री गणेश पूजा का आयोजन किया जा रहा है।आयोजन को आकर्षक बनाने में रूपेश दास,अमृतलाल, सुब्रतो सेन,प्रशांत,प्रभास,बापी, रंजन,रीना विश्वास,कविता विश्वास,पापिया राय,तापसी वानी,केया विश्वास,मानो एवं बसंती का भरपूर सहयोग रहा।

### चेहलुम मेला सह लाठी खेल प्रतियोगिता कल टीमों को भेजा गया निमंत्रण



**खलारी।** भूतनगर डकरा मेला परिसर में आगामी 30 अगस्त, शनिवार को चेहलुम मेला सह लाठी खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इसको लेकर मेला कमेटी की बैठक सलामत अंसारी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में मेला की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई और सभी कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई। मेला कमिटी के अध्यक्ष अब्दुल्ला अंसारी ने बताया कि इस मेला का आयोजन पिछले तीन दशकों से लगातार होता आ रहा है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष भी रांची, मांडर, लोहरदगा, लातेहार, चतरा, गुमला और हजारीबाग सहित आसपास के क्षेत्रों की टीमों को आमंत्रण भेजा गया है। प्रतियोगिता में शामिल टीमों को सम्मानित भी किया जाएगा। अंसारी ने जानकारी दी कि मेला की शुरुआत शाम चार बजे से होगी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में स्थानीय विधायक सुरेश बैठा और एनके जीएम दिनेश कुमार गुप्ता मौजूद रहेंगे।

### असहाय को लाया गया सद्गुरु कृपा आश्रम



**रांची।** श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवा धाम पुंदाग में चल रहे मंदबुद्धि, दिव्यांग, निराश्रितों लोगों की निःशुल्क सेवा संस्था जनवरी 2024 से लगातार कर रही है। सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल एवं प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने बताया कि बुधवार को एक मंदबुद्धि व्यक्ति को आश्रम में लाया गया जो मानसिक रोगी है। आश्रम की टीम को सूचना मिली कि रातु के काठी टांठ में एक लावारिस अवस्था में मंदबुद्धि व्यक्ति घूम रहा है। आश्रम की टीम ने उसे रातु से रेस्क्यू करके आश्रम लाया। टीम में आश्रम के सेवा साथी परमेश्वर साहू, सूरज कुमार और सत्यम कुमार शामिल थे। उसके बाद अस्पताल में उसकी मेडिकल जांच कराई गई।

## खेल दिवस पर योग प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**रांची।** गुरुवार को सामाजिक संस्था भारतीय लोक कल्याण संस्थान की ओर से हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की जयंती सह राष्ट्रीय खेल दिवस पर एक दिवसीय मेजर ध्यानचंद शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में रांची के विभिन्न क्षेत्रों से आए 50 बालक बालिका योग खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के तौर पर भारतीय लोक कल्याण संस्थान के सचिव कुणाल सिंह, रिलेशंस के निदेशक आशुतोष द्विवेदी, नटराज योग संस्थान के संस्थापक आर्य प्रहलाद भगत सुषमा तिग्गा एवं राजकुमार ने संयुक्त रूप से विजेता खिलाड़ियों को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से विभा मित्तल, मधु सिन्हा समेत कई योग प्रेमी उपस्थित थे।

### दिल्ली पब्लिक स्कूल में मनाया गया वार्षिक समारोह 'जादुई पिटारा

# कठिनाइयों में धैर्य, ईमानदारी और आत्मविश्वास बनाए रखना असली परीक्षा : राज्यपाल

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** डीपीएस रांची के विवेकानंद सभागार में स्कूल का वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम 'जादुई पिटारा का आयोजन गुरुवार को किया गया। मुख्य अतिथि राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार, विशिष्ट अतिथि मनीष रंजन, राज्यसभा के उप सभापति हरिवंश नारायण सिंह, सीबीएसई के रीजनल ऑफिसर श्रीराम वीर और प्राचार्या डॉ जया चौहान ने समारोह का शुभारंभ किया। राज्यपाल संतोष गंगवार ने कहा कि यह अवसर केवल विद्यालय की उपलब्धियों का उत्सव नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों की प्रतिभा, परिश्रम और रचनात्मकता का प्रमाण है। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि जीवन की सफलता केवल अंकों से नहीं आंकी जा सकती। असली परीक्षा यह है कि कठिनाइयों के समय धैर्य, ईमानदारी और आत्मविश्वास बनाए रखें। राज्यपाल ने कहा कि हर विद्यार्थी के भीतर असीम ऊर्जा और क्षमता छिपी होती है। आवश्यकता है उसे पहचानने और सही दिशा देने की। इसमें शिक्षकों और अभिभावकों दोनों की महत्त्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने अभिभावकों से कहा कि वे बच्चों पर केवल अंकों और परिणाम का दबाव न डालें, बल्कि उन्हें आत्मविश्वास और सकारात्मक वातावरण दें। 800 प्रतिभागियों ने दी शानदार प्रस्तुति महोत्सव में 800 प्रतिभागियों ने नृत्य, संगीत तथा नाटकीय प्रतिभाओं की मनमोहक प्रस्तुति की। द मैजिकल लैंप, पाईड पाइपर ऑफ हैमलिन व विबग्योर के उपनामों द्वारा रेखांकित कथानकों एवं किरदारों के माध्यम से विद्यार्थियों ने विशिष्ट जीवन मूल्यों को अपने अनूठे अंदाज में प्रदर्शित किया।

## जेवियर फाइनेंशियल सर्विसेज ने पशु कल्याण के लिए बढ़ाया हाथ



**रांची।** जेवियर फाइनेंशियल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड ने पशु कल्याण ट्रस्ट अनगड़ा के साथ मिलकर एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है, जिसमें 100 कुत्तों के बचाव और पुनर्वास के लिए 1 लाख का अनुदान दिया गया है। यह पहल कंपनी की सामाजिक जिम्मेदारी को दर्शाती है और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के प्रयासों को प्रोत्साहित करती है। कंपनी के निदेशक रोजर रिची लकड़ा ने कहा कि हमारी कंपनी एक वेल्थ मैनेजमेंट कंपनी है जो म्यूचुअल फंड, जीवन बीमा, स्वास्थ्य बीमा, मोटर बीमा, पीएमएस, एफडी, बांड, स्टॉक ब्रोकिंग, इनकम टैक्स भरने में डील करती है और हम हर साल अलग-अलग ट्रस्ट के साथ मिलकर सामाजिक गतिविधियों का नियमित आयोजन करते रहते हैं। और हमेशा से करते रहेंगे।

## सांसद कला महोत्सव में बच्चों ने उकेरी तस्वीरें

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** सांसद कला महोत्सव जो लगातार कई दिनों से चल रहे हैं आज रांची के डीएवी कपिल देव स्कूल ,बिशप वेस्टकोट गर्ल्स स्कूल डोरंडा ,संत कोलंबो स्कूल, डीएवी नीरज सहाय स्कूल में यह प्रतियोगिता आयोजित की गई । सांसद कला महोत्सव के तहत रांची में चल रहे पेंटिंग कॉर्निवाल में बच्चों ने ऑपरेशन सिंदूर और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सैन्य प्रेम को लेकर कैनवास पर जो आकृतियां उकेरी हैं, वह राष्ट्र के प्रति इनकी भावनाएं हैं। प्रतिभागी बच्चों को उनके चित्रांकन के लिए उत्साहवर्द्धन किया। और पांच सर्वश्रेष्ठ पेंटिंग बनाने वाले बच्चों के बीच सर्टिफिकेट का वितरण किया इस अवसर पर रविंद्र कुमार ,राजीव सहाय, , ऐश्वर्या सेठ, मनोज गुप्ता, धनंजय कुमार, मौजूद रहे।

## रांची के 545 अनुसूचित जनजाति बहुल गांवों में होगा समावेशी विकास



**रांची।** रांची जिला प्रशासन ने जनजातीय समुदायों के समग्र विकास और सशक्तीकरण के लिए आदि कर्मयोगी अभियान की शुरुआत की है। समाहरणालय में आयोजित जिला स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम का शुभारंभ डीडीसी सौरभ भुवनिया ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उन्होंने कहा कि यह अभियान न केवल जनजातीय सशक्तीकरण का माध्यम है, बल्कि उत्तरदायी शासन और सामुदायिक विकास का मॉडल भी बनेगा। अभियान का लक्ष्य रांची जिले के 545 अनुसूचित जनजातियों बाहुल्य वाले गांवों को शिक्षा, स्वास्थ्य, आजीविका और सामाजिक उत्थान से जोड़ना है। इसके तहत पंचायती राज संस्थाओं को सशक्त करने, स्वयं सहायता समूहों के जरिये रोजगार उपलब्ध कराने, कौशल विकास, स्वास्थ्य और स्वच्छता सुधार, संस्कृति व पर्यावरण संरक्षण पर विशेष जोर रहेगा।

## सीयूजे में ऊर्जा संसाधनों, भंडारण व वितरण के लिए नीति एकीकरण विषय पर अंतरराष्ट्रीय सेमिनार आयोजित



**रांची।** केंद्रीय विश्वविद्यालय झारखंड (सीयूजे) के ऊर्जा अभियंत्रण विभाग ने नवीकरणीय ऊर्जा संसाधनों, रूपांतरण, भंडारण एवं वितरण के लिए नीति एकीकरण विषय पर एक अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी-सह-पैनल चर्चा का आयोजन किया। यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय के शैक्षणिक भवन स्थित सभागार में संपन्न हुआ जिसमें भारत और विदेश से कई प्रतिष्ठित विशेषज्ञों ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो रोड्रिगो पाल्मा बेहन्के (यूनिवर्सिटी ऑफ चिली, सैंटियागो) रहे जिन्होंने भारत और चिली की नवीकरणीय ऊर्जा रूपरेखाओं की तुलना करते हुए सौर ऊर्जा, हरित हाइड्रोजन और माइक्रोग्रिड पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने विशेष रूप से चिली की बाइफेशियल सौर प्रौद्योगिकी और सिंगल-एक्सिस ट्रैकिंग जैसी तकनीकों को भारत में अपनाए जाने की संभावना पर जोर दिया। सीयूजे के कुलपति प्रो क्षिति भूषण दास ने उद्घाटन सत्र में कहा विश्वविद्यालय सतत विकास लक्ष्यों) को लेकर पूर्णतः प्रतिबद्ध है। सौर ऊर्जा संयंत्र, बायोगैस प्लांट और जल संचयन जैसे हरित प्रयासों के माध्यम से हम स्वच्छ ऊर्जा की दिशा में निरंतर अग्रसर हैं। आईआईआईटी रांची के निदेशक प्रो राजीव श्रीवास्तव ने स्मार्ट ग्रिड, एआई आधारित पूर्वानुमान और ऊर्जा भंडारण पर अपनी बात रखते हुए सामाजिक रूप से अनुकूल तकनीकी नीतियों की आवश्यकता पर बल दिया। वहीं जेयूटी रांची के कुलपति प्रो डीके सिंह ने भारत में एसी से डीसी प्रणाली में रूपांतरण की आवश्यकता जताई और झारखंड को ऊर्जा-समृद्ध राज्य बनाने के लिए नीति-निर्माण की वकालत की। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और अतिथियों के स्वागत के साथ हुई।

## श्री राधा अष्टमी 31 अगस्त को, प्रेम, भक्ति और शुद्ध आत्मा की आराधना का है यह पर्व : संजय



**रांची।** भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि को श्री राधा अष्टमी का पावन पर्व मनाया जाता है। श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट व विश्व हिंदू परिषद सेवा विभाग के प्रांतीय प्रवक्ता संजय सर्राफ ने कहा है कि इस वर्ष राधा अष्टमी 31 अगस्त दिन रविवार को मनाई जाएगी। यह पर्व विशेष रूप से श्रीकृष्ण की अनन्य प्रिय और आद्या शक्ति मानी जाने वाली श्रीमती राधारानी के प्राकट्य दिवस के रूप में श्रद्धा, प्रेम और भक्ति के साथ मनाया जाता है। ग्रंथों के अनुसार राधारानी का प्राकट्य ब्रजभूमि के बरसाना गांव में हुआ था। वे कृष्ण तत्व की ह्लदिनी शक्ति हैं,अर्थात आनंद और प्रेम की ऊर्जा। श्री राधा जी को भगवान श्रीकृष्ण की आत्मा का अर्धांगिनी रूप भी कहा गया है। जैसे शिव के बिना शक्ति अधूरी है, वैसे ही कृष्ण के बिना राधा नहीं और राधा के बिना कृष्ण नहीं।

### गुरुजी ने कहा था - यह धरती खेतों और हरियाली के लिए बनी है

# रिम्स-2 का निर्माण संथाल परगना में ही करना होगा : सीता सोरेन

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** दिशोम गुरु की बहू सीता सोरेन ने रिम्स-2 के जमीन अधिग्रहण पर एक्स में किया है, जिसमें लिखा है कि 2012 में दिशोम गुरु शिबू सोरेन ने नगड़ी की जनता और आदिवासियों का हाथ थामकर ऐलान किया था कि'यह धरती खेतों और हरियाली के लिए बनी है। किसी ढांचे या कंक्रीट के जंगल के लिए नहीं।' सरकार में रहते हुए भी उन्होंने अपनी ही सरकार के खिलाफ आजाज उठाई थी। उनकी वह पुकार आज भी नगड़ी की मिट्टी में गूंजती है कि 'खेतों में हरियाली होनी चाहिए।'

आज वही सरकार उसी जमीन पर रिम्स-2 बनाने की जिद क्यों कर रही है? जिस धरती को गुरुजी ने अपने आशीर्वाद से किसानों के हल के लिए सुरक्षित रखा था, उसी जमीन को आज जबरदस्ती हड़पने की कोशिश क्यों हो रही है? आज बाबा के स्वर्गवास को एक महीना भी नहीं हुआ और उनके सिद्धांतों से खिलवाड़ शुरू हो चुका है। रिम्स-2 जो सही मायनों में संथाल परगना को मिलना चाहिए था, उसे एक बार फिर रांची में खोलने की तैयारी हो रही है। संथाल परगना, जिसे बाबा ने हमेशा अपने संघर्षों से आगे बढ़ाया, आज भी वहां के लोग उचित चिकित्सीय सुविधाओं से वंचित हैं। आखिर क्यों? जिस संथाल परगना से गरीब आदिवासियों को गंभीर इलाज के लिए घंटों एम्बुलेंस में सफ़र करके राँची , धनबाद या बंगाल जाना पड़ता है, वहां रिम्स-2 क्यों नहीं बनाया जा सकता? जो सुविधा वाक़ई ज़रूरी है, उसे झारखंड सरकार बार-बार राँची तक ही सीमित क्यों कर देती है? अगर चिकित्सीय सुविधाओं को केवल रांची तक ही सीमित रखना है, तो जब स्मार्ट सिटी के लिए इतनी बड़ी ज़मीन उपलब्ध है, तो सरकार वहीं पर रिम्स-2 क्यों नहीं बना सकती? इससे न केवल ज़रूरत पूरी होगी बल्कि आदिवासियों की खेती योग्य ज़मीन भी सुरक्षित रहेगी। यदि सरकार सच में झारखंड राज्य निर्माता दिशोम गुरु शिबू सोरेन को सच्ची श्रद्धांजलि देना चाहती है, तो उसे रिम्स-2 का निर्माण संथाल परगना में ही करना होगा। जहां जनता को स्वास्थ्य सुविधाओं की सबसे अधिक जरूरत है, वहीं गुरुजी के नाम से अस्पताल बनाकर ही सरकार अपनी सच्ची निष्ठा और श्रद्धांजलि साबित कर सकती है। यही कदम आदिवासी समाज के स्वास्थ्य और भविष्य के लिए एक नेक पहल होगी।

## श्री श्याम महोत्सव गौ पूजन व सेवा के साथ हुआ शुरू



**रांची।** श्री श्याम मण्डल का 58 वां वार्षिक श्री श्याम महोत्सव गुरुवार को गौ पूजन एवं गौ सेवा के साथ प्रारम्भ हुआ । सुबह 8 बजे अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मंदिर में भव्य आरती हुई जिसमें भारी संख्या में भक्तगण उपस्थित थे। आरती के पश्चात श्री श्याम मंडल के लगभग 50 सदस्यों की टोली ने श्री श्याम प्रभु का जयकार करते हुए सुकुरहुटू गौ शाला के लिए प्रस्थान कर गौशाला में पूर्ण विधि विधान से गौ माता का पूजन वन्दन किया , तत्पश्चात गौशाला में स्थित सभी गौ माताओं को बड़े ही श्रद्धा भाव से गुड़, चोकर , रोटी , हरी सब्जी एवम दलिया खिलाया। इस अवसर पर गौमाता का पूर्ण प्रांगण श्री श्याम प्रभु एवं गौमाता के जयकारों से गूंज रहा था साथ ही गौ सेवा के पश्चात रोली चावल से गौमाता का तिलक कर 58 वें श्री श्याम मोहत्सव की सफलता के लिए आशीर्वाद लिया । साथ ही गौशाला परिसर में श्री श्याम मंडल के सदस्यों ने दुर्लभ वृक्ष का पौधरोपण किया जिसमें लाल चंदन के 2 पौधे, सफेद चंदन के 2 पौधे,अमलतास के 2 पौधे,आंवला के 2 पौधे, बीजासाल के 2 पौधे, अर्जुन के 2 पौधे, रुद्राक्ष के 5 पौधे एवं कई फलदार पौधे भी लगाए।

# सिक्खों के 9 वें गुरु तेग बहादुर सिंह की पालकी जागृति यात्रा असम से पहुंची हजारीबाग

नवीन मेल संवाददाता

- यात्रा में रांची से पहुंचे 20 बुलेट राइडर्स भी आकर्षण का केंद्र थे। गुरुद्वारा में कीर्तन के बाद अटूट लंगर हुआ। जिसके बाद शाम में शहर के इंद्रपुरी चौक होते हुए पटना साहिब के लिए रवाना हुई



**हजारीबाग।** सिक्खों के 9 वे गुरु तेग बहादुर सिंह की पालकी और उनके अस्त्र शास्त्र की जागृति यात्रा असम से आरंभ होकर आज गुरुवार को हजारीबाग पहुंचा जहां से विभिन्न जिलों से होते हुए पंजाब तक जाएगी। जागृति यात्रा हजारीबाग में लगभग दोपहर तक पहुंची। गुरुवार को हजारीबाग के डेमोटांड़ से खालसा यूथ विंग ने यात्रा का स्वागत किया और नगर प्रवेश करवाया इसके बाद बस स्टैंड, बुढ़वा महादेव, आनंदा चौक होते हुए गुरुद्वारा पहुंची इसके बीच विभिन्न सामाजिक संगठनों ने यात्रा का जोरदार स्वागत किया जिनमें भैया अभिमन्यु प्रसाद,हजारीबाग यूथ विंग, फेडरेशन चैंबर ऑफ कॉमर्स, दिगंबर जैन पंचायत समेत कई सामाजिक संगठनों ने स्वागत किया। यात्रा में रांची से पहुंची 20 बुलेट राइडर्स भी आकर्षण का केंद्र थी। गुरुद्वारा में कीर्तन के बाद अटूट लंगर हुआ! जिसके बाद शाम में शहर के इंद्रपुरी चौक होते हुए पटना साहिब के लिए रवाना हुई। मीडिया प्रभारी रोहित बजाज ने बताया कि गुरु तेग बहादुर जी के बारे में बताया जाता है कि वे मुगल आक्रांता औरंगजेब के खिलाफ लड़ाई लड़े थे जो मुगलों की स्वाधीनता स्वीकार करने के बजाय अपना सर कटवाना उचित समझा वे इस लड़ाई को नहीं लड़ते तो सनातन खतरे में पड़ जाता। इस कारण सिख समुदाय अपने इस गुरु को क्रांति कारी की नजर से देखते हुए उनके मार्ग पर चलने का संकल्प लेता है।

# विवि में भगवान श्री गणेश जी का पूजन व विसर्जन का हुआ भव्य समापन



नवीन मेल संवाददाता

**रामगढ़।** राधा गोविन्द विश्वविद्यालय के ओडिटोरियम हॉल में श्री गणेश चतुर्थी का आयोजन किया गया। इस आयोजन में भगवान श्री गणेश की मूर्ति की स्थापना, पूजन, हवन, आरती एवं विसर्जन विधि विधान के साथ आचार्य मुकेश पाण्डेय द्वारा संपन्न कराया गया। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बीएन साह एवं सचिव प्रियंका कुमारी पूजन हवन कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने सभी को विघ्नहर्ता और रिद्धि- सिद्धि के दाता श्री गणेश चतुर्थी पूजन की हार्दिक बधाई दी एवं सुख- समृद्धि की मंगल कामना की। मौके पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो (डॉ) रश्मि, कुलसचिव प्रो (डॉ) निर्मल कुमार मंडल, वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार, परीक्षा नियंत्रक प्रो (डॉ) अशोक कुमार, प्रबंध समिति सदस्य अजय कुमार, विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, व्याख्यातागण एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। पूजन के दूसरे दिन हवन एवं भंडारा (खिचड़ी)का आयोजन हुआ। उसके बाद विसर्जन में सभी शिक्षकगण, शिक्षकेतर -कर्मचारी,एवं छात्र -छात्राएं गाजे-बाजे के साथ नृत्य करते हुए, गणपति बप्पा मोरया के जयकारा के साथ विसर्जन किया।

## न्यूज बॉक्स

### उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई जिला अनुकंपा समिति की बैठक आयोजित



**रामगढ़।** उपायुक्त रामगढ़ फैज अक अहमद मुमताज की अध्यक्षता में गुरुवार को समाहरणालय सभाकक्ष में जिला अनुकंपा समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान समिति के समक्ष 04 मामलों को रखा गया। इस दौरान समिति द्वारा आवेदन के तहत प्राप्त दस्तावेजों की समीक्षा व जांच कर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। मौके पर उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, स्थापना उप समाहर्ता, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला कल्याण पदाधिकारी, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद सहित अन्य उपस्थित थे।

### 40वां नेत्रदान पखवाड़ा को लेकर रैली का हुआ आयोजन



**रामगढ़।** रामगढ़ जिला अंतर्गत नेत्रदान पखवाडा 25 अगस्त 2025 से 08 सितम्बर 2025 तक मनाया जाना है। जिसका उद्देश्य है कि जनमानस में नेत्रदान को अपनाने एवं इसमें परिवार की सहमति के साथ इसे परिवारिक परंपरा के रूप में प्रति स्थापित करने हेतु उत्प्रेरित करना एवं इसके प्रति फैली भ्रांतियों का निवारण कर जागरूकता फैलाना। कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर 28 अगस्त को सिविल सर्जन रामगढ़ डॉ महालक्ष्मी प्रसाद एवं अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी रामगढ़ डॉ नवल कुमार द्वारा संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर 40वां नेत्रदान पखवाड़ा हेतु रैली का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला भीबिडी पदाधिकारी के साथ अन्य चिकित्सा पदाधिकारी एवं स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित हुए।

### अतिक्रमण के कारण मुहल्लों में नहीं घुसते वाहन लोगों की बढ़ी परेशानी

**हजारीबाग।** हजारीबाग शहर का वार्ड संख्या 25, कुम्हारटोली सम्राट चौक के सामने स्थित गली, वर्षों से उपेक्षा का शिकार है। यहां रहने वाले लोग संकरी गलियों, जर्जर सड़कों, खुले नालों और खराब स्ट्रीट लाइट की समस्या से त्रस्त हैं। स्थिति इतनी खराब है कि किसी भी बड़े वाहन का अंदर प्रवेश करना नामुमकिन हो गया है। आपात स्थिति में एंबुलेंस और फायर ब्रिगेड तक गली के भीतर नहीं पहुंच पाती है, इससे स्थानीय लोगों की जिंदगी हमेशा खतरे में बनी रहती है। करीब 13 वर्ष पहले यहां पीएससी का निर्माण कराया गया था, लेकिन अब वह पूरी तरह जर्जर हो चुकी है। गली के किनारे बना खुला नाला सड़क को और भी संकरा कर देता है। अगर इस नाले को ढककर उस पर स्लैब लगा दिया जाए तो थोड़ी चौड़ाई बढ़ सकती है और लोगों को राहत मिलेगी। लोगों का कहना है कि गली तंग होने का मुख्य कारण अतिक्रमण है। कई मकान मालिकों ने अपनी बाउंड्री वॉल आगे बढ़ा दी है, जिससे गली की चौड़ाई घटकर बेहद कम रह गई है। यह अतिक्रमण पूरी तरह अनैतिक है, लेकिन अब तक न तो नगर निगम और न ही प्रशासन की ओर से इस पर कोई कार्रवाई की गई है। मुहल्ले के राजीव कुमार सिंह ने भावुक होते हुए बताया कि उनके माता-पिता की जान केवल इस वजह से नहीं बच पाई क्योंकि एंबुलेंस घर तक नहीं पहुंच सकी। उन्होंने कहा कि जब पिताजी की तबीयत बिगड़ी थी, तब एंबुलेंस गली में नहीं आ पाई।

### श्री कृष्ण विद्या मंदिर में गणेश चतुर्थी का हुआ भव्य आयोजन

**रामगढ़।** रामगढ़ के विकास नगर में स्थित श्री कृष्ण विद्या मंदिर में गणेश चतुर्थी बड़े ही धूमधाम से बुधवार को मनाया गया। विद्यालय के प्राचार्य एम कृष्णा चंद्रा ने बच्चों को श्री गणेश से जुड़ी जानकारियों को साझा किया। सभी शिक्षक - शिक्षिकाओं ने श्री गणेश के प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना की। विद्यालय के कक्षा पांचवी की छात्रा निवृत्ति गुप्ता ने बहुत ही सुंदर ढंग से गणेश वंदना की प्रस्तुति की। कक्षा छठी की छात्रा आरोही कुमारी और अलीशा आफरीन ने बहुत ही सुंदर नृत्य प्रस्तुत की। कक्षा सातवीं के छात्र ऋषभ मुखर्जी ने भगवान श्री गणेश का किरदार निभाया जो कि बहुत ही अद्भुत था। विद्यालय के प्राचार्य ने एक संक्षिप्त संदेश दिया गया। जिसमें शिक्षा के साथ भक्ति का संदेश भी दिया। आज बुद्धि, समृद्धि और सौभाग्य के देवता भगवान श्री गणेश की पूजा अर्चना के साथ बच्चों को पारंपरिक पूजा एवं भक्ति का भी संदेश दिया गया। विद्यालय के छात्राओं ने पारंपरिक नृत्य और गीत की प्रस्तुतियों से सभी का मनमोह लिया। इस मौके पर विद्यालय के सभी शिक्षक - शिक्षिकाएं वहां मौजूद थे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षिका उषा सिंह और शिक्षक विक्रम सिंह का अमूल्य योगदान रहा। सभी शिक्षण और गैर शिक्षण कर्मचारियों की देखरेख में यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

### गिद्दी वाशरी प्लांट में बॉलीवुड एक्शन सॉन्ग की हुई शूटिंग

**गिद्दी।** गिद्दी वाशरी प्लांट में बुधवार को बॉलीवुड एक्शन सॉन्ग बैड-बैड की शूटिंग हुई। दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक शूटिंग हुई। इस सॉन्ग के शूटिंग के लिए कलाकार रिषभ चौहान, डायरेक्टर एसपी मोहित कुमार, कैमरा मैन बाबू भाई, जीएल बाबू, पंकज प्रजापति, मयंक बिस्ट, सिद्धनाथ मिश्रा, मोनू राज, राहुल वर्मा, सियांश सिंह, अजय महतो, भोला गुप्ता, चंद्रिका महतो सहित 80 लोगों की यूनिट गिद्दी वाशरी पहुंची। जिसमें बॉलीबुड और झालीबुड के कलाकर शामिल थे। बता दें गिद्दी वाशरी प्लांट में इसके पहले यश चोपड़ा ने 1978 में फिल्म काला पत्थर की शूटिंग किया था। जिसमें अमिताभ बच्चन, शत्रुघ्नसिन्हा और शशि कपूर अभिनेता और राखी, परवीन बाबी, नीतू सिंह जैसी अदाकारा थी। जबकि प्रेम चोपड़ा खलनायक थे। झरिया के चासनाला कोयला खदान में हुए हादसे पर आधारित यह फिल्म सुपर-डुपर हिट हुई थी। बहरहाल सीसीएल प्रबंधन ने गिद्दी वाशरी को बंद कर दिया है। इसके बाद बुधवार को वाशरी प्लांट में इस गाने की शूटिंग होने के कारण काफी चहल पहल दिखी।

### करमा अमरपुर में स्वर्गीय जगदेव महतो मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ

**कुजू।** क्षेत्र के करमा अमरपुर स्थित फुटबॉल मैदान में बुधवार को स्वर्गीय जगदेव महतो मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सीसीएल करमा परियोजना पीओ रामेश्वर मुंडा, विशिष्ट अतिथि मुखिया खगेश्वर महतो, तुलेश्वर प्रसाद, मोहरलाल महतो, राजनाथ महतो, हेमलाल महतो, महेश महतो, मुश्तफा आजाद उपस्थित हुए। अतिथियों का स्वागत आयोजन समिति ने फूलमाला पहनाकर व बुके देकर किया। इससे पूर्व दिशोम स्वर्गीय गुरू शिबु सोरेन व स्वर्गीय जगदेव महतो के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई।

आज करम महोत्सव का तीन स्थानों पर होगा आयोजन

# यह पर्व अच्छे कर्म और भाग्य की कामना का प्रतीक है : राजेंद्र



नवीन मेल संवाददाता

**रामगढ़।** झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के बैनर तले 29 अगस्त 2025 को करम महोत्सव का आयोजन तीन स्थानों पर किया जा रहा है। पहला कार्यक्रम मारंगमरचा पंचायत भवन (सिकनी मोड़, चितरपुर), दूसरा सूतरी सगातु (भालगढा, गोला) और तीसरा कार्यक्रम दुलमी बाजार टांड में आयोजित होगा। इन सभी कार्यक्रमों में मुख्य अतिथि डुमरी विधायक एवं झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष जयराम महतो उपस्थित रहेंगे। करम महोत्सव को सफल बनाने के लिए आयोजन समिति के सदस्य दिन-रात तैयारी में जुटे हुए हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में जयराम महतो के आगमन को लेकर खासा उत्साह, उमंग और जोश का माहौल है। कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा हेतु पार्टी के केंद्रीय संगठन महासचिव राजेंद्र बेदिया, प्रदेश मीडिया प्रभारी रमेश कुमार महतो, रामगढ़ जिला के वरीय उपाध्यक्ष शिवनंदन मुंडा और त्रिभुवन महतो ने विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर आयोजन की वस्तुस्थिति का जायजा लिया। राजेंद्र बेदिया ने करम पूजा के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि यह पर्व अच्छे कर्म और भाग्य की कामना का प्रतीक है। वहीं, रमेश कुमार महतो ने बताया कि करम पर्व भाद्रपद शुक्ल पक्ष की एकादशी को मनाया जाता है। इस दिन बहनें अपने भाइयों की दीर्घायु के लिए व्रत रखती हैं और रात को करम देवता की पूजा कर प्रसाद ग्रहण करती हैं। यह पर्व अच्छी फसल, परिवार की समृद्धि और सुख-शांति के लिए मनाया जाता है, जो प्रकृति और पर्यावरण से गहराई से जुड़ा हुआ है।

जगी आसः तिलैया डैम क्षेत्र में पर्यटन की संभावनाएं हैं अपार, खुलेंगे रोजगार के द्वार

# राज्य के टूरिज्म मानचित्र पर तिलैया डैम विशेष पहचान बनाएगा : मंत्री

नवीन मेल संवाददाता

**बरही।** बरही व कोडरमा विस क्षेत्रांतर्गत प्रकृति की अद्भुत नजारों बीच अवस्थित तिलैया डैम पर्यटन की असीम संभावनाओं को सहेजे हुए है. यह बात केंद्र व राज्य सरकार को भी अब भली भांति समझ में आ चुकी है. उक्त बातें राज्य के नगर विकास व पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने एक कार्यक्रम के दौरान स्वीकार किया. साथ हीं इस क्षेत्र को पर्यटक स्थल विकसित करने के लिए सरकार की योजनाओं को भी बताया. खूबसूरत पहाड़ी व घाटियों के बीच से बहते हुए तिलैया डैम की निर्मल पानी और गुजरता हुआ एनएच-20 व रेलवे मार्ग मंसूरी व शिमला की तरह यात्रियों को बरबस अपनी ओर आकर्षित करता है. 15 एकड़ रकवा में फैले इस क्षेत्र में पर्यटन की असीम संभावनाएं हैं. राज्य सरकार व जिला प्रशासन ने इस क्षेत्र को विवाह समारोह स्थल, वाटर पार्क, बैंक्वेट हॉल व एक्टिविटी के रूप में विकसित करने की योजना बनाई है. जिससे यह क्षेत्र सिर्फ स्थानीय हीं नहीं बल्कि राज्य को भी पर्यटन मानचित्र पर विकसित करने में सहायक होगा. स्थानीय लोगों को रोजगार और राज्य को राजस्व की प्राप्ति होगी. उक्त बातें मंत्री ने स्वीकारते हुए कहा क्षेत्र को पर्यटन के रूप में विकसित करने का राज्य सरकार ने निर्णय लिया है. जिसमें केंद्र सरकार का भी सहयोग व मार्गदर्शन प्राप्त है. भारत सरकार ने भी पर्यटन के लिए इस क्षेत्र में कई योजनाएं स्वीकृत किया है. केंद्र की योजनाओ के अलावा स्थानीय स्तर पर भी कई पर्यटकीय योजनाओं पर विचार किए गए हैं. इसके लिए केंद्र सरकार ने करीब 20 करोड़ रुपए शसकी (50 वर्षो के लिए कर्ज) के रुप में राज्य सरकार को दिया है. जिसे विभिन्न मद में खर्च किए जाएंगे. शेष राशि राज्य सरकार लगाएगी. डैम का बरही विस क्षेत्र अंतर्गत जवाहर घाटी स्थित फॉरेस्ट रेस्ट हाउस क्षेत्र भीं प्रकृति की खूबसूरत वादियों के बीच अवस्थित है. उसे भीं पर्यटक स्थल के रूप में विकसित किया जायेगा. राज्य के इस खूबसूरत क्षेत्र को पर्यटक स्थल रूप में विकसित होने से स्थानीय लोगो को रोजगार मिलेंगे और प्रवासी मजदूरों की संख्या में कमी आयेगी.



## असम की युवती को धर्म छिपाकर दो साल तक घर में रखा नजरबंद

**विष्णुगढ़।** विष्णुगढ़ थाना क्षेत्र में दो साल से कैद और जबरन धर्म परिवर्तन का शिकार बनी असम की एक युवती को पुलिस ने सुरक्षित छुड़ाकर उसके घर भेज दिया है। बुधवार को पुलिस टीम उसे लेकर असम रवाना हो गई, जहां युवती ने अपने माता-पिता से मिलने की इच्छा जताई थी। मंगलवार की शाम युवती किसी तरह गैड़ा गांव स्थित आरोपी के घर से निकल भागी और जरमुन्ने में आयोजित गणपति पूजा पंडाल पहुंची। वहां स्थानीय लोगों को उसने अपनी आपबीती सुनाई। ग्रामीणों ने तुरंत सहयोग किया और उसे विष्णुगढ़ थाना ले गए। थाने में दर्ज शिकायत के अनुसार युवती असम के गोलाघाट जिले की रहने वाली है।

वर्ष 2023 में इंस्टाग्राम के माध्यम से उसकी पहचान गैड़ा निवासी राहुल नामक युवक से हुई। राहुल ने खुद को अविवाहित बताकर प्रेमजाल में फंसाया और अपने गांव बुला लिया।

# कालीकरण सड़क निर्माण में भ्रष्टाचार का लगा आरोप

**दुलमी।** दुलमी प्रखंड स्थित पुत्रीडीह से बेयांग तक 4.28 करोड़ की लागत से बनी कालीकरण सड़क एक माह में ही उखड़ने लगा है। बुधवार को दुलमी प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष सह मीडिया चैयरमैन सुधीर मंगलेश ने ग्रामीणों की शिकायत पर प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत पुत्रीडीह से बेयांग तक निर्मित सड़क का निरीक्षण किया। इस दौरान ग्रामीणों ने बताया कि सड़क निर्माण कार्य पूरा हुए एक माह भी नहीं हुआ है, और सड़क जगह जगह से टूटने व उखड़ने लगा है। ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क निर्माण कंपनी क्लासिक इंजीकोम सड़क निर्माण में भारी अनियमितताएं बरती है। घटिया समाग्री और लापरवाही पूर्ण कार्यशैली के कारण 4 करोड़ 28 लाख की लागत से बनी यह सड़क महज कुछ ही दिनों में खराब होने लगी है। 20 सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने कहा कि यह सीधे सीधे सरकारी धन की बंदरबांट और ग्रामीणों के साथ धोखाधड़ी है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि दोषी ठेकेदार और संबंधित अधिकारियों पर शीघ्र कारवाई नहीं कि गई तो वे आंदोलन होगा। उन्होंने सड़क निर्माण गुणवत्ता की उच्चस्तरीय जांच, दोषी ठेकेदार को ब्लैकलिस्ट और ग्रामीणों को बेहतर व टिकाऊ सड़क सुविधा उपलब्ध कराने की मांग किया। उन्होंने कहा जनता के धन से बनी सड़कों पर किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि इस मामले की शिकायत स्थानीय विधायक ममता देवी और सबंधित अधिकारियों से की जाएगी, ताकि दोषियों पर सख्त कारवाई हो सके। मौके पर कांग्रेस पंचायत अध्यक्ष रितेश कुमार, रुकेश कुमार, हरि कुमार, उत्तम कुमार, बबलू कुमार, मुकेश कुमार, मनोज कुमार, अनुज कुमार, देवा महतो, शुभम कुमार सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

सरस्वती विद्या मंदिर में गणित व विज्ञान मेले का भव्य आयोजन

# यह आयोजन छात्रों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण को प्रोत्साहित करता है : ललन कुमार



नवीन मेल संवाददाता

**रामगढ़।** कोयलांचल स्थित सरस्वती विद्या मंदिर रजरप्पा में गुरुवार को विद्यालय स्तरीय गणित-विज्ञान मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उदघाटन मुख्य अतिथि विद्यालय के अध्यक्ष सह परियोजना पदाधिकारी ललन कुमार राय, उपाध्यक्ष चंद्रशेखर चौधरी, प्राचार्य उमेश प्रसाद एवं सिद्धार्थ कुमार झा प्रबंधक कार्मिक, रजरप्पा परियोजना के द्वारा संयुक्त रूप से भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्पार्चन करके किया गया। प्राचार्य उमेश प्रसाद ने अतिथियों का परिचय कराया। उदघाटन सत्र में मुख्य अतिथि ललन कुमार राय ने भैया बहनों को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन छात्रों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण और तार्किक चिंतन को प्रोत्साहित करते हैं, जो भविष्य निर्माण के लिए अत्यंत आवश्यक है। इस विज्ञान मेले में विभिन्न विषयों के कुल 152 मॉडल थे। मॉडल चार वर्गों में विभाजित निम्नलिखित विषय पर आधारित था-शिशु वर्ग के लिए ऊर्जा संरक्षण,कृषि पर आधारित प्रदर्श,कचरा प्रबंधन, बल के प्रकार तथा नवाचारित प्रदर्श।बाल वर्ग में जल प्रबंधन,सौर ऊर्जा,जीवाश्म ईंधन, संवेदकों पर आधारित, नवाचारित प्रदर्श। किशोर वर्ग में विद्युत धारा के चुंबकीय प्रभाव,खाद्य संरक्षण,जल प्रदूषण, नवाचार। तरुण वर्ग में सरल आवर्त गति,भविष्य के ईंधन,अनुवांशिक पदार्थ,संवेदकों पर आधारित एवं नवाचार विषयों पर भैया बहनों ने आकर्षक एवं उत्कृष्ट मॉडल बनाकर सबको लुभाया। विज्ञान मेला में प्रथम करने वाले भैया बहन प्रांतीय विज्ञान मेला जो सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बाघमारा में 30 अगस्त से 1 सितंबर तक आयोजित है उसमें भाग लेंगे जबकि गणित मेला में प्रथम करने वाले भैया बहन प्रांतीय गणित मेला जो प्रगति सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बिरसानगर जमशेदपुर में 19 एवं 20 सितंबर को आयोजित है उसमें भाग लेंगे। समापन सत्र में सूरज कुमार गुप्ता, शाखा प्रबंधक एसबीआई, प्रवीण प्रधानाचार्य रामप्रसाद चंद्रभान सरस्वती विद्या मंदिर रामगढ़, उपाध्यक्ष चंद्रशेखर चौधरी एवं प्राचार्य उमेश प्रसाद उपस्थित थे। विभिन्न विषयों पर चयनित प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त भैया-बहनों को पुरस्कृत किया गया।

# मुस्कुराहट में चुंबकीय शक्ति प्रकृति को भी खींच लेती है अपनी ओर: यदुनाथ पांडे

नवीन मेल संवाददाता

- छात्र शक्ति में खुशी क्लास अद्भुत तरीके से शक्ति का संचार करता है। छोटे-छोटे उदाहरण अमृततुल्य होते हैं



रामगढ़। शहर के टायर मोड़ स्थित सैनी होटल के पास से गुरुवार को जिला में खुशी मिशन प्रारंभ हुआ। लाइफ केयर हॉस्पिटल, रांची और खुशी क्लास मिशन के तहत यह कार्यक्रम पूरे झारखंड में चलाया जा रहा है। गुरुवार को टायर मोड़ स्थित सैनी होटल के पास से पूर्व सांसद सह पूर्व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष प्रो डॉ यदुनाथ पांडे, राधा गोविंद यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति बीएन शाह, कुलपति डॉ रश्मि, सुश्री प्रियंका व प्रो डॉ संजय प्रशाद सिंह ने संयुक्त रुप से हरी झंडी दिखाकर खुशी रथ की रवानगी की। रवमगी के तुरंत बाद महिला इंटर कॉलेज में खुशी क्लास व मणिपाल स्कूल के शिक्षकों के साथ खुशी चौपाल का आयोजन हुआ। मौके पर पूर्व सांसद ने कहा कि खुशहाल जिंदगी का आधार ही सकारात्मकता है। इसी सकारात्मकता में खुशी छुपी हुई है। आज के इस भागमभाग और गलाघोंटू प्रतिस्पर्धा में समाज तनाव, डिप्रेशन में चला जा रहा है। यहां तक की बच्चे आत्महत्या करने लगे हैं। ऐसे में यह खुशी मिशन समाज के लिए अमृत के समान है। राधा गोविंद यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति शाह ने कहा कि खुशी मिशन के संस्थापक मुकेश सिंह चौहान के द्वारा गांवों में खुशी चौपाल और स्कूल-कॉलेजों में खुशी क्लास लगाकर तनाव, डिप्रेशन, आत्महत्या की प्रवृत्ति के खिलाफ मुहिम चलाने का यह अभियान काबिले तारीफ है। खासकर उस स्थिति में जब यह अभियान बिना किसी सरकारी या सामाजिक मदद के चलाया जा रहा है। समाज के सभी वर्गों को खुशी क्लास में सहयोग करनी चाहिए। कुलपति डॉ रश्मि ने कहा कि खुशी क्लास हर घर की जरूरत है। सकारात्मकता को गति देता यह अभियान अनूठा है। छात्र शक्ति में खुशी क्लास अद्भुत तरीके से शक्ति का संचार करता है। छोटे-छोटे उदाहरण अमृततुल्य होते हैं। प्रो डॉ संजय सिंह ने कहा कि मात्र 2 वर्षों में 587 गांवों में खुशी चौपाल व 516 स्कूलों में खुशी क्लास लगाना वास्तव में भागीरथी प्रयास है। बिना किसी सहयोग के ऐसा कार्यक्रम पूरे राज्य में चलाना, अपने आप में मिशाल है। मौके पर खुशी क्लास के संस्थापक सह संचालक मुकेश सिंह चौहान ने कहा कि मुश्किल-झंझावतों का मुकाबला आप कभी भी तनाव में रहकर नहीं कर सकते। तनाव मुश्किलों को और बढ़ा देता है। खुशी, सकारात्मकता में इतनी ताकत है कि यह आपको हर झंझावत से उबार कर मंजिल तक पहुंचा देता है। अंत में सभी जगह अपील की गई।

# राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में जिला स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित

**रामगढ़।** सीएम एसओई गर्ल्स स्कूल रामगढ़ में सोमवार को राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में जिला स्तरीय क्विज, चित्रांकन एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन जिला शिक्षा अधीक्षक संजीत कुमार की देखरेख में हुआ। जिसमें सभी प्रखंड से 18 बालक और 18 बालिका वर्ग के प्रतिभागी प्रतियोगिता में शामिल हुए। क्विज प्रतियोगिता में ओलंपिक इतिहास और भारत की उपलब्धि पर चित्रांकन प्रतियोगिता में स्वस्थ शरीर स्वस्थ जीवन और भाषण प्रतियोगिता में मेजर ध्यानचंद जी के जीवनी पर प्रतियोगिता किया गया। क्विज प्रतियोगिता में बालिका वर्ग में प्रथम स्थान कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय रामगढ़ की खुशनुमा परवीन, दूसरा स्थान झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय दुलमी की सुलेखा कुमारी और तीसरे स्थान पर उत्क्रमित उच्च विद्यालय चाड़ी हिंदी गोला की डिंपल ज्योति रही। बालक वर्ग में प्रथम स्थान आरएमएलएस हाई स्कूल बोंगाहारा मांडू का लव कुश कुमार यादव, उत्क्रमित हाई स्कूल लपंगा भुरकुंडा पतरातू के कनिष्क कुमार, और तीसरे स्थान पर उत्क्रमित उच्च विद्यालय जमीर दुलमी से आदित्य कुमार विजेता रहा। वहीं भाषण प्रतियोगिता में बालिका वर्ग में प्रथम स्थान पीएम श्री उच्च विद्यालय रजरप्पा प्रोजेक्ट चितरपुर से पल्लवी कुमारी और तीसरे स्थान पर कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय रामगढ़ की कुसुम कुमारी बनी। वहीं बालक वर्ग में प्रथम स्थान उत्क्रमित उच्च विद्यालय चांदी हिंदी गोला का दीपक कुमार, दूसरे स्थान पर सौंदा दी पतरातू उच्च विद्यालय से आयुष कुमार और तीसरे स्थान पर स प्लस टू हाई स्कूल मांडू से आशीष रविदास रहा। चित्रांकन प्रतियोगिता में बालिका वर्ग में प्रथम स्थान नवप्राथमिक विद्यालय बांसगड़ी पतरातू से सुलेखा कुमारी, दूसरे स्थान पर पीएम श्री उच्च विद्यालय रायपुर प्रोजेक्ट से दुर्गा करमाली, और तीसरे स्थान पर पीएम श्री उच्च विद्यालय कुलही दुलमी प्रखंड से बॉबी कुमारी रही।

### ऑपरेशन रेड हंट में पुलिस की बड़ी सफलता, चार स्थायी (लाल) वारंटियों की गिरफ्तारी

# 33 साल से फरार हत्या आरोपी समरू सिंह ओडिशा से पकड़ा गया



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** सिमडेगा पुलिस ने ऑपरेशन रेड हंट के तहत एक विशेष अभियान चलाकर लंबे समय से फरार चल रहे चार स्थायी (लाल) वारंटियों को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। इनमें से एक आरोपी पिछले 33 वर्षों से फरार था। पुलिस की इस कार्रवाई से जिले में सनसनी फैल गई है और आम जनता के बीच विश्वास और मजबूत हुआ है।ठेठईटांगर थाना क्षेत्र से 11 वर्षों से फरार कल्लू मांझी उर्फ कल्लू तुरी को गिरफ्तार किया गया, जिस पर युवती के अपहरण का मामला दर्ज था। वह टीटांगर थाना कांड संख्या 01/11 का आरोपी था और छापेमारी के दौरान मेरोमडेगा बरटोली से पकड़ा गया।वहीं कोलेबिरा थाना क्षेत्र से हत्या के आरोपी इन्दु नायक उर्फ इन्द्रजीत नायक को पकड़ा गया। यह आरोपी 17 वर्षों से फरार था और गिरफ्तारी से बचने के लिए बिहार के दीघा और ब्यापुर क्षेत्र में ईंट भट्ठा में काम करता रहा। मई 2025 में वह अपने घर कोलेबिरा लौटा और गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने उसे कोलेबिरा बाजार से गिरफ्तार कर लिया।इसी तरह पाकरटांड़ थाना क्षेत्र से 17 वर्षों से फरार बसंत भगत को दबोचा गया। वह कभी रांची के पुंदाग व बेड़ो क्षेत्र में तो कभी सिमडेगा में रहकर अपनी पहचान छुपाता रहा। वर्तमान में वह आसनबेड़ा गांव में रह रहा था और विशेष छापेमारी के दौरान कदमटोली जंगल से गिरफ्तार कर लिया गया।सबसे बड़ा मामला बानो गिरदा ओपी क्षेत्र का है, जहां से 33 वर्षों से फरार समरू सिंह को पुलिस ने ओडिशा के सुंदरगढ़ जिला स्थित झिरपानी से पकड़ा। उस पर मनोहरपुर (आनंदपुर) थाना कांड संख्या 66/92 और जीआर 383/92 में हत्या और षड्यंत्र से जुड़े गंभीर आरोप दर्ज थे।सिमडेगा पुलिस का यह अभियान न केवल लंबे समय से फरार चल रहे आरोपियों की गिरफ्तारी में सफल रहा बल्कि इससे यह भी स्पष्ट हो गया कि अपराधी चाहे कितने भी वर्षों तक फरार क्यों न रहे, कानून के शिकंजे से बच पाना संभव नहीं है।

## सरकारी शिक्षक के घर पर फंदे में झूलता मिला विधवा महिला का शव शिक्षक को किया गया गिरफ्तार



**सिमडेगा।** सिमडेगा के कुरडेग थाना क्षेत्र में एक सरकारी शिक्षक को पुलिस ने एक विधवा महिला से अवैध संबंध रखने और उसकी हत्या करने के आरोप में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। एसपी सिमडेगा एम अर्शी ने प्रेस वार्ता करते हुए बताया कि कुरडेग थाना क्षेत्र के रहने वाले सरकारी शिक्षक आनंद तिर्की के घर से मरंजनी देवी नामक एक विधवा महिला का शव फांसी के फंदे में झूलता हुआ मिला था। जिसके बाद मृतिका की बेटी ज्योति तिग्गा ने थाने में आवेदन देकर बताया था कि शिक्षक आनंद उसकी मां मरंजनी से अवैध संबंध रखा था। विगत सोमवार की शाम भी शिक्षक आनंद ने उसकी मां मरंजनी को अपने घर बुलाया था। जिसके बाद शिक्षक के घर से उसकी मां मरंजनी का शव फंदे में झूलता मिला। मृतिका की बेटी ने शिक्षक आनंद को अपनी मां के मौत का जिम्मेदार बताया है। मृतिका की बेटी के आवेदन के आधार पर पुलिस ने शिक्षक आनंद को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा।

## सिकारियाटांड़ में आजीविका महिला संकुल संगठन स्वालंबी सहकारी समिति की वार्षिक आम सभा संपन्न

**पाकरटांड़।** सिकारियाटांड़ आजीविका महिला संकुल संगठन स्वावलम्बी सहकारी समिति लिमिटेड की वार्षिक आम सभा आज दिनांक 28 अगस्त 2025 को उत्साह और गरिमामयी माहौल में सम्पन्न हुई। सभा का शुभारंभ बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स के स्वागत भाषण से हुआ, जिसके बाद पिछले वर्ष की बैठक की समीक्षा की गई।सभा के दौरान पूरे वर्ष का प्रगति प्रतिवेदन लेखापाल द्वारा प्रस्तुत किया गया। साथ ही ग्राम संगठन का ग्रेडिंग, वित्तीय वर्ष की विस्तृत कार्ययोजना और सहकारी समिति की वार्षिक आम सभा के उद्देश्य एवं महत्व पर चर्चा की गई। इस अवसर पर संगठन के पदाधिकारियों का चुनाव वोटिंग के माध्यम से सम्पन्न हुआ। साथ ही क्लस्टर के मानव संसाधन विषय पर विशेष विमर्श भी किया गया। पूर्व वित्तीय वर्ष में विभिन्न डोमेन के अंतर्गत सफलता की कहानियाँ दीदी की जुबानी सुनाई गईं।कार्यक्रम में मुखिया जसिंता उरांव की गरिमामयी उपस्थिति रही। इसके अतिरिक्त झारखण्ड राज्य ग्रामीण बैंक, सिमडेगा के ब्रांच मैनेजर, जिला कार्यालय पलाश जेएसएलपीएस के जिला प्रबंधक, एसएमआईबी, सीएचओ, पाकरटांड़ सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे। सैकड़ों की संख्या में स्वयं सहायता समूह की महिलाएँ शामिल हुईं और अपनी सक्रिय भागीदारी से सभा को सफल बनाया।महिला समूहों ने पारम्परिक तरीके से अतिथियों का स्वागत किया, जिससे पूरा वातावरण जीवंत और उत्साहपूर्ण बन गया। कार्यक्रम में क्लस्टर के अंतर्गत कार्यरत कैडरों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन पर सम्मानित किया गया। साथ ही विशिष्ट अतिथियों को पुष्प गुच्छ एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया। बेहतर प्रदर्शन करने वाले ग्राम संगठन एवं स्वयं सहायता समूहों को भी पुरस्कार प्रदान कर उत्साहवर्धन किया गया।इस वार्षिक आम सभा में जीएसएलपीएस बीएमएमयू पाकरटांड़ की पूरी टीम उपस्थित रही।

## न्यूज बॉक्स

### डीएवी सिमडेगा की हॉकी में बालक-बालिका टीम ने नेशनल के लिए क्वालीफाई किया




**सिमडेगा।** डीएवी पब्लिक स्कूल सिमडेगा की हॉकी टीमों ने राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए नेशनल के लिए क्वालीफाई किया।अंडर-19 बालक वर्ग की टीम ने टीसीआई गोविंदपुर को हराकर नेशनल टिकट हासिल किया, जबकि बालिका हॉकी टीम ने गोल्ड मेडल जीतते हुए नेशनल में जगह बनाई। दोनों वर्गों के मुकाबले रांची में खेले गए।इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्राचार्य सुजय कुमार मिश्रा ने प्रार्थना सभा में दोनों टीमों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।इधर राज्य स्तरीय एथलेटिक्स मीट के लिए डीएवी सिमडेगा से 13 सदस्यीय टीम डीएवी बिस्टुपुर, जमशेदपुर के लिए रवाना हुई।

### लचरागढ़ में गणेश महोत्सव बच्चों ने नृत्य से बांधा समा, कृष्णा बागड़ी प्रथम



**कोलेबिरा।** प्रखंड के लचरागढ़ स्थित शिव मंदिर परिसर में गणेश महोत्सव के अवसर पर गणपति युवा मंच द्वारा भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों, मंच के सदस्यों और महिला मंडल की संयुक्त रूप से फीता काटकर एवं गणेश वंदना के साथ हुई।कार्यक्रम के तहत छोटे-छोटे बच्चों के बीच नृत्य प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें सौरभ-प्रियंका, अंश-वंश, अंजली कुमारी, नयना सिंह-जिगास सिंह, परी कुमारी, कृष्णा बागड़ी, वर्षा कुमारी, तनिषा, अनोखी, आरोही, रूहानी, आनवी, साक्षी, अंजु, आयुष सिंह, सपना, प्रिंस-प्र्युश, आविया सिंह, निषा, प्रिंसी, तृषु, राधा और आरवी कुमारी सहित कई प्रतिभागियों ने आकर्षक प्रस्तुतियां दीं। सभी प्रतिभागियों ने अपनी नृत्य कला से दर्शकों का मन मोह लिया।जज की भूमिका बिनय अग्रवाल, संजय साहू और रामवतार अग्रवाल ने निभाई। प्रतियोगिता में कृष्णा बागड़ी ने 28.5 अंक पाकर प्रथम, आविया सिंह ने 27.5 अंक से द्वितीय तथा अनोखी कुमारी ने 27 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया। विजेताओं को मेडल और रिबन पहनाकर सम्मानित किया गया। वहीं सभी प्रतिभागियों को भी रिबन पहनाकर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर विजय साव, अंकित साव, टोनी अग्रवाल, टिंकु साहू, अंकित अग्रवाल, धनंजय सोनी, चंदन सोनी, नीतिश अग्रवाल, संजय दुबे, विनित अग्रवाल, किशन अग्रवाल, संदीप साहू, विकास सिंघल, अजय साहू, शालिक साहू, कविता देवी, बसंती देवी, पुष्पा देवी, ज्योति देवी, गीता देवी, रुक्मिणी देवी, वीणा देवी, नेहा देवी, जोशो देवी, राखी देवी समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### सिमडेगा में आदि कर्मयोगी अभियान के तहत डिस्ट्रिक्ट प्रोग्राम लैब का शुभारंभ

**सिमडेगा।** आदि कर्मयोगी अभियान के तहत डिस्ट्रिक्ट प्रोग्राम लैब का उद्घाटन उप विकास आयुक्त दीपांकर चौधरी एवं परियोजना निदेशक आईटीडीए सरोज ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम का आयोजन आशा होटल, सिमडेगा में किया गया।इस अवसर पर जिले के सभी प्रखंडों से पहुंचे करीब 50 ब्लॉक मास्टर ट्रेनरों को तीन दिवसीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है।उप विकास आयुक्त ने कहा कि सरकार की यह पहल जनजातीय समुदायों के विकास को नई दिशा प्रदान करेगी। उन्होंने बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य सरकारी कर्मियों में कार्य संस्कृति सुधारना, उत्तरदायित्व बढ़ाना तथा नागरिकों को त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण सेवाएं उपलब्ध कराना है। साथ ही, ब्लॉक स्तर पर कार्यरत मास्टर ट्रेनर जनजातीय क्षेत्रों में विकास की रफ्तार तेज करने और समुदायों को उनके अधिकारों एवं संसाधनों के प्रति जागरूक करने में अहम भूमिका निभाएंगे।कार्यक्रम के दौरान संबंधित विभागों के अधिकारियों को अभियान के लक्ष्यों के अनुरूप योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने तथा कार्यों की समयबद्ध मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। प्रशिक्षण के अंतर्गत अभियान की कार्यप्रणाली, लक्ष्य एवं विभिन्न गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी गई, ताकि प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर अपने-अपने क्षेत्रों में जाकर योजनाओं का सफल क्रियान्वयन कर सकें।

### गणेश पूजा उत्सव में नागपुरी सांस्कृतिक कार्यक्रम, कलाकारों की प्रस्तुतियों ने बांधा समां

**ठेठईटांगर।** थाना मुख्यालय के बाजार टोली में गणेश पूजा उत्सव के अवसर पर बुधवार की रात्रि बिरु म्यूजिकल ग्रुप गुमला के कलाकारों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।कार्यक्रम का उद्घाटन प्रमुख विपिन पंकज मिंज, मुखिया संगीता मिंज एवं अन्य अतिथियों ने सामूहिक रूप से फीता काटकर किया। कार्यक्रम की शुरुआत सुभाष महतो ने दुर्गा वंदना के साथ की। इसके बाद सीता देवी, प्रीति मेहर, रतन बड़ाइक, मनीषा लकड़ा ने ठेठ और आधुनिक नागपुरी गीतों की शानदार प्रस्तुति दी। वहीं सिप्पी बड़ाइक ने बेहतरीन नृत्य प्रस्तुत कर खूब तालियां और वाहवाही बटोरी।कार्यक्रम में प्रखंड प्रमुख विपिन पंकज मिंज, मुखिया संगीता मिंज, पूर्व मुखिया बंधू मांझी, दुर्गा पूजा समिति अध्यक्ष नरेंद्र बड़ाइक, सचिव संजय प्रसाद, उपाध्यक्ष मनोज सिंह, उदय बड़ाइक, रामनाथ महतो, विनोद कुमार, बिजय महतो, अरुण कुमार सिंह समेत अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित थे। सभी अतिथियों को समिति की ओर से शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।इस कार्यक्रम को सफल बनाने में परमानंद कुमार, राजा सुरजन प्रधान, दिलीप दास, विकास ठाकुर एवं अन्य समिति सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम का मंच संचालन श्रवण लाल ने किया।

## छोटानागपुर कल्याण निकेतन का संकल्प कोई परिवार न रहे योजनाओं से वंचित

**नवीन मेल ससंवाददाता**



**सिमडेगा।** छोटानागपुर कल्याण निकेतन द्वारा सिमडेगा जिले के बोलबा और आकांक्षी ब्लॉक बांसजोर प्रखंडों में डोर-टू-डोर "योजना से जुड़ाव अभियान" चलाया जा रहा है। इसका उद्देश्य उन वंचित परिवारों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना है, जो अब तक इनसे अछूते रह गए हैं।संस्था के कार्यकर्ता पंचायत, ग्राम और जिला स्तर पर गांव-गांव जाकर लोगों को वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, दिव्यांग पेंशन, आयुष्मान कार्ड, ई-श्रम कार्ड और राशन कार्ड जैसी सेवाएं पूरी तरह निःशुल्क उपलब्ध करा रहे हैं।अब तक इस अभियान के तहत 227 से अधिक परिवारों को योजनाओं से जोड़ा जा चुका है और दर्जनों पेंशन आवेदन संकलित किए गए हैं। इस प्रयास को सफल बनाने में संस्था के समर्पित कार्यकर्ता रोहित कुमार, मीणा कुमारी, मरियानुस और गौरव प्रधान की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।संस्था की सचिव प्रियंका सिन्हा ने कहा— "हमारा उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि जिले का कोई भी परिवार सरकारी योजनाओं से वंचित न रहे। बदलाव भले ही धीमी प्रक्रिया हो, लेकिन लगातार प्रयासों से हम हर जरूरतमंद तक जरूर पहुंचेंगे।ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना करते हुए बताया कि पहले योजनाओं का लाभ लेने के लिए उन्हें दूर-दराज के स्थानों पर भाड़ा खर्च कर जाना पड़ता था, जिससे समय और धन दोनों की हानि होती थी। अब सीकेएन की पहल से यह सुविधा उनके घर तक पहुंच रही है।संस्था ने सभी हितधारकों और समाजसेवियों का आभार जताते हुए जिले के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प दोहराया।

## बिजली, मुआवजा, पेंशन जैसी समस्याएं जनता दरबार में आईं सामने

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा के निर्देशानुसार गुरुवार को अपर समाहर्ता ज्ञानेन्द्र की अध्यक्षता में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दरबार में बड़ी संख्या में ग्रामीण अपनी समस्याओं के साथ उपस्थित हुए।अपर समाहर्ता ने सभी आवेदनों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया।जनता दरबार में मुख्य रूप से बिजली कनेक्शन उपलब्ध कराने, सांप के दंश से मृत व्यक्ति के आश्रित को मुआवजा दिलाने, मैया सम्मान योजना एवं आवास योजना का लाभ दिलाने, विकलांग प्रमाण पत्र निर्गत करने, पारिवारिक एवं विधवा पेंशन योजना का लाभ दिलाने जैसी सामाजिक सुरक्षा से जुड़ी समस्याएँ सामने आईं। इसके अलावा बारिश से हुए नुकसान का मुआवजा, भूमि सीमांकन, दाखिल-खारिज, जमीन पर अवैध कब्जा तथा गुमशुदा व्यक्ति की खोज संबंधी आवेदन भी प्राप्त हुए। जनता दरबार में कुल 28 आवेदन प्राप्त हुए, जिन पर अपर समाहर्ता ने आश्वस्त किया कि सभी प्रकरणों की शीघ्र जांच कर उचित कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।जनता दरबार का उद्देश्य ग्रामीणों की समस्याओं का त्वरित समाधान करना है, ताकि आमजन को सरकारी योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ समय पर मिल सके।

### सिमडेगा जैन भवन में पर्यूषण महापर्व का समापन क्षमापना पर्व से

**सिमडेगा।** सिमडेगा के जैन भवन सभागार में पर्यूषण महापर्व का समापन क्षमापना पर्व के रूप में किया गया। यह जैन समुदाय का महत्वपूर्ण आध्यात्मिक पर्व है, जो आत्मशुद्धि, क्षमा और ज्ञान की ओर प्रेरित करता है। जैन धर्म में पर्यूषण महापर्व आत्म-साधना का सबसे बड़ा त्यौहार माना जाता है, जो लगातार आठ दिनों तक चलता है। इस दौरान सिमडेगा जैन भवन में 12 घंटे का अखंड नवकार मंत्र पाठ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित जैन मुनि आचार्य डॉ. पद्मराज स्वामी जी महाराज ने कहा कि यह महापर्व आत्म-साक्षात्कार और आत्म-शुद्धि का अवसर है, जिसमें व्यक्ति स्वयं को पवित्र करता है और वसुधैव कुटुम्बकम की भावना को आत्मसात करता है।

## बानो प्रखंड में नेत्र जांच शिविर, 70 बच्चों की हुई जांच

**नवीन मेल संवाददाता**

**बानो।** महाबुवांग संकुल के महाबुवांग स्कूल परिसर में स्वास्थ्य विभाग बानो की ओर से नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर जिला अंधापन नियंत्रण कार्यक्रम, सिमडेगा के तहत आयोजित हुआ।शिविर में संकुल के 19 विद्यालयों के कुल 70 छात्र-छात्राओं की आंखों की जांच की गई। इसमें प्राथमिक विद्यालय बेर्निबेड़ा, रबई, सूत्रीउली, ओल्हान, महुआ टोली, एल्ला सहित अन्य स्कूलों के बच्चे शामिल हुए। बच्चों की जांच सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बानो के नेत्र सहायक अनु कच्छप और गुलशन केरकेट्टा ने की।नेत्र जांच के दौरान बच्चों को आंखों की देखभाल और स्वच्छता से जुड़ी जानकारी भी दी गई।



जरूरतमंद बच्चों की आगे की जांच एवं उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित करने की बात कही गई।इस अवसर पर रीता कुजूर, ओमप्रकाश, बालगोबिद पटेल, मनोज भगत, मणिशंकर कर्ण, सिसिलिया, मनोज यादव, बीआरपी लॉरेंस मिंज और मनोज महतो सहित विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा ग्रामीण उपस्थित रहे।

## सयुक्त आदिवासी मोर्चा के नगर भवन में करम मिलन समारोह 1 को

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** संयुक्त आदिवासी मोर्चा की एक बैठक गुरुवार को अनूप लकड़ा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि करम पर्व के अवसर पर आगामी 1 सितम्बर 2025 (सोमवार) को करम मिलन समारोह आयोजित किया जाएगा। पहले यह आयोजन स्थानीय परमवीर अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में प्रस्तावित था, किंतु संशोधित निर्णय के अनुसार यह कार्यक्रम अब नगर भवन में आयोजित होगा।बैठक में यह भी तय किया गया कि समारोह का शुभारंभ प्रातः 10 बजे परंपरागत रीति-रिवाज से पहान द्वारा पूजा-पाठ के साथ किया जाएगा। इसके उपरांत आमंत्रित अतिथियों का स्वागत किया जाएगा तथा सांस्कृतिक नृत्य-गान और संदेश का आयोजन होगा। समारोह में भाग लेने वाली सभी नृत्य टीमों को पुरस्कार प्रदान किए जाने का निर्णय लिया गया है।



बैठक में अनूप लकड़ा, बसंत लोंगा, नीरज बड़ाईक, रावेल लकड़ा, सुनील मिंज, प्रताप बाड़ा, प्रदीप टोप्पो, अर्पण कुजूर, रेजिना टोप्पो, सावधानी सोरेंग, प्रफुल्लित बिलूंग और चंदन सिंह सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## जल-जंगल-जमीन की सुरक्षा को लेकर कोलेबिरा विधायक की सरकार से सख्त मांग

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** कोलेबिरा विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी ने गुरुवार को विधानसभा में झारखंड के आदिवासियों के जल-जंगल-जमीन से जुड़े मुद्दे को जोरदार तरीके से उठाया। उन्होंने कहा कि आदिवासियों की पहचान और अस्तित्व उनके पुरखों की अर्जित भूमि एवं जंगल-पहाड़ से है, लेकिन सीएनटी-एसपीटी एक्ट का उल्लंघन कर उनकी जमीन हड़पी जा रही है। इससे आदिवासियों की संस्कृति और जनसंख्या दोनों प्रभावित हो रही है। विधायक ने मांग की कि सरकार कानून का सख्ती से पालन सुनिश्चित करे।सरकार की ओर से जवाब दिया गया कि अनुसूचित जनजाति की जमीन की सुरक्षा हेतु छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम की धारा 46, 48 और 240 के तहत हस्तांतरण पर रोक है। यदि कहीं अवैध रूप से भूमि का हस्तांतरण होता है तो धारा 71ए के तहत भूमि वापसी का प्रावधान है।वहीं गैर-सरकारी संकल्प के तहत विधायक कोनगाड़ी ने सिमडेगा जिले के टीआरडब्ल्यू में ट्रांसफार्मर मरम्मत और वितरण में हो रही अनियमितता का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने मांग की कि मरम्मत किए गए ट्रांसफार्मर का वितरण क्रमवार तरीके से होना चाहिए। विभाग की ओर से जवाब मिला कि वितरण में अनियमितता नहीं है, बल्कि विधायक एवं सांसद की मांग पर ट्रांसफार्मर आवंटित किए जाते हैं और इसकी सूची भी उपलब्ध है।

**विधानसभा सत्र** | बालू घाटों की बड़ा पैकेज तैयार करने पर भड़के विधायक भूषण बाड़ा, विधानसभा में उठाया सवाल, कहा

# प्राकृतिक संसाधनों पर हो स्थानीय लोगों का अधिकार

- **198.39 हेक्टेयर क्षेत्र के 14 बालू घाटों को मिलाकर बनाया गया बड़ा पैकेज।**
- **पैकेज का ग्रुप रिज़र्व प्राइस लगभग 35.61 करोड़ रुपये तय किया गया।**

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिमडेगा।** विधायक भूषण बाड़ा ने हाल ही में प्रशासन द्वारा सिमडेगा के 14 बालू घाटों को एक साथ जोड़कर 198.39 हेक्टेयर क्षेत्र का बड़ा पैकेज तैयार करने एवं इसका ग्रुप रिजर्व प्राइस लगभग 35.61 करोड़ रुपये रखे जाने पर गंभीरता दिखाते हुए कड़ी नाराजगी व्यक्त की है। इस मामले को लेकर विधायक भूषण बाड़ा ने गुरुवार को विधानसभा सत्र में आवाज उठाया है। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक संसाधन पर बाहरी का नहीं स्थानीय लोगों का अधिकार होता है। लेकिन प्रशासन के इस व्यवस्था से स्थानीय छोटे व्यवसायियों, बेरोजगार आदिवासी युवाओं और ग्रामीण स्तर पर बालू घाट चलाने वाले लोगों के सामने गंभीर संकट उत्पन्न हो गया है। विधायक ने कहा कि इतने बड़े पैकेज में बोली लगाने की क्षमता केवल बाहरी बड़े ठेकेदारों और कंपनियों के पास होगी। परिणामस्वरूप स्थानीय लोग पूरी तरह से वंचित रह जाएंगे और जिले का प्राकृतिक संसाधन बाहरी ठेकेदारों के हाथों में चला जाएगा। इसके बाद इन संसाधनों का दोहन होगा। विधायक ने कहा कि सरकार का उद्देश्य तो स्थानीय लोगों को आत्मनिर्भर बनाना और रोजगार उपलब्ध कराना है। लेकिन इस तरह के पैकेज सीधे-सीधे स्थानीय हितों की अनदेखी और बाहरी लोगों को लाभ पहुंचाने का काम करेंगे। उन्होंने पी पेसा एक्ट के तहत संबंधित बालू घाटों का आवंटन सुनिश्चित करने तथा पैकेज व्यवस्था को तत्काल रद्द करने की मांग की है।

### युवाओं को जिले में दें रोजगार, पलायन पर लगायें अंकुश : विधायक



**सिमडेगा।** विधानसभा के मानसून सत्र में विधायक भूषण बाड़ा ने सिमडेगा जिले में बढ़ते पलायन, मानव तस्करी और बेरोजगारी का मुद्दा उठाते हुए सरकार से ठोस कदम उठाने की मांग की। उन्होंने कहा कि जिले में रोजगार के अभाव में महिलाएं और किशोर बड़ी संख्या में बाहर पलायन को विवश हैं।सरकार की ओर से बताया गया कि रोजगार मेला, कौशल प्रशिक्षण, जेएसएलपीएस और मनरेगा के जरिए रोजगार सृजन किया गया है। 2023 से अब तक हजारों युवाओं को प्रशिक्षण व कुछ को प्लेसमेंट मिला है। मनरेगा के तहत लाखों मानव दिवस भी सृजित हुए हैं। मानव तस्करी के खिलाफ पुलिस ने कई मामलों में चार्जशीट दायर की है।लेकिन विधायक ने इन जवाबों को खानापूर्ति बताते हुए असंतोष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मनरेगा जैसे अस्थायी रोजगार से परिवार की आर्थिक स्थिति सुधर नहीं सकती। कौशल विकास के नाम पर युवाओं को बाहर भेजना पलायन को बढ़ावा देना है। उन्होंने सवाल उठाया कि बाहर प्लेसमेंट पाने वाले युवाओं की सुरक्षा कितनी सुनिश्चित है।विधायक ने कहा कि कृषि कार्य समाप्त होते ही हर गांव से 10-15 लोग रोजगार की तलाश में बाहर जाते हैं, यही आगे चलकर तस्करी और शोषण का रूप लेता है। उन्होंने सरकार से स्पष्ट पूछा कि क्या जिले में उद्योग या कंपनी स्थापित करने पर विचार हो रहा है ताकि स्थानीय स्तर पर युवाओं को रोजगार मिल सके।

### गुरुजी के श्रद्धांजलि कार्यक्रम में वितरित की गई धोती-साड़ी

**सिमडेगा।** सदर प्रखंड के बीरू में विश्व जागृति मिशन नई दिल्ली के तत्वाधान में शांति नेत्रालय में दिशोम गुरु शिबू सोरेन के निधन पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम रखा गया एवं लोगों के बीच धोती साड़ी का वितरण किया गया है।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल पूर्व मंत्री व गोंड महासभा अध्यक्ष विमला प्रधान ने कहा की सोरेन गुरु शिबू सोरेन आदिवासी दलित के उत्थान के लिए हमेशा संघर्षरत रहे उन्होंने महाजनों के विरुद्ध आदिवासियों को जागरूक किया और कहा की शराब से दूरी बनाएं क्योंकि शराब की वजह से अपना जमीन गिरवी रखने की नौबत आती है और बाल बच्चों का भविष्य भी खराब हो रहा है, शिबू सोरेन जरूर राजनीति में थे पर आदिवासी समाज के लिए हमेशा वह चिंतित रहते थे।

### गुरुजी मानते थे बिनोद बाबू को पिता समान,उन्होंने लिखा झारखंड पिता बिनोद बाबू

# झामुमो की आधिकारिक मान्यता की मांग राज्य पिता बनें शिबू सोरेन

**नवीन मेल संवाददाता**

- **विनोद बाबू झारखंड के पिता एवं झारखंड मुक्ति मोर्चा के जन्मदाता में से थे। सन 1970 की बात है जब मैं जैना मोड़ में रहता था, उसी समय सनत संथाल समाज और शिवाजी समाज दोनों ही सामाजिक संगठन बहुत ही सशक्त स्वरूप और मजबूत आधार प्राप्त कर चुके थे**





**धनबाद।** झारखंड मुक्ति मोर्चा की आधिकारिक मान्यता की मांग हैं कि शिबू सोरेन को राज्य पिता का दर्जा मिलें।जिसको लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय प्रवक्ता मनोज पांडेय ने मंगलवार को सीएम हेमंत सोरेन को एक ज्ञापन भी सौंपा। ज्ञापन के अनुसार दिशोम गुरु स्व. शिबू सोरेन को झारखंड का राज्य पिता के रूप में अधिसूचित करने की मांग की गई है।लेकिन,स्वयं शिबू सोरेन झामुमो के संस्थापक और प्रथम अध्यक्ष बिनोद बिहारी महतो को पिता समान मानते थे। बिनोद बाबू शिबू सोरेन के राजनीतिक गुरु भी थे।उन्होंने एक आलेख के माध्यम से झारखंड पिता बिनोद बाबू को कहा था। यह सोशल मीडिया में वायरल एक आलेख की प्रति से स्पष्ट होता हैं।शिबू सोरेन ने स्वयं बिनोद बाबू को झारखंड का पिता माना हैं।

वायरल आलेख की प्रति में लिखा हुआ हैं - शीर्षक : झारखंड पिता बिनोद बाबू।, शिबू सोरेन "सांसद" अध्यक्ष, झारखंड मुक्ति मोर्चा मुख्य संरक्षक, झारखंड बुद्धिजीवी मंच। "किसी व्यक्ति के राजनीतिक संबंध तो व्यावहारिकता के स्तर पर स्थापित होते हैं, किन्तु वे संबंध जब व्यक्तिगत श्रद्धा और आस्था का आयाम पा जाते हैं, तो उनकी सार्थकता एक सामाजिक धरोहर बन जाती हैं। स्व. बिनोद बाबू मेरे पिता तुल्य थे।उन्होंने मुझे अपनी संतान की तरह निश्चल और अविरल प्यार दिया। मेरे झारखंड के लिए राजनीतिक संघर्ष की कहानी के वही आदि बिंदु थे और अपने जीवन के अंतिम दिनों में वही इसके उत्कर्ष का प्रतीक भी बने। विनोद बाबू झारखंड के पिता एवं झारखंड मुक्ति मोर्चा के जन्मदाता थे। सन 1970 की बात है जब मैं जैना मोड़ में रहते थे, उसी समय सनत संथाल समाज और शिवाजी समाज दोनों ही सामाजिक संगठन बहुत ही सशक्त स्वरूप और मजबूत आधार प्राप्त कर चुके थे। इनके पीछे झारखंड का विशाल जन समुदाय समर्पित रूप से खड़ा था और कुछ भी कर गुजरने के लिए आह्वान की प्रतीक्षा कर रहा था। ऐसे निर्णायक समय में विनोद बाबू ने ही दोनों समाजों का विलय करने का सुझाव दिया और फल स्वरुप झारखंड मुक्ति मोर्चा जैसे सशक्त राजनीतिक दल का अभ्युदय हुआ। इस समय हुए इस झारखंड आंदोलन की पृष्ठभूमि तैयार में सामाजिक आंदोलनों को भी साथ-साथ लेकर चलना पड़ा। जैसे आदिवासियों को शराब नहीं पीने देना, महाजनों द्वारा किए जा रहे गरीब आदिवासियों पर अत्याचार को रोकना।

सन 1972 से 1974 तक सामाजिक एवं राजनीतिक आंदोलन दोनों ही साथ-साथ जोरों पर चल। 1972 से 1982 तक विनोद बाबू और हमने साथ-साथ राजनीतिक संघर्ष किया। बीच में वैचारिक मतभेद के कारण हम एक दूसरे से अलग हुए, ऐसा इसलिए हुआ कि उनके जनाधार और वामपंथी रुझान का एक बाहर से टपके हुए नेता ने अपने निहित स्वार्थ के लिए दुरुपयोग करने की चेष्टा की। इन मतभेदों के बावजूद सामान्य मुद्दों को लेकर 1987 में हम दोनों फिर एक हो गए।

## लोहरदगा नगर भवन में आयोजित मोमिन कॉन्फ्रेंस होगा ऐतिहासिक

**लोहरदगा।** लोहरदगा सदर प्रखंड मुख्यालय के समीप स्थित नया नगर भवन में आगामी 14 सितंबर को ऑल इंडिया मोमिन कॉन्फ्रेंस का भव्य सम्मेलन होना तय पाया गया है। उक्त सम्मेलन में आल इंडिया मोमिन कॉन्फ्रेंस के राष्ट्रीय अध्यक्ष, प्रदेश अध्यक्ष के अलावा कई सम्मानित नेता मोमिन कॉन्फ्रेंस के शामिल होंगे। उक्त आशय की जानकारी देते हुए जिला अध्यक्ष हाजी सिकंदर अंसारी ने बताया कि ऑल इंडिया मोमिन कॉन्फ्रेंस को लोहरदगा जिला में सशक्त बनाने हेतु और सम्मेलन को सफल बनाने को लेकर जिला स्तरीय कोर कमिटी का गठन किया गया है।

जिसमें हाजी अब्दुल जब्बार अंसारी, हाजी सिकंदर अंसारी, जहूर अंसारी, ऐनुल अंसारी, सवारत हुसैन, हाजी मुमताज अंसारी, इम्तियाज अंसारी, एजाज अंसारी, समसुद्दीन अंसारी,रूस्तम अंसारी और रौनक एकबाल को शामिल किया गया है।

## न्यूज बॉक्स

### जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने किया ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण



**धनबाद।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त आदित्य रंजन ने गुरुवार को कोहिनूर मैदान स्थित ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ईवीएम कक्ष का सील, सुरक्षा, सीसीटीवी कैमरे, अग्निशमन यंत्र सहित पूरे परिसर का निरीक्षण किया। साथ ही रख-रखाव एवं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के बाद जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि यह मासिक रूटीन निरीक्षण है। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार प्रत्येक माह ईवीएम वेयर हाउस की स्थिति का निरीक्षण करना होता है। मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी कालिदास मुंडा, निर्वाचन शाखा के सागर कुमार (भजोहरि), राकेश कुमार, रजक अंसारी, सजल मंडल व अन्य कर्मी मौजूद थे।

### बिजली से संबंधित समस्याओं को लेकर मुखिया ने सहायक अभियंता को सौंपा ज्ञापन



**कतरास ।** गुरुवार को मुखिया भीम लाल रजक एवं पंचायत समिति सदस्य लक्ष्मीनारायण रजक ने ग्रामीण संग बौआ कला उत्तर पंचायत अंतर्गत विभिन्न ग्रामों में बिजली से संबंधित समस्याओं को लेकर विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल कतरास के सहायक विद्युत अभियंता राकेश कुमार महतो से मुलाकात की एवं ज्ञापन सौंपा।ज्ञापन के माध्यम से मुखिया ने अवगत कराया कि संपूर्ण पंचायत के विभिन्न गांवों में बिजली के तारों की स्थिति जर्जर हैं।वहीं तालाब से होकर भी बिजली के तार पार किए गए हैं।जिसके नीचे जाली नहीं हैं।कई मोहल्लों में तार काफी ढीले हो गए,जो झूल रहें हैं।जर्जर बिजली के तारों की समस्या के अतिरिक्त खंभों एवं ट्रांसफार्मर के समीप झाड़ियां भी उग आई हैं।जिसकी साफ - सफाई जरूरी हैं।ग्रामीणों के बिजली बिल एवं मीटर आदि से संबंधित समस्याओं को भी बताया गया।जिस पर सहायक विद्युत अभियंता ने आश्वस्त किया कि यथासंभव त्वरित कार्रवाई कर समस्याओं को दूर करने का प्रयास किया जाएगा।इसको लेकर सर्वेक्षण कार्य होगा।तत्पश्चात जो हो सकता हैं,उसका निदान होगा।

सकारात्मक आश्वासन पर मुखिया एवं पंचायत समिति सदस्य ने ग्रामीणों की ओर से धन्यवाद दिया एवं आभार जताया।मौके पर शिव कुमार महतो, प्रकाश रवानी,प्रदीप सिंह एवं अन्य मौजूद रहें।

## झारखंडी भाषा साहित्य अकादमी का गठन करे सरकार: ममता देवी



रामगढ़ । रामगढ़ विधायक ममता देवी ने झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान शून्यकाल में झारखंड की अस्मिता, गौरव और पहचान से जुड़े एक महत्वपूर्ण मुद्दे को उठाते हुए झारखंडी भाषा साहित्य अकादमी के गठन की मांग राज्य सरकार से की। विधायक ममता देवी ने कहा कि झारखंडी भाषाएं हमारी पहचान और गौरव हैं। झारखंड की विविध भाषाएं जैसे नागपुरी, कुडमाली, पंचपरगनिया, खोरठा, हो, संथाली, मुंडारी, खड़िया, और अन्य भाषाएँ हमारी संस्कृति की आत्मा हैं। इन भाषाओं का संरक्षण और संवर्धन केवल हमारी परंपरा को जीवित रखने के लिए ही नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को अपनी जड़ों से जोड़े रखने के लिए भी जरूरी है। उन्होंने कहा कि झारखंडी भाषा साहित्य अकादमी का गठन होने से न केवल भाषाओं और संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि राज्य के साहित्यकारों, कलाकारों, कवियों, लेखकों और विद्वानों को उनका योग्य सम्मान, मंच और पहचान भी प्राप्त होगी। अकादमी के माध्यम से साहित्य और संस्कृति से जुड़े आयोजनों को बढ़ावा मिलेगा, झारखंड की भाषाओं पर शोध एवं प्रकाशन का कार्य तेज होगा और युवा पीढ़ी को भी मातृभाषाओं से जोड़ने में मदद मिलेगी। विधायक ममता देवी ने यह भी कहा कि भाषाओं और संस्कृति की उपेक्षा से समाज कमजोर होता है। झारखंड की माटी से जुड़े कलाकार, साहित्यकार और विद्वान लंबे समय से अपने सम्मान और पहचान के लिए संघर्ष कर रहे हैं। सरकार को चाहिए कि वह जल्द से जल्द झारखंडी भाषा साहित्य अकादमी का गठन कर इन लोगों के सपनों को साकार करे। उन्होंने विधानसभा में उपस्थित सभी सदस्यों से अपील करते हुए कहा कि यह विषय किसी एक क्षेत्र या जाति का नहीं बल्कि पूरे झारखंड की आत्मा और अस्मिता का है। इसलिए दलगत राजनीति से ऊपर उठकर सभी को इस दिशा में सरकार को मजबूत करने की जरूरत है।

### उपायुक्त ने चार सदस्यीय समिति के साथ की बैठक

# सभी प्रशिक्षुओं के लिए ई-विद्या वाहिनी में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य होगा



**नवीन मेल संवाददाता**

**धनबाद ।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन की अध्यक्षता में गुरुवार को जिले के 15 शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान में सत्र 2024-26 के लिए बी.एड. व डी.ईएल.एड में अध्ययनरत प्रशिक्षुओं के 4 सप्ताह का अभ्यास पाठ के लिए गठित चार सदस्यीय समिति की बैठक आयोजित की गई। इस दौरान उपायुक्त ने कहा कि सभी प्रशिक्षुओं के लिए ई-विद्या वाहिनी में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य होगा। अटेंडेंस भी बायोमैट्रिक से करना होगा। प्रशिक्षुओं को विद्यालय आवंटन शिक्षक-छात्र अनुपात एवं दूरी के आधार पर करें। उन्होंने पारदर्शिता रखकर विद्यालय आवंटन करने का निर्देश दिया। मौके पर समिति के सदस्य सह जिला शिक्षा पदाधिकारी अभिषेक झा, सदस्य जिला शिक्षा अधीक्षक आयुष कुमार तथा सदस्य सह प्राचार्य अल इकरा शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, गोविन्दपुर, कुमार बीएड कॉलेज, बाघभारा, रवि महतो स्मारक प्रशिक्षण महाविद्यालय, महुदा, दामोदर वैली शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय निरसा, आरएस शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, कतरासगढ़, प्रजन्या शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, बलियापुर, धनबाद शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, गोपालगंज, एसएसएलएनटी महिला महाविद्यालय, धनबाद, आरएसपी कॉलेज, बेलगड़िया, शमशुल हक मेमोरियल शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, आम्बोना, तथागत शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, जोडापीपल, तैयब मेमोरियल शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, गोविन्दपुर, राजीव गांधी मेमोरियल शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, डिगवाडीह, बिनोद बिहारी मेमोरियल शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, साहुबहियार, तोपचांची, के.के. शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, गोविन्दपुर के प्राचार्य मौजूद थे।

### तीन सड़कों की मरम्मती की मिली स्वीकृति

## पीएम व सीएम ग्राम सड़क योजना से निर्मित मार्गों की मरम्मती के लिए है विशेष योजना : मंत्री

**नवीन मेल संवाददाता**

- **विभागीय मंत्री दीपिका सिंह ने सवालों का आंशिक स्वीकारोक्ति करते हुए विधायक को कई महत्पूर्ण जानकारी दी**



**बरही ।** क्षेत्र की समस्याओं को लेकर मुखर रहे विधायक मनोज कुमार यादव ने अपने तारांकित प्रश्नों से सदन को क्षेत्र के खस्ताहाल मार्गों की स्थिति से अवगत कराते हुए विभागीय मंत्री से सवाल पूछते हुए मरम्मती की मांग की. जिसमें अलगड़ीहा मोड़ से बैरिसाल नया पुल तक, आरईओ रोड तिलैया बस्ती खेल मैदान से धोबियापहरी सीमा तक, बरियठ्ठा से चतरो तक, पांच माईल से जतराटांड़ और गौरियाकरमा हाई स्कूल से निचितपुर तक के मार्ग शामिल हैं. विभागीय मंत्री दीपिका सिंह ने सवालों का आंशिक स्वीकारोक्ति करते हुए विधायक को कई महत्पूर्ण जानकारी दी. मंत्री ने बताया कि मुख्यमंत्री ग्राम सड़क सुदृढ़ीकरण योजना के तहत स्वीकृति के बाद आरईओ रोड तिलैया बस्ती खेल मैदान से धोबियापहरी सीमा तक की निविदा की प्रक्रिया जारी है. पांच माईल से जतराटांड़ तक 3700 मीटर सड़क की विशेष मरम्मती के लिए भी स्वीकृति प्रदान की गई है. बरसात के बाद प्रक्रिया प्रारंभ किए जाएंगे. हाई स्कूल गौरिया करमा से निचितपुर तक के मार्ग को डीएमएफटी मद से कराया जाएगा. पीएम व सीएम ग्राम सड़क योजना के तहत निर्मित मार्गों की मरम्मती के लिए विशेष योजना चलाई गई है. इसके अलावा शेष मार्गों को बजटीय उपबंध के आधार पर अग्रेतर कार्रवाई की जाएगी. जब हमारा सड़क मार्ग सही नहीं होगा तब तक राज्य विकास की ओर नहीं बढ़ेगा। सड़क के अभाव में रोजगार भी मंदा हो जाता है।

## गैस कंटेनर की चपेट में आया बाईक सवार एक की मौत दूसरा घायल

**नवीन मेल संवाददाता**

बरही । बाईक से घर लौट रहे बेला (चौपारण) निवासी निर्भय कुमार (19 वर्ष) पिता स्व अजय राणा का पुरहरा मोड़ के पास एक गैस कंटेनर ने अपने चपेट में ले लिया. जिससे मौके पर उसकी मौत हो गई. वही बाईक पर बैठा उसका दोस्त रोहित कुमार पिता कैलाश साव गंभीर रूप से घायल है. जानकारी के अनुसार मृतक अपने दोस्त के साथ बरही कोर्ट से अपना कुछ निजी काम करवाकर वापस लौट रहा था. इसी क्रम में पुरहारा मोड़ के समीप स्पीड ब्रेकर के पास वह अपनी बाइक धीमा किया, इसी क्रम में पीछे से तेज रफ्तार से आ रही गैस कंटेनर ने जोरदार धक्का दिया. जिसमे बाईक चालक की तत्काल मौत हो गई वही उसका साथी टैंकर में जा फंसा. जिसे स्थानीय लोगों की मदद से निकालकर अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया. जहां प्राथमिक इलाज के बाद हजारीबाग रेफर कर दिया गया. सूचना मिलते हीं स्थानीय पुलिस पहुंचकर घटना का जायजा लेते हुए अग्रेतर कारवाई की प्रक्रिया प्रारंभ किया. मौके पर कई जनप्रतिनिधि व समाजसेवी भी पहुंचकर उचित मुआवजा की मांग कर रहे थे. लोगों ने बताया कि कुछ ही माह पूर्व उसके पिता की मृत्यु हुई थी. वह अपने घर में दो भाई व एक बहन में सबसे था. जिसका कोलकाता में एक सरकारी विभाग में नियुक्ति होने वाला था. काउंसलिंग और दस्तावेज सत्यापन किया जा चुका था. दुर्घटना व मौत की सूचना से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल था.

## बेसहारों का आसरा बना विनोद प्रगतिशील फाउंडेशन

**बरही ।** "जिसका कोई नहीं उसका खुदा है यारों" वाली उक्ती बरही के एक मात्र सक्रिय व समाजसेवी स्वयं सेवी संस्थान विनोद प्रगतिशील फाउंडेशन के लिए सटीक देखने को मिल रहा है. रविवार की रात्रि को दुलमहा ग्राम के एक दलित उमेश भुइयां का कच्चा घर गिर गया था. संयोगवश कोई हताहत नहीं हुआ परंतु घर में बंधे मवेशी व रखा हुआ राशन मलवे में दब गया. रहने, खाने और घर के समान सुरक्षित रखने के लिए उनके पास कोई साधन नहीं था. इस विपदा की घड़ी में फाउंडेशन पीड़ित परिवार के लिए एक बड़ा सहारा बना. अध्यक्ष मंजीत यादव की अगुवाई में फाउंडेशन ने गुरुवार को पीड़ित परिवार को चावल, दाल, त्रिपाल और बच्चो के लिए तीन सेट कपड़ा उपलब्ध करवा कर राहत देने का काम किया है. अध्यक्ष श्री यादव ने कहा कि गरीब व बेसहारों का सहारा बनना ही उनके फाउंडेशन का मुख्य उद्देश्य हैं.

**Office of the Executive Engineer, Minor Irrigation, Quality Control Division, Ranchi. Water Resources Department**

Email: eeqcdrnc@gmail.com website: http://jharkhandtenders.gov.in

**Corrigendum PR 359242 (Water Resource) 25-26*D**

**e-Expression of Interest (EOI) for Empanelment of only Indigenous Manufacturers of 5HP, 7.5 HP & 10 HP Pumps (AC Surface water Pumps) with all accessories for off-grid Stand alone Solar Photovoltaic Water Pumping Systems Guaranteed for 5 years through online bidding to provide irrigation in different kinds of Minor Irrigation Schemes under Water Resources Department, Government of Jharkhand.**

This is to inform that in continuation of the implementation of e-EOI Reference No– WRD/MIQCD/RANCHI-01/2025-26, **Item 3 of EOI (Pre-Bid Meeting) date and time should be read as 02.09.2025 at 3:00 pm in Place of 29.08.2025 at 3:00 pm and Item 6 of EOI (Date and time of opening of bid) date and time should be read as 20.09.2025 at 5:00 pm in Place of 20.09.2025 at 2:00 pm .**

Executive Engineer,
Minor Irrigation, Quality Control Division, Ranchi
Water Resources Department, Jharkhand

PR 360586 (Minor Irrigation)25-26*D

## विभाग स्तरीय प्रश्न मंच प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर किया गौरवान्वित

**लोहरदगा।** सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर, लोहरदगा ने हाल ही में विद्या भारती योजना के तहत आयोजित विभाग स्तरीय प्रश्न मंच प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया है। इस प्रतियोगिता में, विद्यालय के भैया-बहनों ने विभिन्न विषयों में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त कर विद्यालय और अभिभावकों को गौरवान्वित किया है। वैदिक गणित प्रश्न मंच प्रतियोगिता में विद्यालय को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। वहीं, संगणक विषय में भी द्वितीय स्थान हासिल किया गया। विज्ञान, संस्कृति ज्ञान और संस्कृत विषयों में भैया-बहनों ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कथा कथन प्रतियोगिता में भी विद्यालय ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि अंग्रेजी विषय में भैया-बहनों ने प्रथम स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। विद्यालय के प्रबंधकारणी समिति के अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल, उपाध्यक्ष विनोद कुमार राय, सचिव अजय प्रसाद, विभाग प्रमुख ओम प्रकाश सिंहा और प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र पांडे ने भैया-बहनों को उनकी सफलता के लिए हार्दिक शुभकामनाएं और आशीर्वाद दिया।

### श्री दिगंबर जैन मंदिर में श्री दशलक्षण महापर्व का हुआ शुभारंभ हुआ

# जो मानव अपना कल्याण चाहते हैं वे हमेशा धर्म के मार्ग का अनुसरण करें : मानिक चंद जैन

**नवीन मेल संवाददाता**

- **श्री दशलक्षण पर्व के प्रथम दिन उत्तम क्षमा धर्म की हुई पूजा**



रामगढ़। शहर के मेन रोड स्थित श्री दिगंबर जैन मंदिर में गुरुवार को श्री दशलक्षण महापर्व (पर्यूषण पर्व) का शुभारंभ हुआ। दशलक्षण महापर्व के प्रथम दिन उत्तम क्षमा धर्म की विधि पूर्वक पूजा अर्चना की गई। श्री दिगंबर जैन समाज के पूर्व अध्यक्ष मानिक चंद जैन ने कहा कि दशलक्षण महापर्व धर्म के दस स्वरूप हैं। उन्होंने कहा कि श्री दशलक्षण पर्व वितरागता का पोशाक त्याग, तपस्या, संयम एवम् साधना का पर्व है। श्री दिगंबर जैन समाज के पूर्व अध्यक्ष मानिक चंद जैन ने उत्तम क्षमा धर्म के संबंध में बताया कि संसार में प्रत्येक मानव प्राणी के लिए क्षमा रूपी शास्त्र इतना आवश्यक है कि जिनके पास यह क्षमा नहीं होती वह मनुष्य संसार में अपने इष्ट कार्य की सिद्धि नहीं कर सकता है। क्षमा आत्मा का धर्म है इसलिए जो मानव अपना कल्याण चाहते हैं उन्हें हमेशा इस भावना की रक्षा करनी चाहिए। क्षमावान् मनुष्य का इस लोक और परलोक में कोई शत्रु नहीं होता है। क्षमा ही सर्वधर्म का सार है। क्षमा ही सम्यग्दर्शन, ज्ञान, चारित्र रूप आत्मा का मुख्य सच्चा भंडार है। जैसे कि उत्तम क्षमा गुणों के समूह के साथ रहने वाली है अर्थात् उत्तम क्षमा के होने से अनेक गुण प्रगट हो जाते हैं। यह उत्तम क्षमा मुनियों को बड़ी प्यारी है। यह उत्तम क्षमा विद्वानों के लिए चिन्तामणि है अर्थात्चिन्तामणि रत्न के समान है। इच्छित पदार्थों के देने वाली है। इसी तरह विद्वानों को उत्तम क्षमा से इच्छित ज्ञानादिक प्राप्त होते हैं। ऐसी यह उत्तम क्षमा चित्त की एकाग्रता होने से उत्पन्न हो जाती है। क्षमा वीरस्य भूषणनः अर्थात् क्षमा धर्म वीर पुरुष का भूषण है। जिनके पास क्षमारूपी शास्त्र है, उनका शत्रु क्या कर सकता है? वैरी को जीतने में देर नहीं लगती है। क्षमावान् हमेशा सुखी रहता है। क्षमा वाले पुरुष का संसार में कोई भी शत्रु नहीं है। दिगंबर जैन समाज के पूर्व अध्यक्ष मानिक चंद जैन ने कहा कि क्षमावान् पुरुष हमेशा गंभीर रहता है, क्रोधी मनुष्य हमेशा दुबला-पतला रहता है। क्रोधी मनुष्य को कोई भी विश्वास नहीं करता अपने और पर का भी घात कर डालता है। क्रोधी मनुष्य की आंख हमेशा लाल रहती है जिस समय उनको क्रोध आता है तब उनका सारा शरीर कांप उठता है और उसको सुध-बुध नहीं रहती है। इस अवस्था में वह कई अनर्थ कर बैठता है और धर्म-कर्म आदि सभी बातों को भूल जाता है।

**वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, रॉंची**

**सर्वसाधारण के लिए सूचना**

उपरोक्त लोअर बाजार थाना कम्पलेन केश सं0– 2009/1808– धारा–498 (ए) भा0द0वि0 के अभियुक्त कमरूल जमा खान, पे0–स्व0 रियाज अली खान, सा0–इस्लामनगर, नियर पत्थलकुदवा चौक, थाना–लोअर बाजार, जिला–राँची का माननीय न्यायालय से इस्तेहार निर्गत किया गया है।

**Court of Ms. Rupam Topo Chandan S.D.J.M, Ranchi**

Schedule XLIII-High court(M) 31C, [Old Criminal Process No. 4]

PROCLAMATION REQUIRIND THE APPEARANCE OF A PERSON ACCUSED

[Form No. 4 Schedule II Act 2 1974]

लोअर बाजार थाना कम्पलेन केश सं0– 2009/1808–

(Section 82 of the the Cr. P.C./84 of the BNSS

1. नाम व शिल पता चूंकि मेरे पास नालिश की गई है(1) अभियुक्त कमरूल जमा खान, पे0–स्व0 रियाज अली खान, सा0–इस्लामनगर, नियर पत्थलकुदवा चौक, थाना–लोअर बाजार, जिला–राँची
2. किया है या करने का उस पर शुवहा है। जो व–मुजिब दफा मजमूअए तावीरात हिन्द के सजा के लायक है (2) लोअर बाजार थाना कम्पलेन केश सं0– 2009/1808–
3. नाम अभियुक्त कमरूल जमा खान, पे0–स्व0 रियाज अली खान, सा0–इस्लामनगर, नियर पत्थलकुदवा चौक, थाना–लोअर बाजार, जिला–राँची और व–तामील वारन्ट गिरफ्तारी जो बाद अर्जा जारी हुआ वा यह कैफियत दी गई है कि (3) वर्तमान थाना–लोअर बाजार, जिला–रॉंची जब
4. फरार हुआ है या रूपोश है ताके वारन्ट मजकुर उसपर पाये नहीं जाते है और चूंकि ब–तशफ्फी हमारे साबित किया जरी न हो सके। गया है कि (3) जब
5. मोकाम। सा0–इस्लामनगर, नियर पत्थलकुदवा चौक, थाना–लोअर बाजार, जिला–राँची फरार मजकुर इसलिए बजरिये इस के इश्तिहार दिया जाता है कि धारा–498 (ए) भा0द0वि0 मजकुर साकिन ब–मोकाम(5)
6. इस अदालतव रूबरू मेरे। अ–हजुर(6) ब–तारीख 25 माह 09.2025

नालिश–मजकुर करे जवाब देही के लिए हाजिर हो आज तारीख 05 माह 08 सन् 2025

Court of Ms. Rupam Topo Chandan S.D.J.M, Ranchi

अतः सभी जन साधारण से अनुरोध है कि यदि अभियुक्त कमरूल जमा खान, कहीं मिलते/दिखते हैं तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक कार्यालय/Court of Ms. Rupam Topo Chandan S.D.J.M, Ranchi के न्यायालय में इसकी सूचना दें या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी जानकारी दें

पुलिस उपाधीक्षक, नगर, राँची। – 9431706139

थाना प्रभारी, लोअर बाजार, रॉंची। – 9431706171

पुलिस उप–महानिरीक्षक–सह–वरीय पुलिस अधीक्षक, राँची

PR 360628 Police (25-26)_D

सुप्रभात

विचार प्रवाह

जब व्यक्ति को अपने गुरु मिल गए हों, तो उनके प्रति निशर्त भक्ति रखनी चाहिए, क्योंकि वे ईश्वर का माध्यम हैं। गूरु का एकमात्र उद्देश्य शिष्य को आत्म-साक्षात्कार प्रदान करना है, गुरु जो प्रेम शिष्य से प्राप्त करते हैं, उसे वे ईश्वर को दे देते हैं। - **श्री श्री परमहंस योगानंद**

## संपादकीय

### अमेरिका से बड़ी आर्थिक महाशक्ति बनता भारत

2038 तक अमेरिका को पछाड़ भारत बन सकता है दूसरी बड़ी अर्थव्यवस्था! अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के अनुमान के आधार पर ईवाई का दावा है कि भारत की युवा आबादी, उच्च बचत दर, सुधारवादी नीतियां और नई तकनीकों में निवेश उसे वैश्विक अर्थव्यवस्था का अहम स्तंभ बनाने में मदद करेंगे। इसके दम पर भारत 2038 तक दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकता है।वैश्विक परामर्श कंपनी ईवाई की रिपोर्ट के मुताबिक भारत 2038 तक खरीद शक्ति समानता (पीपीपी) के आधार पर दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकता है। उस समय भारत का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) 34.2 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। यह आकलन अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के अनुमान पर आधारित है। 2030 तक 20.7 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था ईवाई ने कहा कि आईएमएफ की रिपोर्ट के अनुसार भारत 2030 तक 20.7 ट्रिलियन डॉलर (पीपीपी) की अर्थव्यवस्था तक पहुंच सकता है। तुलना में चीन 42.2 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के साथ आगे रहेगा, लेकिन उसकी उम्रदराज आबादी और बढ़ता कर्ज बड़ी चुनौती है। अमेरिका मजबूत बना रहेगा लेकिन 120% से अधिक के ऋण-जीडीपी अनुपात और धीमी वृद्धि दर से जूझेगा। जर्मनी और जापान भी अपने अधिक आयु वाले समाज और वैश्विक व्यापार पर निर्भरता के कारण सीमित रहेंगे। भारत की बड़ी ताकत इसकी युवा जनसंख्या है। 2025 में भारत की औसत आयु मात्र 28.8 वर्ष है। इसके साथ ही, भारत के पास दुनिया की दूसरी सबसे ऊंची बचत दर है। सरकार का ऋण-जीडीपी अनुपात भी 2024 में 81.3% से घटकर 2030 में 75.8% पर आने का अनुमान है। इसके विपरीत, अन्य बड़ी अर्थव्यवस्थाओं का ऋण लगातार बढ़ रहा है।सुधार और नीतियों का योगदान

*2030 तक 20.7 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था ईवाई ने कहा कि आईएमएफ की रिपोर्ट के अनुसार भारत 2030 तक 20.7 ट्रिलियन डॉलर (पीपीपी) की अर्थव्यवस्था तक पहुंच सकता है।*

भारत की इस लंबी अवधि की मजबूती सिर्फ जनसांख्यिकी पर आधारित नहीं है, बल्कि संरचनात्मक सुधारों और मजबूत बुनियादों पर भी टिकी है। जीएसटी, दिवाला एवं शोधन अक्षमता संहिता (आईबीसी), वित्तीय समावेशन (यूपीआई) और उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन (पी ए ल आ ई) योजनाएं उद्योगों की प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ा रही हैं। बुनियादी ढांचे में सार्वजनिक निवेश, एआई, सेमीकंडक्टर, नवीकरणीय ऊर्जा जैसी तकनीकों का तेजी से अपनाना भारत को भविष्य के लिए मजबूत बना रहा है। ईवाई इंडिया के मुख्य नीति सलाहकार डी. के. श्रीवास्तव ने कहा कि भारत की युवा और कुशल कार्यशक्ति, ऊंची बचत व निवेश दर और तुलनात्मक रूप से टिकाऊ ऋण प्रोफाइल, वैश्विक अस्थिरता के बीच भी तेज विकास बनाए रखेगी। उन्होंने आगे कहा कि भारत अगर महत्वपूर्ण तकनीकी क्षमताओं को विकसित करने और लचीलापन बढ़ाने पर ध्यान देता है तो 2047 तक विकसित भारत का सपना पूरा हो सकता है। ईवाई की रिपोर्ट के मुताबिक भारत 2028 तक बाजार विनिमय दर (एमईआर) के आधार पर जर्मनी को पीछे छोड़ते हुए दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा।

# बैंकिंग सुविधा से वंचित लोगों को सेवाएं देने वाली जन धन योजना के 11 वर्ष पूर्ण

वित्तीय समावेशन सतत विकास की एक अनिवार्य शर्त है। यह इस तथ्य से स्पष्ट है कि वर्ष 2030 के लिए संयुक्त राष्ट्र के 17 सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) में से 7 इसे दुनिया भर में समावेशी विकास के लिए एक प्रमुख कारक के रूप में मानते हैं। वित्तीय समावेशन की दिशा में पहला कदम बैंकिंग सुविधा से वंचित लोगों को बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने से शुरू होता है क्योंकि बैंक खाता औपचारिक बैंकिंग प्रणाली के प्रवेश द्वार के रूप में कार्य करता है।

इसलिए वित्तीय समावेशन के लिए स्पष्ट और संरचित नीतिगत हस्तक्षेप की आवश्यकता है ताकि शुरू से ही इस सुविधा से वंचित लोगों तक बैंकिंग सेवाओं का विस्तार किया जा सके। इस सिद्धांत को व्यवहार में लाने के लिए, लाल किले की प्राचीर से प्रधानमंत्री मोदी के पहले संबोधन में प्रधानमंत्री जन धन योजना (पीएमजेडीवाई) की घोषणा की गई, जिसे राष्ट्रीय वित्तीय समावेशन मिशन के अंतर्गत 28 अगस्त 2014 को औपचारिक रूप से शुरू किया गया। इस मिशन का विजन "मेरा खाता, भाग्य विधाता" के नारे में समाहित था। इसका उद्देश्य गरीबों और लंबे समय से वंचित वर्ग के लोगों को आर्थिक मुख्यधारा में लाना, औपचारिक बैंकिंग प्रणाली तक उनकी पहुंच को साकार कराना और यह सुनिश्चित करना था कि वे भारत की विकास गाथा के हितधारक और लाभार्थी बनें। जन धन खातों ने लाभार्थियों को न्यूनतम कागजी कार्रवाई और सरलीकृत केवाईसी/ई-केवाईसी प्रक्रियाओं के साथ जीरो-बैलेंस और शून्य-शुल्क वाले खाते खोलने की अनुमति दी।




इसके अंतर्गत रुपे डेबिट कार्ड पर 2 लाख रुपए का दुर्घटना बीमा कवर और 10,000 रुपए तक ओवरड्राफ्ट की सुविधा भी दी गई है। प्रधानमंत्री जन धन योजना ने अपनी शुरुआत के बाद से अभूतपूर्व सफलता हासिल की है। वर्ष 2024 की एक आर्थिक और राजनीतिक साप्ताहिक पत्रिका ने लिखा है कि "2014 और 2017 के बीच भारत में खाताधारकों की संख्या में 26 प्रतिशत की ऐतिहासिक वृद्धि दर दर्ज की गई, जिसका श्रेय दुनिया के सबसे बड़े वित्तीय समावेशन अभियान-पीएमजेडीवाई को दिया जा सकता है। यह वैश्विक खाता वृद्धि (6.57) से लगभग चार गुना अधिक है और इसी अवधि के दौरान विकासशील देशों (7.27) की तुलना में तीन गुना अधिक है।" 8 अगस्त 2025 तक, 56 करोड़ से अधिक जन धन खाते खोले जा चुके हैं जिनमें से लगभग 67 प्रतिशत ग्रामीण और अर्ध-शहरी केंद्रों में स्थित बैंक शाखाओं में हैं। इस योजना ने लैंगिक असमानताओं को भी स्पष्ट रूप से पाट दिया है: पीएमजेडीवाई के 55 प्रतिशत से अधिक खाते यानी 31 करोड़ से अधिक खाते महिलाओं के पास हैं। इसके अलावा, जन धन खाते सामाजिक सुरक्षा योजनाओं में पंजीकरण के लिए महत्वपूर्ण माध्यम बन गए हैं। हाल के संसदीय आंकड़ों से पता चलता है कि प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजेजेबीवाई) और प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पीएमएसबीवाई) के तहत लगभग एक-तिहाई नामांकन पीएमजेडीवाई से जुड़े हैं। प्रधानमंत्री जन धन योजना भारत के डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे की आधारशिला के रूप में भी उभरा है। इसने भुगतान तक पहुंच को लोकतांत्रिक बनाया है और लाखों लोगों को डिजिटल अर्थव्यवस्था से जोड़ा है। प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) की सफलता को आधार प्रदान करके, पीएमजेडीवाई ने पारदर्शिता को बढ़ाया है, कल्याणकारी वितरण में लीकेज को कम किया है और सरकारी योजनाओं में विश्वास को मजबूत किया है। आधार और मोबाइल कनेक्टिविटी के साथ, जन धन-आधार-मोबाइल (जेएएम) ट्रिनिटी पूरे भारत में डिजिटल भुगतान को व्यापक रूप से अपनाने में सहायक रही है। जन धन खातों और एकीकृत भुगतान इंटरफ़ेस (यूपीआई) के बीच तालमेल ने अनौपचारिक क्षेत्र के छोटे और सीमांत उद्यमियों को व्यवसाय करने के लिए औपचारिक वित्तीय चैनलों तक पहुंच प्रदान करके उन्हें सशक्त बनाया है। एनपीसीआई के हाल के आंकड़ों से पता चलता है कि लगभग आधे यूपीआई लेनदेन खाद्य और किराने के सामान की श्रेणियों में हैं जो यह दर्शाता है कि वित्तीय समावेशन और डिजिटल भुगतान ने मिलकर जमीनी स्तर पर दैनिक कारोबार के स्वरूप को ही बदल दिया है। इसका प्रभाव वित्तीय पहुंच से कहीं आगे बढ़कर महत्वपूर्ण सकारात्मक बाह्य प्रभाव उत्पन्न कर रहा है।

आज की बात



**वी. अनंत नागेश्वरन**
मुख्य आर्थिक सलाहकार
भारत सरकार

'ग्रामीण भारत में बैंकिंग, बचत और उपभोग सुगमता तक पहुंच' शीर्षक से 2022 में किए गए एक अध्ययन में पाया गया कि बैंकिंग सुविधा तक पहुंच, बचत की बाधाओं को कम करके उपभोग सुगमता में सुधार करती है। यह मुद्दा गरीबों के लिए ऋण बाधाओं जितना ही महत्वपूर्ण है। इसी प्रकार, वर्ष 2021 की एसबीआई रिसर्च रिपोर्ट में पाया गया कि जनधन खातों में ज्यादा जमा राशि वाले राज्यों में अपराध की घटनाओं में कमी देखी गई और जिन राज्यों में प्रधानमंत्री जनधन योजना खाता ज्यादा खुले हैं, वहां शराब और तंबाकू जैसे नशीले पदार्थों के सेवन में महत्वपूर्ण कमी दर्ज की गई।

बैंकिंग सेवाओं तक सार्वभौमिक पहुंच अब जब साकार होने की ओर है, ऐसे में आगे की चुनौती वित्तीय समावेशन को और गहरा करने की है।

उत्साहजनक रूप से, आरबीआई का वित्तीय समावेशन सूचकांक इस दिशा में निरंतर प्रगति को दर्शाता है। वित्तीय समावेशन के तीन आयामों- पहुंच (35 प्रतिशत), उपयोग (45 प्रतिशत) और गुणवत्ता (20 प्रतिशत)- से संबंधित जानकारी को समाहित करने वाला यह समग्र सूचकांक 2021 में अपनी शुरुआत के बाद से लगातार बढ़ रहा है और मार्च 2024 तक 67.0 तक पहुंच गया है। इस पैमाने पर, जहां 0 पूर्ण बहिष्कार और 100 पूर्ण समावेशन को दर्शाता है, भारत का निरंतर शीर्ष की ओर बढ़ना देश भर में वित्तीय समावेशन के गहन और व्यापक होने को रेखांकित करता है। बैंकिंग सेवाओं से वंचित लोगों को आर्थिक मुख्यधारा में लाने में प्रधानमंत्री जन धन योजना की सफलता, एक बार की उपलब्धि नहीं है। यह गहन वित्तीय समावेशन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है और इसके साथ ही यह जीवन, आजीविका और साझा समृद्धि में बदलाव लाने वाले प्रभावों को भी उजागर करता है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

### प्यासा विश्व : दो अरब से ज्यादा लोग स्वच्छ पेयजल से वंचित!

संस्कृत में कहा गया है-'अप्सु हि प्राणिनां प्राणः,जलमेव जगज्जीवनम्। तस्मात् पालयितव्यं स्यात्, सर्वैः प्राणरक्षणाय च॥' तात्पर्य यह है कि जल में ही सब प्राणियों का प्राण है।जल ही सम्पूर्ण जगत का जीवन है। इसलिए सभी को इसका संरक्षण करना चाहिए, क्योंकि यही प्राणों की रक्षा का साधन है। लेकिन आज विश्व में 'स्वच्छ जल' की समस्या एक बड़ी व गंभीर समस्या है। बहरहाल, यदि हम यहां पर धरती पर जल वितरण की बात करें तो कुल जल का 97%-समुद्र और महासागरों में खारा जल है, जो सीधे पीने योग्य नहीं है और केवल 3% जल ही मीठा या फ्रेश वाटर है और इस 3% मीठे जल में भी 69% हिमनदों (ग्लेशियरों) और बर्फ की चादरों में जमे हुए हैं। 30% भूमिगत जल (ग्राउंड वाटर) के रूप में है तथा 0.3% झीलों, नदियों और तालाबों में उपलब्ध है। 0.06% वायुमंडल में (जलवाष्प के रूप में) पाया जाता है। यहां पर यदि हम पीने योग्य जल की वास्तविकता की बात करें तो धरती के कुल जल का केवल 0.007% ही सीधे पीने योग्य और सुलभ है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यू एच ओ) के अनुसार हर साल लगभग 2 अरब लोग सुरक्षित पेयजल से वंचित रहते हैं, यह वाकई बहुत ही चिंताजनक बात है। यदि हम यहां पर अपने देश भारत की बात करें तो भारत में विश्व की लगभग 18% जनसंख्या रहती है, लेकिन, यहाँ मात्र 4% ताज़ा जल संसाधन ही उपलब्ध हैं। क्या यह चिंताजनक बात नहीं है कि पिछले दशक में हुई प्रगति के बावजूद दुनियाभर में 2.2 अरब लोग बुनियादी स्वच्छ छल, सफाई और स्वास्थ्य संबंधी सेवाओं की पहुंच से दूर हैं ? बहरहाल, पाठकों को यह भी बताता चलूं कि हालांकि, हमारे देश ने साफ और सुरक्षित पेयजल के मामले में प्रगति की है, लेकिन आज भी अलग-अलग राज्यों में बेहद फर्क है। गौरतलब है कि 95% भारतीय गृहस्थियों को अब 'बेसिक ड्रिंकिंग वॉटर' की पहुँच है, जो कि वैश्विक औसत से अधिक है। डब्ल्यू एच ओ के अनुसार, भारत में सुरक्षित रूप से संचालित पेयजल सेवाओं का उपयोग करने वाले लोगों का हिस्सा 61% (2000) से बढ़कर 73% (2022) हो गया है, जबकि वैश्विक औसत 62% है। भारत में 'जल जीवन मिशन' से ग्रामीण क्षेत्रों में जल कनेक्शनों में आज अभूतपूर्व प्रगति हुई है। आंकड़े बताते हैं कि ग्रामीण घरों में नल कनेक्शन की पहुंच 2019 में लगभग 16.7% थी, लेकिन यह आंकड़ा 2023 तक बढ़कर 62.79% हो गया है।

देश की बात



**सुनील कुमार महला**

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## ट्रंप टैरिफ और वर्तमान सरकार भारत की प्रगति यात्रा एक समन्वित दृष्टि

भारत जिसे प्राचीन काल में सोने की चिड़िया कहा गया, सदियों की दासता, विदेशी आक्रमण और औपनिवेशिक शोषण से टूटा-बिखरा जरूर, लेकिन मिटा नहीं। विश्व इतिहास गवाह है कि यह वही भारत है जिसकी समृद्ध संस्कृति, आध्यात्मिक परंपरा और आर्थिक वैभव ने कभी समूचे विश्व को आकर्षित किया। आज, जब दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्थाएँ महामारी के झटकों से अब भी पूरी तरह नहीं उबर पाई हैं, भारत न केवल संभल चुका है बल्कि तीसरी सबसे बडी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। यह परिवर्तन आकस्मिक नहीं, बल्कि मजबूत नेतृत्व और दूरदर्शी नीतियों का परिणाम है। डोनाल्ड ट्रंप भले ही मित्रता निभाने में पीछे रह गए हों और भारत पर टैरिफ की तलवार लटकाते रहे हों, किंतु भारत ने अपने आत्मविश्वास और दृढ़ निश्चय से यह दिखा दिया कि अब यह राष्ट्र किसी के दबाव में झुकने वाला नहीं है। पुराणों और धर्मग्रंथों में भारत को विश्वगुरु कहा गया है। विष्णु पुराण में वर्णन मिलता है कि "उत्तरं यत्समुद्रस्य, हिमाद्रेश्चैव दक्षिणम्। वर्षं तद् भारतं नाम भारती यत्र सन्ततिः॥" अर्थात जिस भूमि के उत्तर में हिमालय और दक्षिण में समुद्र है, वही भारत है, जहाँ की संतानें 'भारती' कहलाती हैं। यह परिभाषा केवल भौगोलिक नहीं, बल्कि सांस्कृतिक और आध्यात्मिक गौरव का प्रतीक है। कबीर से लेकर विवेकानंद तक, सभी संतों और गुरुओं ने भारत को आत्मा का देश बताया। विवेकानंद ने कहा था "भारत उठेगा, क्योंकि यहाँ की आत्मा अमर है।" आज के भारत में यह कथन साकार होता दिखाई दे रहा है। 2014 से पूर्व भारत भ्रष्टाचार, नीतिगत जड़ता और धीमी विकास दर के संकट से जूझ रहा था। महँगाई चरम पर थी, निवेशक असुरक्षित महसूस करते थे और गरीबों तक योजनाओं के लाभ पहुँचने में वर्षों लग जाते थे। आज की स्थिति भिन्न है। जनधन योजना ने करोड़ों गरीबों को बैंकिंग व्यवस्था से जोड़ा। मेक इन इंडिया और स्टार्टअप इंडिया ने युवाओं को उद्यमिता की राह दिखाई। जीएसटी ने कर व्यवस्था को सरल और पारदर्शी बनाया और सबसे महत्वपूर्ण भारत ने विदेशी निवेश का नया विश्वास अर्जित किया। यही कारण है कि भारत की विकास दर आज दुनिया की सबसे तेज़ी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के रूप में दर्ज हो रही है। आर्थिक विकास 2014 से अब तक GDP (nominal): 2014–15 में 106.57 लाख करोड़। 2024–25 में अनुमानित 331.03 लाख करोड़, लगभग 3 गुना वृद्धि। वास्तविक वृद्धि (real GDP): 2024–25 में 6.5%। Q4 FY 2024-25 में GDP वृद्धि दर 7.4%, जबकि पूरे वर्ष का औसत 6.5%। ताज़ा आर्थिक रुझान ऑगस्ट 2025 इंडियन अर्थव्यवस्था 2025 तक एशिया में सबसे तेज़ विकसित होती अर्थव्यवस्था बनी रहने का अनुमान। Fitch ने अगस्त 2025 में भारत का 'BBB-' रेटिंग बरकरार रखी और FY26 के लिए GDP वृद्धि का अनुमान 6.5% रखा। अप्रैल–जून 2025 तिमाही में GDP वृद्धि दर गिरकर 6.7%; पूरे FY में अनुमानित औसत 6.3%। गरीबों, वित्तीय समावेश और सामाजिक सुरक्षा Jan Dhan Yojana के अंतर्गत मार्च 2015 से अगस्त 2024 तक, PMJDY में 53.13 (अनुमानित) करोड़ बैंक खाते खुले। अप्रैल 2025 तक: 552.8 मिलियन खाते, जमा राशि 2.63 लाख करोड़, औसत बैलेंस 4,760 प्रति खाता। महिलाओं की भागीदारी: खाता धारकों में लगभग 55.6% महिलाएं; ग्रामीण/अर्ध-शहरी क्षेत्र में 66-67% खाते। वित्तीय समावेश दर 2014 से 2021 की अवधि में बढ़कर 78% (2014 में लगभग 53%) हो गई। JAM (Jan Dhan–Aadhaar–Mobile तिकड़ी की मदद से DBT के जरिये 3.48 लाख करोड़ से अधिक की योजनाओं की बचत। करोड़ों गरीबों को मुफ्त राशन, उज्ज्वला गैस कनेक्शन, आवासीय योजनाएँ तथा आयुष्मान भारत जैसी स्वास्थ्य योजनाएं उपलब्ध कराई गई हैं। पहले गरीब योजनाओं के नाम पर केवल राजनीतिक घोषणाओं के शिकार होते थे। अनाज और राशन बीच रास्ते में ही भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाता था। आज वन नेशन वन राशन कार्ड और डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (DBT) ने भ्रष्टाचार की जड़ काट दी है। पहले शिक्षा में अवसर सीमित थे, सरकारी स्कूलों की हालत दयनीय थी। आज नई शिक्षा नीति (NEP 2020) ने हुनर आधारित शिक्षा और मल्टीडिसिप्लिनरी अप्रोच को बढ़ावा दिया है। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

आपकी बात



**डॉ दीपक प्रसाद**

### फेसबुक वॉल से




### एक्स से




### आज का दोहा

पुलिस, दोस्त, फौजी सभी, बन बैठे हैं आज।
और कहाँ तक जायगा, 'स्वानों' का सम्राज।।
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

### रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

## क्या देश को तोड़ना चाहते हैं अर्बन नक्सली?

भारत तेरे टुकडे होंगे को लिकप्रिय नारा बनाने का नारा नष्ट हो चुका है पर ये पढ़े लिखे लोग चाहते क्या हैं ?वामपंथी चरमपंथ (लेफ्ट विंग एक्स्ट्रीमिज्म) पर कई गोपनीय रिपोर्टों और अकादमिक अध्ययनों के अनुसार, शहरी नक्सल का उद्देश्य, बड़े माओवादी उद्देश्य के साथ गठबंधन कर भारतीय राज्य के विनाश और "लोगों की सरकार" स्थापित करना है। उनकी वैचारिक प्रतिबद्धता लोकतांत्रिक संस्थानों के लिए नहीं है, बल्कि किसी भी तरह से आवश्यक किसी भी तरह से सत्ता के संघर्ष, क्रांति और अंतिम रूप से उसपर कब्ज़ा जमाने के लिए है। उनकी शहरी रणनीति पर केंद्रित है:

1. नागरिक अशांति, विरोध प्रदर्शन और राज्य विरोधी आंदोलनों के माध्यम से असंतोष फैलाना, जैसे; एंटी-सीएए आंदोलन, दोषपूर्ण फसल खरीद नीति आदि के नाम पर किसान आंदोलन, पर्यावरण के नाम पर परमाणु रिएक्टर स्थापना का विरोध इत्यादि।
2. राज्य के खिलाफ लोगों को मोड़ने के लिए जाति भेदभाव, आदिवासी विस्थापन, गरीबी, पुलिस क्रूरता और "ब्राह्मणवाद", पूंजीवाद इत्यादि की काल्पनिक अवधारणाओं जैसे सामाजिक मुद्दों का शोषण। उदाहरण हैं; रोहित वेमुला आत्महत्या मामले पर आंदोलन, नर्मदा बचाओ आन्दोलन, कुदान कुलम में एंटी-न्यूक्लियर रीएक्टर आन्दोलन।
3. क्रांतिकारी कार्यों में और अधिक सहायता के लिए एनएसयूआई जैसे संगठनों का प्रयोग कर शिक्षित युवाओं की, विशेष रूप से विश्वविद्यालयों से, भर्ती करना।
4. मौजूदा कानूनों/अधिनियमों, विधानों में संशोधन के प्रस्तावित विधेयकों को न्यायालयों में चुनौती देकर, कानून प्रवर्तन और कानून परिवर्तन में बाधा डालकर और सशस्त्र कार्यकर्ताओं तथा गिरफ्तार/जेल में बंद विद्रोहियों को कानूनी ढाल प्रदान करके राज्य संस्थाओं को कमज़ोर करना। इसके उदाहरण हैं, वरवरा राव, जी एन साईबाबा, सुधा भारद्वाज, वर्नोन गोंसाल्वेस, गौतम नवलखा और अरुण फरेरा के लिए पैरवी और कानूनी सहायता। यह सब "अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता" और "मानवाधिकारों के उल्लंघन" के नाम पर किया जाता है।
5. साहित्य, कला, सिनेमा और सोशल मीडिया में ऐसे वैचारिक पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण करना जो सशस्त्र क्रांति को रोमांटिक बनाते हैं और राष्ट्रीय संस्थाओं को बदनाम करते हैं। इसमें बुकर सम्मानित अरूंधती रॉय जैसे राष्ट्र विरोधी बुद्धिजीवी सम्मिलित हैं। अभी कुछ दिन पूर्व ही अरुंधती रॉय की कश्मीर पर लिखी पुस्तक "आज़ादी" को जम्मू और कश्मीर सरकार ने प्रतिबंधित कर दिया है। पुस्तक की विषयवस्तु विभाजन कारी एवं भारत से कश्मीर को स्वतंत्र करने की पक्षधर है।

शहरी मोर्चा महत्वपूर्ण है क्योंकि यह ग्रामीण विद्रोहों को बनाए रखने के लिए आवश्यक बौद्धिक वैधता और सामरिक योजना प्रदान करता है। कई सुरक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि शहरी नेटवर्क से वैचारिक ईंधन और रणनीतिक कवर के बिन ग्रामीण सशस्त्र विद्रोह ध्वस्त हो जाएगा।

सहायता प्रणाली: एक गहन और संगठित नेटवर्क

शहरी नक्सली एक संरचित और बहुस्तरीय समर्थन प्रणाली के अंतर्गत फलते-फूलते हैं जो व्यक्तिगत कार्यकर्ताओं से कहीं आगे तक फैली हुई है। इसमें शामिल हैं:

**1. शैक्षणिक संस्थान:** कुछ विश्वविद्यालयों को कट्टरपंथी विचारों का केंद्र माना जाता है। प्रोफेसर और छात्र संघ, जाने-अनजाने, आलोचनात्मक चिंतन या सक्रियता के नाम पर माओवादी/नक्सली विचारधारा को बढ़ावा दे सकते हैं। जेएनयू (जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय), नई दिल्ली ऐसे संस्थानों में प्रमुख है। जेएनयू शहरी नक्सलियों को बढ़ावा देने के लिए इतना बदनाम हो गया है कि जब 76 सुरक्षाकर्मियों (सीआरपीएफ के 75 और स्थानीय पुलिस का एक जवान) पर घात लगाकर हमला किया गया, तो एनएसयूआई के शहरी नक्सलियों ने कुछ प्रोफेसरों की मिलीभगत से परिसर में जश्न मनाया।

**2. गैर-सरकारी संगठन और नागरिक अधिकार समूह:** कुछ गैर-सरकारी संगठन मानवाधिकारों के नाम पर माओवादी समर्थकों को धन मुहैया कराते, खुफिया जानकारी इकट्ठा करते या उन्हें सुरक्षा प्रदान करते पाए गए हैं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

अलग बात



**मेजर सरस त्रिपाठी**
सेनि. भारतीय सेना

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाइं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

### हरियाणा में महिलाओं को हर महीने मिलेंगे 2100 रुपए

# सीएम सैनी का ऐलान- 25 सितंबर से शुरू होगी 'लाडो लक्ष्मी' योजना

**एजेंसी। चंडीगढ़**

हरियाणा में 25 सितंबर से महिलाओं को 2100 रुपए की आर्थिक मदद दी जाएगी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गुरुवार को कैबिनेट बैठक के बाद 'लाडो लक्ष्मी योजना' को लागू करने का ऐलान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले चरण में 1 लाख से कम आय वाले परिवारों को शामिल किया जाएगा। अगले चरण में अन्य परिवारों को इसमें शामिल किया जाएगा। हरियाणा के मुख्यमंत्री ने यह भी ऐलान किया कि स्टेज-3 और स्टेज-4 कैंसर पीड़ित मरीजों के अलावा 54 दुर्लभ बीमारियों से ग्रसित महिलाओं को अगर पेंशन मिल रही है तो उन्हें 'लाडो लक्ष्मी' योजना का अतिरिक्त लाभ भी मिलेगा। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि पहले चरण में 19 से 20 लाख महिलाओं को लाभ मिलेगा। अगले 7 दिनों में योजना का गजट नोटिफिकेशन जारी होगा और एक ऐप भी लॉन्च किया जाएगा।

### योजना में विवाहित-अविवाहित, सभी महिलाओं को लाभ



मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि मंत्रिमंडल ने महिलाओं के सम्मान के लिए 'दीन दयाल लाडो लक्ष्मी' योजना लागू करने का फैसला लिया है। 25 सितंबर को दीन दयाल उपाध्याय की जयंती के मौके पर योजना की शुरुआत की जाएगी। सीएम सैनी ने बताया कि योजना के तहत पात्र महिलाओं को हर महीने 2100 रुपए की वित्तीय सहायता दी जाएगी। उन्होंने कहा, "25 सितंबर 2025 को जिन बहनों की 23 साल या उससे अधिक होगी, वे सभी योजना की पात्र होंगी। विवाहित या अविवाहित दोनों को इसका लाभ मिलेगा। योजना के लाभ के लिए महिलाओं को पिछले 15 साल से हरियाणा का निवासी होना जरूरी है।"मुख्यमंत्री ने ऐलान करते हुए कहा कि एक परिवार में महिलाओं की संख्या को लेकर कोई संख्या तय नहीं है। अगर एक परिवार में 3 पात्र महिलाएं हैं, तो तीनों को लाभ मिलेगा। सीएम नायब सिंह सैनी ने यह भी स्पष्ट किया कि अगर किसी महिला को पहले से चल रही किसी सरकारी योजना के तहत 2100 रुपए से अधिक की राशि मिल रही है, तो उसे 'लाडो लक्ष्मी' योजना का लाभ नहीं मिलेगा।

### भारत में बुलेट ट्रेन: भारत में जल्द चलेगी बुलेट ट्रेन

# मुंबई-अहमदाबाद कॉरिडोर को रेलवे ने दिया बड़ा तोहफा



**एजेंसी। अहमदाबाद**

रेल मंत्रालय ने गुरुवार को बताया कि एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम में, मुंबई-अहमदाबाद हाई स्पीड ट्रेन कॉरिडोर, जिसे बुलेट ट्रेन परियोजना के नाम से भी जाना जाता है, के स्टेशन लगभग पूरे होने वाले हैं। भारतीय रेलवे ने घोषणा की कि ये स्टेशन यात्री आराम को नई परिभाषा देंगे और यात्रियों के लिए यात्रा के नए मानक स्थापित करेंगे। 'X' पोस्ट में कहा गया है कि गुजरात में मुंबई-अहमदाबाद कॉरिडोर पर बुलेट ट्रेन स्टेशन लगभग पूरे होने वाले हैं। आधुनिक डिज़ाइन, सांस्कृतिक पहचान, निर्बाध कनेक्टिविटी और पर्यावरण-अनुकूल सुविधाओं के साथ, ये स्टेशन यात्री आराम को नई परिभाषा देंगे और यात्रा के नए मानक स्थापित करेंगे।इससे पहले, 6 अगस्त को, भारतीय रेलवे ने जानकारी दी थी कि मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना के लिए गुजरात के वडोदरा जिले में विश्वामित्री नदी पर पुल का निर्माण पूरा हो गया है। रेल मंत्रालय ने बुधवार को बताया कि इस परियोजना के लिए गुजरात में प्रस्तावित 21 नदी पुलों में से यह सत्रहवाँ नदी पुल है। 80 मीटर लंबा यह पुल पश्चिम रेलवे की वडोदरा-सूरत मुख्य लाइन के निकट स्थित है। इस पुल में तीन खंभे हैं, जिनमें से एक नदी की धारा में और अन्य दो नदी के किनारे (प्रत्येक तरफ एक-एक) स्थित हैं। वडोदरा के शहरी परिदृश्य से होकर गुजरने वाला यह पुल वडोदरा जिले में एक महत्वपूर्ण बुनियादी ढाँचे के घटक के रूप में कार्य करता है। वडोदरा सबसे व्यस्त शहरी केंद्रों में से एक है, और शहर से होकर गुजरने वाले पुल के निर्माण के लिए असाधारण योजना और वडोदरा नगर निगम तथा अन्य स्थानीय अधिकारियों के साथ समन्वय की आवश्यकता थी। बुलेट ट्रेन का मार्ग वडोदरा और उसके आसपास 9 अलग-अलग स्थानों पर विश्वामित्री नदी को पार/घुमाता है। मुख्य नदी पुल के अलावा, शेष आठ क्रॉसिंग में से तीन पहले ही पूरे हो चुके हैं, जबकि अन्य क्रॉसिंग पर निर्माण कार्य चल रहा है। मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन कॉरिडोर में 25 नदी पुल हैं, जिनमें से 21 गुजरात में और 4 महाराष्ट्र में हैं।

## 'मालगाड़ी के डिब्बों से बुलेट ट्रेन नहीं चलाई जा सकती



**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने एक दीवानी मुकदमे की सुनवाई करते हुए 1908 की दीवानी प्रक्रिया संहिता के तहत कुछ "पुराने" कानूनों का हवाला दिया और कहा कि बुलेट ट्रेन को एक मालगाड़ी के डिब्बों के साथ नहीं चलाया जा सकता। जिला न्यायाधीश संजीव अग्रवाल एक निजी कंपनी के खिलाफ लगभग 24.42 लाख रुपये की वसूली के लिए एक दीवानी मुकदमे में संबंधित अदालत के पहले के फैसले के निष्पादन के लिए एक याचिकाकर्ता द्वारा दायर आवेदन पर सुनवाई कर रहे थे। न्यायाधीश ने 25 अगस्त के आदेश में कहा, 'भारत सरकार ने वाणिज्यिक विवादों को तेजी से निपटाने के लिए वाणिज्यिक न्यायालय अधिनियम, 2015 को लागू करके एक प्रशंसनीय और शानदार कानून बनाया है, जिसके परिणामस्वरूप वाणिज्यिक विवादों का बहुत तेजी से निपटारा हुआ है। इसमें कहा गया है, "लेकिन ऐसा प्रतीत होता है कि विधायिका की नजर से यह बात छूट गई है कि इस तरह के त्वरित कानून के क्रियान्वयन के लिए वह पुराने आदेश 21 सीपीसी (डिक्री और आदेशों का निष्पादन) और अन्य प्रासंगिक धाराओं पर निर्भर नहीं हो सकती, जिन्हें बहुत पहले वर्ष 1908 में अधिनियमित किया गया था, क्योंकि आप मालगाड़ी के डिब्बों के साथ बुलेट ट्रेन नहीं चला सकते। उन्होंने कहा कि बुलेट ट्रेन केवल जापान के 'शिनकानसेन इंजन' से ही चलाई जा सकती हैं। न्यायाधीश ने कहा, 'इसलिए, मुझे विश्वास है कि विधायिका इस पहलू पर शीघ्र ही विचार करेगी और प्रासंगिक बदलाव करेगी।

### वैष्णो देवी हादसे पर फूटा उपमुख्यमंत्री का गुस्सा, मनोज सिन्हा पर उठाए सवाल, कहा-

# 35 श्रद्धालुओं की मौत नहीं हुई, उन्हें मारा गया है

**एजेंसी। जम्मू-कश्मीर**



वैष्णो देवी यात्रा भूस्खलन को लेकर राजनीति तेज़ हो गई है। जम्मू-कश्मीर के उपमुख्यमंत्री सुरिंदर चौधरी ने उपराज्यपाल मनोज सिन्हा से जवाब मांगा है कि इलाके में बादल फटने और भारी बारिश की चेतावनी के बावजूद तीर्थयात्रा क्यों नहीं रोकी गई। रियासी ज़िले में वैष्णो देवी यात्रा मार्ग पर भूस्खलन के बाद कम से कम 35 लोगों की मौत हो गई। डिप्टी सीएम सुरिंदर चौधरी ने कहा कि वैष्णो देवी यात्रा की घटना को लेकर एलजी मनोज सिन्हा को जवाब देना चाहिए। एलजी के कार्यकाल में पहले भी भगदड़ मची थी। जब बादल फटने और भारी बारिश का अलर्ट था, तब यात्रा क्यों नहीं रोकी गई? सुरिंदर चौधरी ने कहा कि माता वैष्णो देवी के 35 श्रद्धालुओं की मौत नहीं हुई, बल्कि उन्हें मारा गया। इसके पीछे आपराधिक साजिश है। इसकी जांच होनी चाहिए। मैं पीएम मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से अनुरोध करता हूं कि एलजी मनोज सिन्हा और अधिकारियों की भूमिका की जांच के लिए एक उच्च स्तरीय समिति गठित की जाए। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि सख्त कार्रवाई की जाए और एफआईआर भी दर्ज की जाए। इससे पहले बुधवार को, जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने भी इसी तरह के सवाल उठाए थे। उन्होंने पूछा था कि उपराज्यपाल मनोज सिन्हा की अध्यक्षता वाले श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड ने भारी बारिश की पूर्व चेतावनी के बावजूद तीर्थयात्रा जारी रखने की अनुमति क्यों दी। मुख्यमंत्री अब्दुल्ला ने अधिकारियों के उदासीन रवैये की भी आलोचना करते हुए कहा कि हमें इस बारे में बाद में बात करनी होगी। जब हमें मौसम के बारे में पता था, तो क्या हमें उन लोगों की जान बचाने के लिए कुछ कदम नहीं उठाने चाहिए थे? मौसम की चेतावनी हमें कुछ दिन पहले ही मिल गई थी। मौतों पर दुख व्यक्त करते हुए, निराश अब्दुल्ला ने आगे पूछा, "ये लोग ट्रैक पर क्यों थे? उन्हें क्यों नहीं रोका गया? उन्हें सुरक्षित स्थान पर क्यों नहीं पहुँचाया गया?" ज़्यादातर पीड़ित उत्तर भारतीय राज्यों उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश, दिल्ली और पंजाब के श्रद्धालु हैं।

### राहुल गांधी बोले- भाजपा-चुनाव आयोग का पर्दाफाश!

# बिहार चुनाव : 65 लाख गरीबों के मताधिकार पर संकट?

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि बिहार की मतदाता सूचियों से 65 लाख गरीब और सामाजिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों के नाम हटा दिए गए हैं। 'वोटर अधिकार यात्रा' के तहत सीतामढ़ी में एक रैली को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि बिहार के लोग भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और निर्वाचन आयोग को अपने वोट का अधिकार ''छीनने'' की इजाजत नहीं देंगे। उन्होंने कहा, ''हमने भाजपा और चुनाव आयोग का पर्दाफाश कर दिया है, जो वोट चुराने में लिप्त थे... उन्होंने महाराष्ट्र, हरियाणा और कर्नाटक में ऐसा किया। अब वे इसे बिहार में दोहराना चाहते हैं, जो हम उन्हें नहीं करने देंगे।'' राहुल ने दावा किया कि आने वाले महीनों में वह ''वोट चोरी'' के बारे में और सबूत पेश करेंगे। रैली से पहले उन्होंने इलाके के प्रसिद्ध जानकी मंदिर में दर्शन किए और पूजा-अर्चना की। बिहार में इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव प्रस्तावित हैं।इससे एक दिन पहले बिहार के कटिहार में राहुल गांधी अपनी पतलून ऊपर चढ़ाए पानी से भरे एक खेत में उतरे और झुककर गंदे पानी से मखाने की फलियाँ तोड़ने लगे। उनके आस-पास किसान मखाने की खेती की कठिन प्रक्रिया का प्रदर्शन कर रहे थे—यह काम लगभग पूरी तरह से नदी किनारे बसे गरीब समुदायों द्वारा किया जाता है। राहुल ने सवाल पूछे, ध्यान से सुना, गंभीरता से सिर हिलाया और तुरंत महसूस किया कि किसान अपनी इतनी मेहनत के बावजूद मुख्य लाभार्थी नहीं थे। बाद में उन्होंने एक्स पर एक वीडियो पोस्ट किया जिसमें लिखा था: "मखाना बिहार के किसानों की पसीने और मेहनत की उपज है। यह हज़ारों में बिकता है, लेकिन उनकी कमाई चंद पैसों की होती है।

# सीएम मान ने बाढ़ में फंसे लोगों को दिया अपना हेलीकॉप्टर

### जिससे दूध, राशन और पानी पहुँचाया जा सके

**एजेंसी। पंजाब**



भारी बारिश के बाद पंजाब के कई जिलों में बाढ़ आ गई है। मुख्यमंत्री भगवंत मान और कैबिनेट मंत्री विभिन्न बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर रहे हैं। मुख्यमंत्री भगवंत मान गुरदासपुर पहुंचे जहाँ उन्होंने बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा किया और राहत कार्यों का जायज़ा लिया। उन्होंने इस बारे में सोशल मीडिया पर एक पोस्ट भी शेयर की। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि यहां आने के बाद पता चला है कि कई गांवों में लोग फंसे हुए हैं। लोग अपने घरों की छतों पर बैठे हैं और उन्हें राशन भी नहीं मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोगों ने हमें 92 सीटों वाला हेलीकॉप्टर दिया था। अब मैं वही हेलीकॉप्टर लोगों को सौंप रहा हूं। मैं इसे यहीं छोड़ रहा हूँ ताकि इसके ज़रिए लोगों तक दूध, राशन और पानी पहुँचाया जा सके। मैंने इसके लिए डीसी साहब को निर्देश दे दिए हैं। मैं खुद गाड़ी से वापस जाऊँगा। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) और सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की टीमों ने बुधवार को गुरदासपुर जिले के दबुरी स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय में फंसे 381 छात्रों और 70 शिक्षकों के लिए बचाव अभियान चलाया। ये छात्र स्कूल परिसर और आसपास के इलाकों में बाढ़ के कारण फंसे हुए थे। अधिकारियों ने इसकी जानकारी दी। रावी नदी का जलस्तर बढ़ने से दबुरी इलाके में बाढ़ आ गई, जिससे स्कूल के अंदर 4-5 फुट पानी भर गया। अधिकारियों ने बताया कि छुट्टी की घोषणा होने के बावजूद बच्चों और कर्मचारियों को घर नहीं भेजने के लिए स्कूल के प्रधानाध्यापक को नोटिस दिया गया है। अधिकारियों ने बताया कि फंसे हुए छात्रों और कर्मचारियों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने के लिए नावें तैनात की गईं। इससे पहले, प्रधानाध्यापक ने जिला प्रशासन से सहायता का अनुरोध किया था, जिसके बाद उपायुक्त दलविंदरजीत सिंह ने प्रभावित लोगों को निकालने के लिए टीमें भेजीं। छात्रों और शिक्षकों को बचाने के लिए सीमा सुरक्षा बल और राष्ट्रीय आपदा मोचन बल की कई टीमों को तैनात किया गया।

## इसरो चीफ का ऐलान, 2026 तक दूसरा लॉन्चपैड तैयार, 25 रॉकेटों की उड़ान संभव!

**नई दिल्ली।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के प्रमुख वी. नारायणन ने कहा है कि तूतीकोरिन जिले में देश के दूसरे प्रक्षेपण परिसर का निर्माण दिसंबर 2026 तक पूरा होने की उम्मीद है और इस अंतरिक्ष केंद्र से प्रति वर्ष लगभग 25 प्रक्षेपण होने की संभावना है। बुधवार को यहां प्रक्षेपण स्थल के लिए भूमि पूजन में भाग लेने के बाद पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि यहां से 500 किलोग्राम का पेलोड 400 किलोमीटर की ऊंचाई तक ले जाने में सक्षम लघु उपग्रह प्रक्षेपण यान (एसएसएलवी) का उपयोग करके उपग्रहों का प्रक्षेपण किया जाएगा। यह परिसर 2300 एकड़ भूमि पर बनाया जा रहा है और आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा में स्थित परिसर के बाद यह इस तरह का दूसरा परिसर होगा। उन्होंने कहा, ''दिसंबर 2026 तक काम पूरा हो जाएगा - यही हमारा लक्ष्य है। हम अगले साल के अंत तक रॉकेट प्रक्षेपण की योजना बना रहे हैं। प्रधानमंत्री उचित समय पर सही प्रक्षेपण तिथि की घोषणा करेंगे।'' उन्होंने आगे कहा, ''सालाना 20-25 उपग्रह प्रक्षेपण होंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने फरवरी 2024 में वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से तटीय गांव कुलशेखरपट्टिनम में लघु उपग्रह प्रक्षेपण यान परिसर (एसएलसी) की आधारशिला रखी थी।

## जदयू नेता बोले: विपक्ष ने जनता का भरोसा खो दिया, अब दूसरों पर आरोप लगा रहे हैं

**बिहार।** बिहार के मंत्री अशोक चौधरी ने गुरुवार को कांग्रेस पार्टी पर 'मतदाता अधिकार यात्रा' को लेकर सवाल उठाए और वोट चोरी के आरोपों के आधार पर सवाल उठाए। उन्होंने आगे कहा कि पार्टी की सच्चाई यह है कि उन्होंने अपना समर्थन खो दिया है और वोट बरकरार नहीं रख पा रहे हैं, यही वजह है कि वे वोट चोरी का दोष दूसरों पर मढ़ रहे हैं। चौधरी ने एएनआई को बताया कि यह वोट चोरी कैसी? अगर हम हर जगह सरकारें बनाते, तो यह समझ में आता। लेकिन अब वोट चोरी के आरोप किस आधार पर लग रहे हैं? विपक्ष पर वार करते हुए जदयू नेता ने कहा कि वे यह धारणा बनाने की कोशिश कर रहे हैं कि भाजपा जनता के वोटों के बजाय चुनाव आयोग की वजह से सरकार बना रही है। हकीकत यह है कि उन्होंने अपना समर्थन खो दिया है। वे पहले मिले वोटों को बरकरार नहीं रख पा रहे हैं। अब वे दूसरों पर आरोप लगा रहे हैं। इस बीच, भाकपा (माले) नेता दीपांकर भट्टाचार्य ने कहा कि मतदाता अधिकार यात्रा पूरे राज्य के लिए एक "ऐतिहासिक आंदोलन" की शुरुआत मात्र है और इसे जनता से 'जबरदस्त' प्रतिक्रिया मिल रही है।

## बेहद शर्मनाक! पीएम मोदी की दिवंगत मां पर अभद्र भाषा, भड़की भाजपा

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने गुरुवार को बिहार की एक रैली के वायरल वीडियो को लेकर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी और राजद नेता तेजस्वी यादव पर निशाना साधा। इस वीडियो में 'मतदाता अधिकार यात्रा' के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दिवंगत मां के खिलाफ कथित तौर पर आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल किया गया था। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने इंडिया ब्लॉक पर हमला तेज करते हुए दावा किया कि मतदाता अधिकार यात्रा बेहद अशोभनीय थी और अपमान, घृणा और अश्लीलता की सभी सीमाओं को पार कर गई। X पर एक सोशल मीडिया पोस्ट में, भाजपा के आधिकारिक हैंडल से लिखा गया कि राहुल गांधी और तेजस्वी यादव की यात्रा के मंच से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की दिवंगत मां के खिलाफ बेहद अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया गया। राजनीति में ऐसी नीचता पहले कभी नहीं देखी गई। इस यात्रा ने अपमान, घृणा और अश्लीलता की सभी सीमाएं पार कर दी हैं। भाजपा ने उन पर बेहद निचले स्तर पर गिरने और लोगों से प्रधानमंत्री मोदी की पूज्य दिवंगत माँ पर अपशब्द कहने का आरोप लगाया, जो उनके अनुसार अक्षम्य है। पार्टी ने इस घटना को "राजनीति का निम्नतम स्तर" करार दिया।

# आज का राशिफल

**मेष :** आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज आप सबसे पहले पेंडिंग कार्यों को पूरा करेंगे, जिससे आपको अन्य कार्यों के लिए भी समय मिल सके। आज आप नया वाहन लेने का विचार करेंगे और इसके बारें में आप बड़े भाई से बात कर सकते हैं। स्वास्थ्य के लिहाज से आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

**वृष :** आज का दिन आपके लिए बहुत अच्छा रहेगा। आज व्यापारिक दृष्टि से आपका दिन सही रहेगा और आपके व्यावसयिक रिश्ते मजबूत बने रहेंगे। आज ऑफिस में आपको पहले की अपेक्षा ज्यादा काम मिल सकता है, लेकिन आप समय रहते सब कुछ अच्छे से निपटा लेंगे। इस राशि की महिलाएं आज किसी बिजनेस की शुरुआत कर सकती है।

**मिथुन :** आज का दिन आपके लिए ठीक – ठाक रहेगा। आज आपको नौकरी में प्रमोशन मिलने के चांसेस हैं, जिससे घर में ख़ुशी का माहौल रहेगा। आज आप जो भी काम शुरु करेंगे, उसे समय रहते पूरा कर लें। आज ऑफिस में आपको किसी बड़े अधिकारी का सहयोग मिल सकता है।

**कर्क :** आज आपका दिन मिली-जुली प्रतिक्रिया देने वाला रहेगा। आज आपको रोजगार में नए अवसर प्राप्त होंगे, जिनका लाभ उठाकर आप आगे बढ़ सकते हैं। आज आप जरूरी काम करने से पहले घर के बड़ों या किसी अनुभवी व्यक्ति से राय जरूर ले लें। आज आपके दिमाग में खुद-ब-खुद नये-नये आडियाज आते रहेंगे।

**सिंह :** आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज आपकी कारोबारी गतिविधियां सुचारु रूप से चलती रहेंगी और आपको अच्छा धन लाभ भी होगा। इस राशि के छात्र विदेश में हॉयर एजुकेशन के लिये जाना चाहते हैं, तो आप किसी समझदार व्यक्ति से सलाह ले सकते हैं।

**कन्या :** आज का दिन आपके लिए खुशनुमा रहने वाला है। आज आपके बिगड़े काम बनेगें और आपको नए कार्यों में भी सफलता मिलेगी। आज कोर्ट-कचहरी के मामलों में भी आपको अच्छी खबर मिल सकती है। आज किसी काम में आपको जीवनसाथी का पूरा-पूरा सहयोग मिलेगा, जिससे दाम्पत्य रिश्ते में मधुरता आयेगी।

**तुला :** आज का दिन आपके लिए उत्तम रहेगा। आज कार्यस्थल पर आपकी मुलाकात नए व्यक्तियों से होगी , जिनसे मिलकर आपको ख़ुशी मिलेगी। आज आप कुछ ऐसा करेंगें , जिससे घर के सभी सदस्य आपकी तारीफ करेंगे। आज आपके ऑफिस में किसी बड़े प्रोजेक्ट को लेकर मीटिंग होगी ।

**वृश्चिक :** आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहेगा। आज किसी काम में आपको मनमुताबिक परिणाम हासिल होंगे। यदि आप अपने बिजनेस को किसी दूसरी जगह पर शिफ्ट करना चाह रहे हैं, तो एक बार जगह अच्छे से देख लें। आज आप जीवनसाथी के साथ शॉपिंग करने जायेंगें और उन्हें कुछ गिफ्ट भी देंगें।

**धनु :** आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज आप दूसरों से हटकर कुछ अलग करने का प्रयास करेंगें , जिसमें आपको पिता का साथ मिलेगा। इस राशि के सामाजिक कार्यों से जुड़े व्यक्ति को आज संस्था के द्वारा सम्मानित किया जायेगा। आज किसी की मदद से आपका रुका हुआ सरकारी काम बन जायेगा।

**मकर :** आज का दिन आपके लिए मिली –जुली प्रतिक्रिया देने वाला रहेगा। आज आप अपने व्यापार में कुछ महत्वपूर्ण बदलाव करने से पहले मार्केट का एनालिसिस जरूर करें। इस राशि के थोक विक्रेताओं को आज किसी कम्पनी से बड़ा आर्डर मिलने की संभावना बन रही हैं।

**कुंभ :** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। आज आप अपने पुराने कामों में आगे बढ़ते हुए , नए कार्यों का भी शेड्यूल बनायेंगे। आज समाज से जुडे कार्यों को करने के लिये दिन उत्तम है, आप किसी एनजीओ की शुरुआत या किसी सामाजिक संगठन से भी जुड़ सकते हैं। आज ऑफिस में आपके काम करने के तरीके को लेकर बॉस आपकी तारीफ करेंगे।

**मीन :** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। आज आप रियल स्टेट में निवेश करने का मन बनायेंगे और किसी बड़े ग्रुप के साथ जुड़कर काम करेंगे। आज आप बच्चों के भविष्य को लेकर कोई योजना बनायेंगे, जिसके माध्यम से उनके करियर में तरक्की होगी। आज आप किसी धार्मिक अनुष्ठान का हिस्सा बन सकते हैं।

# संभल डेमोग्राफी में बड़ा बदलाव, 45% से घटकर 20 फीसदी हुई हिंदू आबादी

**एजेंसी। संभल**

राज्य सूचना विभाग के अनुसार, संभल हिंसा मामले की जाँच के लिए नियुक्त तीन सदस्यीय पैनल ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को अपनी रिपोर्ट सौंप दी है। 450 पृष्ठों की इस रिपोर्ट में नवंबर 2024 में हुई संभल हिंसा का विवरण है और शहर में हुए पिछले दंगों का भी ज़िक्र है। रिपोर्ट में संभल में जनसांख्यिकीय परिवर्तनों के बारे में भी महत्वपूर्ण विवरण दिया गया है, जहाँ एक समय हिंदू समुदाय के लोग 45 प्रतिशत थे, लेकिन अब उनकी संख्या घटकर 20 प्रतिशत रह गई है।रिपोर्ट के अनुसार, आज़ादी के समय संभल नगर पालिका क्षेत्र में 55% आबादी मुस्लिम और 45% हिंदू थी; हालाँकि, वर्तमान समय में हिंदू आबादी घटकर 15% रह गई है, जबकि मुस्लिम समुदाय बढ़कर 85% हो गया है। आज़ादी के बाद से संभल में कुल 15 दंगे हुए हैं। 24 नवंबर 2024 को, संभल स्थित शाही जामा मस्जिद के भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा न्यायालय के आदेश पर किए जा रहे सर्वेक्षण के दौरान हिंसा भड़क उठी। इस हिंसा में चार लोगों की मौत हो गई और अधिकारियों व स्थानीय लोगों सहित कई अन्य घायल हो गए। जैसे ही स्थानीय मुसलमान मस्जिद के बाहर जमा हुए और तनाव बढ़ा, पुलिस ने बल प्रयोग किया और प्रदर्शनकारियों पर गोलियां चलाईं, जिसमें कम से कम चार लोगों की मौत हो गई और अधिकारियों व स्थानीय लोगों सहित कई घायल हो गए। हिंसा के परिणामस्वरूप छतों से पुलिस पर कथित रूप से पथराव करने के आरोप में 12 प्राथमिकी दर्ज की गईं और 80 गिरफ्तारियां हुईं।



● जांच कमेटी ने सौंपी सीएम योगी को रिपोर्ट

### पेप्सी और मैकडॉनल्ड्स छोड़ो...

# ट्रंप के टैरिफ पर रामदेव का देसी मंत्र, स्वदेशी अपनाओ, आत्मनिर्भर भारत बनाओ

**एजेंसी। नई दिल्ली**

योग गुरु स्वामी रामदेव ने भारतीय वस्तुओं पर 50% अमेरिकी टैरिफ लगाने का कड़ा विरोध किया है और अमेरिकी कंपनियों के राष्ट्रव्यापी बहिष्कार का आह्वान किया है। रामदेव ने कहा कि भारतीयों को एप्पल, पेप्सी, मैकडॉनल्ड्स और केएफसी जैसे ब्रांडों के उत्पाद खरीदना बंद कर देना चाहिए। उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि इस तरह के बहिष्कार से वाशिंगटन को अपने अनुचित व्यापार उपायों को वापस लेने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। उन्होंने आगे कहा कि भारत को घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देकर, नए रोज़गार सृजित करके और रूस, चीन तथा मध्य पूर्व जैसे देशों के साथ साझेदारी बनाकर इस चुनौती को अवसर में बदलना चाहिए। विनिर्माण, स्वास्थ्य, शिक्षा और पर्यटन के क्षेत्र में एक वैश्विक केंद्र बनने की भारत की क्षमता पर प्रकाश डालते हुए, रामदेव ने कहा कि दुनिया भारत से जीवन जीने की कला सीखेगी। उनका पूरा बयान यहाँ देखें।

**योग गुरु रामदेव ने निकाला ट्रंप टैरिफ का तोड़ :** रामदेव की यह टिप्पणी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत से आयात पर टैरिफ को दोगुना करके 50 प्रतिशत तक करने के फैसले के कुछ ही घंटों बाद आई है, जो बुधवार को निर्धारित समय पर लागू हो गया। इससे दो शक्तिशाली लोकतंत्रों के बीच संबंधों को गहरा झटका लगा है, जो हाल के दशकों में रणनीतिक साझेदार बन गए थे। भारत द्वारा रूसी तेल की खरीद के कारण लगाया गया 25 प्रतिशत का दंडात्मक टैरिफ, दक्षिण एशियाई देश से कई आयातों पर ट्रंप द्वारा पहले लगाए गए 25 प्रतिशत टैरिफ में जोड़ा गया।

### आतंकवादियों — जम्मू-कश्मीर बांदीपोरा मुठभेड़ में सेना ने घुसपैठ की कोशिश नाकाम की

# एलओसी पर दो आतंकवादी ढेर, तलाशी जारी

● संयुक्त अभियान: सेना व जम्मू-कश्मीर पुलिस की संयुक्त कार्रवाई

**एजेंसी। जम्मू-कश्मीर**



जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा ज़िले के गुरेज सेक्टर में नियंत्रण रेखा पार कर घुसपैठ की कोशिश कर रहे दो आतंकवादियों को गुरुवार को भारतीय सेना ने मार गिराया। यह मुठभेड़ ऑपरेशन नौशेरा नार IV के तहत नौशेरा नार के पास हुई, जहाँ सतर्क सैनिकों ने भारतीय क्षेत्र में घुसने की कोशिश कर रहे घुसपैठियों के एक समूह को घेर लिया। दोनों ओर से कुछ देर तक गोलीबारी हुई, जिसके परिणामस्वरूप दो आतंकवादी मारे गए।यह ऑपरेशन नौशेरा नार के पास हुआ, जहाँ सतर्क सैनिकों ने भारतीय क्षेत्र में घुसने की कोशिश कर रहे घुसपैठियों के एक समूह को घेर लिया, और गोलीबारी में दो आतंकवादी मारे गए। मुठभेड़ के बाद, सुरक्षा बलों ने आसपास के इलाके में तलाशी अभियान शुरू किया ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कोई और घुसपैठिया या संदिग्ध गतिविधि मौजूद न हो।भारतीय सेना ने X पर एक पोस्ट में अपडेट साझा करते हुए कहा, "संभावित घुसपैठ की कोशिश के बारे में जम्मू-कश्मीर पुलिस द्वारा दी गई खुफिया जानकारी के आधार पर, भारतीय सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने गुरेज सेक्टर में एक संयुक्त अभियान शुरू किया। सतर्क सैनिकों ने संदिग्ध गतिविधि देखी और उन्हें चुनौती दी, जिसके परिणामस्वरूप आतंकवादियों ने अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। सैनिकों ने प्रभावी जवाबी कार्रवाई करते हुए दो आतंकवादियों को मार गिराया। ऑपरेशन जारी है।" इस महीने की शुरुआत में, ऑपरेशन अखल के तहत एक अलग आतंकवाद-रोधी अभियान में, तीन आतंकवादी मारे गए और एक सैनिक घायल हो गया, जिससे उस अभियान में मारे गए आतंकवादियों की कुल संख्या छह हो गई।

## बांग्लादेशी कट्टरपंथी संगठन जेएमबी के संपर्क में रहने के आरोप में व्यक्ति गिरफ्तार : हिमंत

**नई दिल्ली।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने बुधवार को कहा कि धुबरी जिले के कई निवासियों के फोन नंबर कट्टरपंथी संगठन जमात-उल-मुजाहिदीन बांग्लादेश (जेएमबी) को कथित तौर पर उपलब्ध कराने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। जेएमबी यहां राज्य में अशांति पैदा करने की कोशिश कर रहा है। मुख्यमंत्री ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि गिरफ्तार किया गया व्यक्ति एक भारतीय नागरिक है और वह जेएमबी को फोन नंबर मुहैया कराने वाला मुख्य माध्यम था। फोन नंबर उपलब्ध हो जाने के बाद जेएमबी के सदस्य उन लोगों को कट्टरपंथी बनाने के इरादे से फोन किया करते थे।उन्होंने बताया कि गिरफ्तार व्यक्ति अली हुसैन बेपारी को पहले भी गिरफ्तार किया गया था, लेकिन वह जमानत पर बाहर था। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश की सीमा से लगे धुबरी और दक्षिण सलमारा जिलों में कड़ी निगरानी रखी जा रही है।



## खेल विकास के प्रस्ताव को सरकार के पास है पहुंचाना : सरोजनी लकड़ाने



**नवीन मेल संवाददाता**

रांची। मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा एस्ट्रो टर्फ हॉकी स्टेडियम मोराबादी के कॉन्फ्रेंस हाल में अपराह्न 12 बजे से डॉ. सरोजनी लकड़ा की अध्यक्षता में राष्ट्रीय एवं पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी मंच का प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित हुआ। दिनांक 31 अगस्त को जैप 01 के शौर्य सभागार में आयोजित होने वाले झारखंड राज्य के पूर्व राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी समागम के विषय में मीडिया बंधुओं को जानकारी दी गई।

इस अवसर पर डॉक्टर सरोजिनी लकड़ा, पूर्व हॉकी खिलाड़ी एवं मेजर ध्यानचंद पुरस्कार से सम्मानित राज्य की गौरव सुमराय टेटे, सुनील कच्छप, करुणा पूर्ति, वीरेंद्र लकड़ा अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षक राजेश कुमार सिंह, कमल होरो, नमन सुरीन, अगस्त तिर्की, हॉकी कोच जगन्नाथ भेंगरा, वॉलीबॉल कोच शिवदयाल कुमार एवं अन्य उपस्थित थे। मीडिया को संबोधित करते हुए डॉ सरोजनी लकड़ाने कहा कि पूर्व अंतर्राष्ट्रीय-राष्ट्रीय खिलाड़ी समागम का उद्देश्य झारखंड में खेल के विकास में आने वाली बाधाओं को चिन्हित करना, खेल के विकास के लिए समाधान एवं सकारात्मक सोच विकसित करना, खेल के विकास में सभी हितधारकों की भूमिका पर विस्तृत चर्चा करना, खेल के विकास हेतु पूर्व खिलाड़ियों की जागरूकता बढ़ाना, खिलाड़ी समागम में खिलाडियों द्वारा दिए गए सुझाव, निष्कर्ष एवं खेल के विकास हेतु प्रस्ताव को सरकार के पास पहुंचाना कार्यक्रम का मुख्य लक्ष्य है। आयोजन को सफल बनाने के लिए विभिन्न कमिटियों का गठन किया गया है। साथ ही जानकारी दी गई कि इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व खेल मंत्री बंधु तिर्की होंगे। साथ ही साथ उन्होंने काफ़ी बड़ी संख्या में आए मीडिया कर्मी का भी आभार प्रकट करते हुए दिनांक 31 अगस्त को सभी मीडिया कर्मी को आने का आग्रह भी किया।

## 'विश्व युवा स्क्रैबल चैंपियनशिप- 2025' में भारतीय टीम का सहयोग करेगी एस्सार फाउंडेशन

**मुंबई।** एस्सार फाउंडेशन ने विश्व युवा स्क्रैबल चैंपियनशिप (डब्ल्यूवाईएससी) 2025 के लिए टीम इंडिया के समर्थन की घोषणा की है। फाउंडेशन की तरफ से जारी बयान में कहा गया है कि टीम इंडिया का समर्थन करते हुए, वे गर्व का अनुभव कर रहे हैं। चैंपियनशिप 30 अगस्त से 1 सितंबर तक मलेशिया के कुआलालंपुर में आयोजित होगी। इस वार्षिक चैंपियनशिप में 18 देशों के 200 से अधिक युवा खिलाड़ी भाग लेते हैं। यह मानसिक खेल के क्षेत्र में वैश्विक रूप से श्रेष्ठ आयोजन है। स्क्रैबल एसोसिएशन ऑफ इंडिया और वर्डहोलिक्स के साथ यह साझेदारी एस्सार फाउंडेशन के इस विश्वास को और मजबूत करती है कि शारीरिक और बौद्धिक दोनों तरह के खेल व्यक्तिगत विकास, सामाजिक समावेश और राष्ट्रीय गौरव के अवसर प्रदान करते हैं। इस वर्ष भारत के दल का नेतृत्व 14 वर्षीय माधव गोपाल कामथ कर रहे हैं, जिन्हें विश्व अंग्रेजी स्क्रैबल खिलाड़ी संघ रेटिंग में दुनिया के शीर्ष 10 स्क्रैबल खिलाड़ियों में स्थान दिया गया है और यह उपलब्धि हासिल करने वाले वे पहले युवा खिलाड़ी हैं।

## मध्य प्रदेश के राष्ट्रीय खेल दिवस पर तीन दिनी खेल प्रतियोगिताएं होंगी: विश्वास सारंग

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में राष्ट्रीय खेल दिवस उत्साह और उमंग के साथ मनाया जाएगा। राज्य के खेल व युवक कल्याण मंत्री विश्वास सारंग ने कहा है कि राष्ट्रीय खेल दिवस के मौके पर पूरे प्रदेश में तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। देश में 29 अगस्त को 'राष्ट्रीय खेल दिवस' मनाया जाता है। यह हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद का जन्मदिन है। पूरे देश में कार्यक्रम होते हैं। मंत्री सारंग ने बताया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री मोहन यादव के नेतृत्व में हम मध्य प्रदेश में 29 से 31 अगस्त तक खेल गतिविधियां आयोजित की करेंगे। पूरा प्रदेश खेलमय हो, हर वर्ग खेल से जुड़े, और खेल हमारी दिनचर्या का अंग बने, इस उद्देश्य से पूरे प्रदेश में तीन दिवसीय खेल के आयोजन किए जा रहे हैं। यह आयोजन अलग-अलग स्तर पर होंगे। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री मोहन यादव सम्मिलित होंगे। बताया गया है कि प्रदेश के 313 ब्लॉक में खेल गतिविधियां आयोजित होंगी, और प्रदेश के महानगर के हर वार्ड में भी खेल गतिविधियां आयोजित होंगी।

नॉर्थ जोन के लिए दमदार बल्लेबाजी से किया कमाल

दलीप ट्रॉफी



# आयुष बडोनी की धमाकेदार फिफ्टी

**नई दिल्ली।** दलीप ट्रॉफी 2025 के पहले क्वार्टर फाइनल में नॉर्थ जोन के लिए आयुष बडोनी ने दमदार खेल का प्रदर्शन किया। ईस्ट जोन के खिलाफ टॉस हारने के बाद के पहले बल्लेबाजी करते हुए नॉर्थ जोन की जोन ने सधी हुई शुरुआत की थी। हालांकि, 49 रन के स्कोर पर टीम को शुभम खजूरिया के रूप में पहला विकेट गिर गया। इसके कुछ देर बाद ही कप्तान अंकित कुमार भी चलते बने। इस तरह नॉर्थ जोन शुरुआत के दो विकेट गंवाने के बाद मुश्किल में फंस गई थी, लेकिन यहां से यश ढुल और आयुष बडोनी ने अपनी टीम के लिए मोर्चा संभाल लिया। खास तौर से बडोनी ने टीम के लिए तेज गति से रन बनाते हुए टीम के स्कोर को 100 रन के पार पहुंचाया। आयुष बडोनी ने नॉर्थ जोन के लिए 60 गेंद में 63 रनों की पारी खेली। अपनी इस पारी में उन्होंने कुल 7 चौके भी लगाए। इस तरह आयुष बडोनी ने नॉर्थ जोन को मुश्किल से निकालने का काम किया। इस दौरान उन्हें यश ढुल का भी बेहतरीन साथ मिला। तीसरे नंबर पर बैटिंग करने उतरे यश ढुल 67 गेंद का सामना करते हुए 39 रनों की पारी खेली।

## एशिया कप 2025 से पहले रिंकू सिंह का गरजा बल्ला



उत्तर प्रदेश में जारी यूपी टी20 लीग में रिंकू सिंह का बल्ला जमकर गरजा। भुवनेश्वर कुमार की कप्तानी वाली लखनऊ फालकंस के खिलाफ रिंकू सिंह ने 27 गेंद में तीन चौके और चार छक्के से 57 रन 211 के तूफानी स्ट्राइक रेट से बनाए. जिससे सूर्यकुमार यादव को राहत मिली होगी और टीम इंडिया के लिए संजू सैमसन के बाद एक और बल्लेबाज ने अपनी फॉर्म एशिया कप 2025 से पहले साबित कर दी है. कप्तान रिंकू की पारी से मेरठ मेवरिक्स ने सातवें मैच में चौथी जीत दर्ज की और छह टीमों की अंकतालिका में दूसरे स्थान पर कब्जा बना रखा है। मैच के दौरान रिंकू सिंह की कप्तानी वाली मेरठ की टीम पहले बैटिंग करने उतरी. मेरठ के लिए सलामी बल्लेबाज स्वस्तिक चिकारा ने 31 गेंद में चार चौके और चार छक्के से 55 रन की पारी खेली. जबकि इसके बाद ऋतुराज शर्मा और रिंकू सिंह का बल्ला जमकर गरजा।

निशांत संधु ने भी दिखाया दम

## अल्काराज शेल्टन व जोकोविच तीसरे दौर में पहुंचे



**एजेंसी। न्यूयॉर्क**

विश्व के दूसरे नंबर के खिलाड़ी स्पेन के कार्लोस अल्काराज ने इटली के मटिया बेलुची को 6-1, 6-0, 6-3 से हराकर यूएस ओपन के तीसरे दौर में प्रवेश कर लिया है। अल्काराज के साथ-साथ नोवाक जोकोविच और शेल्टन भी तीसरे दौर में पहुंच गए हैं। कार्लोस अल्काराज पिछले 43 में से अपने 41 मैच जीत चुके हैं। वह लगातार आठवें टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचने की कोशिश कर रहे हैं। अल्काराज का अगला मुकाबला 32वीं वरीयता प्राप्त इतालवी खिलाड़ी लुसियानो डार्डेरी से होगा, जिन्होंने अमेरिकी वाइल्ड कार्डधारी एलियट स्पिजिरी को 6-0, 7-6(3), 2-6, 6-4 से हराया। यह अल्काराज और डार्डेरी का पहला लेक्सस एटीपी हेड-टू-हेड मुकाबला होगा।

बेन शेल्टन ने पूर्व यूएस ओपन सेमीफाइनलिस्ट पाब्लो कैरेनो बुस्टा को 6-4, 6-2, 6-4 से हराकर अपने घरेलू मेजर चैंपियनशिप के तीसरे दौर में प्रवेश किया। मॉन्ट्रियल में अपना पहला एटीपी मास्टर्स 1000 खिताब जीतने के बाद, शेल्टन ने 34 वर्षीय कैरेनो बुस्टा को हराया, जिन्होंने 2017 और 2020 में न्यूयॉर्क में अंतिम चार में जगह बनाई थी। यह लगातार नौवां ग्रैंड स्लैम है जिसमें शेल्टन तीसरे दौर में पहुंचे हैं। शेल्टन का अगला मुकाबला फ्रांस के अनुभवी एड्रियन मन्नारिनो से होगा। क्वार्टर फाइनल में शेल्टन का मुकाबला कार्लोस अल्काराज से हो सकता है। नोवाक जोकोविच ने भी तीसरे दौर में प्रवेश कर लिया है। यह 19वां मौका है जब जोकोविच तीसरे दौर में पहुंचे हैं। 38 वर्षीय जोकोविच ने अमेरिकी क्वालीफायर जाचरी स्वेज्दा के खिलाफ 6-7(5), 6-3, 6-3, 6-1 से जीत हासिल की।

## पीवी सिंधु ने प्री-क्वार्टरफाइनल में रखा कदम तो रेड्डी-शेट्टी की जोड़ी ने भी मचाया धमाल




**एजेंसी। नई दिल्ली**

बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड चैंपियनशिप में भारत के स्टार महिला बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू का विजयी अभियान जारी है. सिंधू ने 42 मिनट में दुनिया की 40वें नंबर की खिलाड़ी लेत्शाना को 21-19, 21-15 से सीधे गेम में हराकर प्री-क्वार्टरफाइनल में जगह बनाई. जबकि दूसरी तरह सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की धमाकेदार जोड़ी ने भी मेंस डबल्स में चीनी ताइपे के यांग पो हान और लियू कुआंग हेंग को मात दी। पीवी सिंधू की बात करें तो मलेशिया की लेत्शाना करुपाथेवन के खिलाफ मुकाबले में एक समय वह 12-18 से पीछे चल रहीं थी. लेकिन इसके बाद सिंधू ने वापसी करते हुए शानदार खेल दिखाया और लेत्शाना को वापसी का मौका नहीं दिया. जिससे सिंधू ने 21-19, 21-15 से मैच को अपने नाम कर लिया।

## करुण नायर कर्नाटक लौटे

**एजेंसी। नई दिल्ली**



गुरुवार से भारतीय घरेलू क्रिकेट सत्र (2025-26) की शुरुआत दलीप ट्रॉफी से हो रही है। इसी बीच करुण नायर और विदर्भ क्रिकेट टीम से जुड़ी एक बड़ी खबर आई है। करुण नायर के बारे में यह सूचना बहुत पहले मिली थी कि वह आगामी रणजी सीजन कर्नाटक की तरफ से खेलेंगे। लेकिन, अब विदर्भ क्रिकेट टीम में उनकी जगह कौन लेगा, इसकी पुष्टि हो गई है। करुण नायर पिछले दो घरेलू सीजन से विदर्भ क्रिकेट टीम के लिए खेल रहे थे, लेकिन उन्होंने 2025-26 सत्र के लिए अपनी घरेलू टीम कर्नाटक लौटने का फैसला किया है। विदर्भ क्रिकेट टीम ने करुण की जगह रवि कुमार समर्थ को शामिल करने का फैसला किया है। जैसा प्रदर्शन करुण नायर ने विदर्भ के लिए किया था, उसे देखते हुए विदर्भ टीम में उनकी जगह लेना आसान नहीं है, लेकिन रविकुमार के लिए नई टीम में खुद को साबित करने का यह अच्छा मौका है। समर्थ कर्नाटक से संबंध रखते हैं और इसी टीम के लिए 2013 से 2024 तक खेले हैं। 2024-25 सीजन के लिए वह उत्तराखंड चले गए थे। समर्थ, करुण नायर और गणेश सतीश के बाद विदर्भ के लिए खेलने वाले कर्नाटक के तीसरे क्रिकेटर हैं। करुण नायर का पिछले रणजी सीजन में बेहतरीन प्रदर्शन रहा था, और उन्होंने विदर्भ को चैंपियन बनाने में बड़ी भूमिका निभाई थी। करुण ने पिछले रणजी सीजन के 9 मैचों में 863 रन बनाए थे।

## हमारी शांति दुःख का प्रतीक : आरसीबी

**नई दिल्ली।** आईपीएल इतिहास में विराट कोहली वाली रॉयल्स चैलेंजर्स बेंगलुरु ने 17 साल का सूखा समाप्त करके आईपीएल ट्रॉफी पर पहली बार कब्जा जमाया. लेकिन इसके बाद ही चार जून को जब बेंगलुरु में विक्ट्री परेड हुई तो करीब 11 लोगों की जान भगदड़ से चली गई और 33 लोग इसमें घायल भी हो गए. आरसीबी ने अपनी गलती मानते हुए मरने वालों को 10-10 लाख की वित्तीय सहायता प्रदान की थी. जबकि अब 84 दिन बाद फैंस के लिए एक पोस्ट शेयर करके 'आरसीबी केयर्स' राहत कोष शुरू करने का ऐलान किया है. चार जून को होने वाली घटना के तीन महीने बाद आरसीबी ने कोई सोशल मीडिया पोस्ट किया और इसमें जानकारी देते हुए लिखा, हमारा शांत रहना अनुपस्थिति नहीं बल्कि दुख था। ये जगह कभी ऊर्जा, यादों और उन आनंददायक पलों से भरी पड़ी थी। जिनका आपने सबसे ज्यादा आनंद लिया। मगर चार जून के बाद से सबकुछ बदल गया। उस दिन के बाद से खामोशी ने अपनी जगह बना ली थी. इस खामोशी में हम शोक मना रहे थे और सुनकर सीख रहे हैं। धीरे-धीरे हमने सिर्फ एक रिएक्शन से बढ़कर कुछ बनना शुरू कर दिया. अब कुछ ऐसा है जिस पर हम सच में विश्वास करते हैं।

# व्यापार/लाइफ व साइंस

## भारत पर अमेरिकी टैरिफ भेदभावपूर्ण, यूएस की लीडरशीप पर देश का विश्वास कम हुआ : जीके पिल्लई

**एजेंसी। नई दिल्ली**




वाणिज्य मंत्रालय के पूर्व सचिव जीके पिल्लई ने गुरुवार को कहा कि अमेरिका द्वारा भारत पर रूस से तेल खरीद को लेकर लगाया गया टैरिफ भेदभावपूर्ण है और इससे अमेरिकी लीडरशीप पर देश का विश्वास काफी कम हुआ है। पिल्लई ने आगे कहा कि रूस के साथ व्यापार तो यूरोप, चीन और अमेरिका स्वयं कर रहा है, लेकिन केवल भारत पर टैरिफ लगाना अनुचित है। समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत करते हुए पिल्लई ने कहा, अमेरिकी टैरिफ भारत के 55 प्रतिशत निर्यात पर लागू होंगे और निर्यातक इसे प्रभाव को कम करने के प्रयास कर रहे हैं। इनका सबसे अधिक असर टेक्सटाइल, केमिकल, ज्वेलरी और सीफूड इंडस्ट्री पर होगा। उन्होंने आगे कहा कि फिलहाल इनके प्रभाव का आकलन करना मुश्किल है। इसके प्रभाव के बारे में एक-दो महीने बाद ही कुछ कहा जा सकता है। पिल्लई ने बताया कि देश का घरेलू बाजार बड़ा है। लग्जरी बाजार भी मजबूत बना हुआ है। ऐसे में निर्यातक घरेलू बाजार में सामान बेचकर अपना नुकसान कम कर सकते हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार से भारत पर 25 प्रतिशत का अतिरिक्त टैरिफ लागू कर दिया है, जिससे कुल टैरिफ 50 प्रतिशत हो गया है। हालांकि, अमेरिका को भारत के फार्मा और इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात को टैरिफ से बाहर रखा गया है। सरकारी सूत्रों के अनुसार, केंद्र सरकार वस्त्र, चमड़ा, रत्न और आभूषण जैसे प्रमुख उत्पादों के निर्यात को अन्य देशों में बढ़ाने के लिए निर्यातकों से सक्रिय रूप से बातचीत कर रही है। उच्च शुल्क से प्रभावित व्यवसायों को वित्तीय सहायता देने पर भी विचार किया जा रहा है। इस सप्ताह वाणिज्य मंत्रालय रसायन, रत्न एवं आभूषण सहित कई क्षेत्रों के निर्यातकों से बैठक करेगा ताकि नए बाजारों में निर्यात बढ़ाने की संभावनाओं पर विचार किया जा सके। मंत्रालय बजट 2025-26 में घोषित "निर्यात संवर्द्धन मिशन" को भी तेजी से लागू करने की दिशा में काम कर रहा है। एक अधिकारी ने बताया, "अगले 2-3 दिनों में मंत्रालय निर्यात विविधीकरण को लेकर हितधारकों के साथ बैठक करेगा।"

## भारत में औद्योगिक विकास दर जुलाई में चार महीनों के उच्चतम स्तर 3.5 प्रतिशत पर रही

**एजेंसी। नई दिल्ली**



भारत में औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) पर आधारित औद्योगिक विकास दर जुलाई में चार महीनों के उच्चतम स्तर 3.5 प्रतिशत पर रही है। इसकी वजह मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर का मजबूत प्रदर्शन करना था। यह जानकारी सांख्यिकी मंत्रालय द्वारा गुरुवार को दी गई। इससे पहले देश में औद्योगिक विकास दर जून में 1.5 प्रतिशत रही थी। आंकड़ों के मुताबिक कि मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र ने सालाना आधार पर जुलाई में 5.4 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि दर्ज की है।मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र ही देश के विश्वविद्यालयों और इंजीनियरिंग संस्थानों से निकलने वाले युवा स्नातकों को गुणवत्तापूर्ण रोजगार प्रदान करता है। जुलाई में बिजली उत्पादन में मामूली 0.6 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। हालांकि, खनन क्षेत्र में गिरावट दर्ज की गई और भारी मानसूनी बारिश के कारण उत्पादन में (-) 7.2 प्रतिशत की कमी आई है। मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र में 23 उद्योग समूहों में से 14 ने पिछले वर्ष के इसी महीने की तुलना में जुलाई में सकारात्मक वृद्धि दर्ज की गई है। जुलाई में "मैन्युफैक्चर ऑफ बेसिक मेटल" उद्योग समूह में 12.7 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। इसमें स्टील प्रोडक्ट्स को शामिल किया जाता है। "मैन्युफैक्चर ऑफ इलेक्ट्रिकल इक्विपमेंट" उद्योग समूह में 15.9 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। इसमें स्विचगियर, सर्किट ब्रेकर्स, कंट्रोल पैनल और ट्रांसफॉरमर शामिल किए जाते हैं। वहीं, "मैन्युफैक्चर ऑफ अदर नॉनमिटेलिक मिनरल प्रोडक्ट्स" उद्योग समूह में 9.5 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है, इसमें सीमेंट आदि आता है।

## जेजीयू की भारतीय उच्च शिक्षा में ऐतिहासिक छलांग

**सोनीपत (हरियाणा)।** ओ.पी. जिंदल ग्लोबल यूनिवर्सिटी (जेजीयू) ने 2025 में 129 नए पूर्णकालिक संकाय सदस्यों की नियुक्ति की घोषणा की है, जिससे विश्वविद्यालय के कुल संकाय सदस्यों की संख्या बढ़कर 1,100 से अधिक प्रोफेसरों, विद्वानों और चिकित्सकों तक पहुंच जाएगी। यह विस्तार भारतीय उच्च शिक्षा में शैक्षणिक विकास की एक अभूतपूर्व गति को दर्शाता है। 2009 में केवल 10 संकाय सदस्यों के साथ स्थापित, जेजीयू ने अब केवल 16 वर्षों में 100 गुना वृद्धि हासिल की है। यह एक ऐसा परिवर्तन है जो उत्कृष्टता, विविधता और वैश्विक प्रभाव के प्रति इसकी प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है और इसे दुनिया भर में सबसे तेजी से बढ़ते विश्वविद्यालयों में से एक बनाता है।

## बीएसई ने 8 दिसंबर से एफएंडओ में प्री-ओपनिंग ट्रेडिंग को शुरू करने का प्रस्ताव रखा



**मुंबई।** बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) ने गुरुवार को फ्यूचर्स और ऑप्शंस (एफएंडओ) में प्री-ओपनिंग ट्रेडिंग को 8 दिसंबर से शुरू करने का प्रस्ताव रखा। बीएसई ने बयान जारी कर कहा,"सोमवार, 8 दिसंबर 2025 से इक्विटी डेरिवेटिव सेगमेंट में इंडेक्स और स्टॉक फ्यूचर्स के लिए प्री-ओपन सेशन शुरू करने का प्रस्ताव है। ट्रेडिंग सदस्यों से अनुरोध है कि वे ध्यान दें कि उक्त कार्यक्षमता को शुरू करने के लिए ईटीआई एपीआई या मार्केट डेटा ब्रॉडकास्ट स्ट्रीम में कोई नया बदलाव नहीं होगा।" एक्सचेंज ने बयान में आगे कहा कि बीएसई पहले से ही इक्विटी सेगमेंट में प्री-ओपन सेशन ट्रेडिंग का समर्थन करता है। अब इक्विटी डेरिवेटिव सेगमेंट में प्री-ओपन सेशन ट्रेडिंग के लिए समान संदेश संरचनाएं और फील्ड परिभाषाएं लागू होंगी। इक्विटी सेगमेंट में प्री-ओपन सेशन ट्रेडिंग की टेस्टिंग 6 अक्टूबर, 2025 को की जाएगी। बीएसई ने सदस्यों और थर्ड-पार्टी फ्रंट-एंड ट्रेडिंग एप्लिकेशन वेंडर्स से अनुरोध किया कि वे अपने-अपने एप्लिकेशन में परिवर्तन शुरू करें और सुचारू रोलआउट सुनिश्चित करने के लिए उनका परीक्षण करें। दोपहर के कारोबार में बीएसई का शेयर 1.13 प्रतिशत की गिरावट के साथ 2,190 रुपए पर था।

हाल ही में बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के चेयरमैन तुहिन कांत पांडे ने कहा था कि सेबी इक्विटी डेरिवेटिव्स कॉन्ट्रैक्ट्स का मैच्योरिटी पीरियड बढ़ाने के तरीकों पर विचार कर रही है। बीते कुछ वर्षों में भारतीय शेयर बाजार में तेजी से डेरिवेटिव्स ट्रेडिंग बढ़ी है और बड़ी संख्या में रिटेल निवेशक इसमें भाग ले रहे हैं। सेबी जोखिम को कम करने के लिए पहले भी डेरिवेटिव्स एक्सपायरी और लॉट साइज की संख्या में बदलाव कर चुका है, जिससे देश में डेरिवेटिव्स ट्रेडिंग करना पहले के मुकाबले महंगा हुआ है। पांडे ने आगे कहा कि सेबी अब कारपोरेट कार्य मंत्रालय और स्टॉक एक्सचेंजों के साथ मिलकर एक विनियमित प्लेटफॉर्म स्थापित करेगा, जिसमें सार्वजनिक होने की योजना बना रही गैर-सूचीबद्ध कंपनियों के बारे में विश्वसनीय जानकारी होगी।

## जल संरक्षण के लिए भारत में दूसरे देशों की नई और एडवांस्ड टेक्नोलॉजी लाई जा रही हैं : शिवानी घोड़ावत

**एजेंसी। नई दिल्ली**

जल और अपशिष्ट जल प्रबंधन के क्षेत्र में मार्केटिंग सॉल्यूशन प्रोवाइडर 'अर्थ वॉटर फाउंडेशन' की फाउंडिंग मेंबर शिवानी घोडावत ने गुरुवार को कहा कि भावी पीढ़ियों के लिए पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए पानी के संरक्षण को ध्यान में रखते हुए भारत में दूसरे देशों की नई और एडवांस्ड टेक्नोलॉजी को लाया जा रहा है। '20वें एवरीथिंगअबाउटवाटर एक्सपो 2025' आयोजन के साइडलाइन में मीडिया से बात करते हुए शिवानी ने कहा, "यह एक वार्षिक प्रदर्शनी है। इस प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य जल उद्योग, निर्णयकर्ताओं और हितधारकों को एक मंच पर एक साथ लाना है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य वॉटर एंड वेस्ट वॉटर ट्रीटमेंट में लेटेस्ट टेक्नोलॉजी, सस्टेनेबिलिटी और पानी से जुड़ी समस्याओं पर चर्चा कर इनका समाधान खोजना है।" यह एक तीन दिवसीय वैश्विक कार्यक्रम है, जिसमें इजराइल, ईरान, इटली और स्पेन जैसे देशों की भागीदारी रहेगी। उन्होंने एयर से पानी बनाने वाली इजरायली कंपनी एच2ओएलएल कंपनी का जिक्र किया और कहा कि यह कंपनी नमी और हवा से पानी बनाती है। इसी तरह की टेक्नोलॉजी को भारत में लाया जा रहा है। कार्यक्रम में पहुंचे इजरायल के राजदूत रूवेन अजार ने कहा, "जल के महत्व को कम कर नहीं आंका जा सकता।

पत्रकार पर जानलेवा हमला, एकजुट होकर किया प्रदर्शन

# राजनीतिक व सामाजिक संगठनों ने की हमले की निंदा

- पूर्व सीएम रघुवर दास सांसद कालीचरण सिंह व विधायक प्रकाश राम ने पत्रकार पर हुए हमले की घोर निंदा की

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** लातेहार जिले के बालूमाथ बेसिक स्कूल निवासी वरिष्ठ पत्रकार सुरेंद्र प्रसाद गुप्ता पर कल रात अपराधियों ने जानलेवा हमला करने का प्रयास किया पर वह सफल नहीं हो पाए। तीन अपराधी एक मोटरसाइकिल में सवार थे जिन्होंने पत्रकार पर हमला कर दिया। जिसके बाद पूरे मामले को की जानकारी सुरेंद्र गुप्ता ने बालूमाथ थाना में आवेदन देकर बताया।

सुरेंद्र ने बताया कि रांची से जब वह अपने कार से घर पास पहुंचे तो इसी बीच एक पल्सर मोटरसाइकिल में सवार तीन लोगों ने कार को दो बार टक्कर मार दी और जानलेवा हमला किया। जिसके बाद वे चिल्लाते हुए अपने घर में जाकर अपनी जान बचाई। इसके बाद आसपास के लोग सैकड़ों की संख्या में जुट गए व अपराधियों को पीछा किया। जहां नगडा ओवर ब्रिज के समीप अपराधियों ने अपना मोटरसाइकिल छोड़कर जंगल में भाग गया। घटना की सूचना मिलने पर बालूमाथ पुलिस नागडा ओवर ब्रिज के पास पहुंची एवं बाइक को जब्त कर लिया।



### पत्रकार सुरेंद्र गुप्ता पर हुए जानलेवा हमले की निंदा

चंदवा। जिले के बालूमाथ निवासी हिंदी दैनिक अखबार के प्रतिनिधि सुरेंद्र प्रसाद गुप्ता पर बुधवार की रात्रि घर जाने के दौरान बाइक सवार तीन अज्ञात सामाजिक तत्वों के द्वारा किए गए जानलेवा हमले की घटना को लेकर पत्रकारों में आक्रोश है। पत्रकारों ने घटना के प्रति रोष प्रकट करते हुए कहा कि आए दिन लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पर हमला हो रहा है। सच लिखने वाले पत्रकारों को निशाना बनाकर आवाज को दबाने का प्रयास किया जा रहा है। प्रशासन इस घटना को गंभीरता से ले और इसमें संलिप्त अपराधियों को तत्काल गिरफ्तार करे। मांग करने वालों में वरिष्ठ पत्रकार सुरेंद्र वैद्य,अजय वैद्य, सुमित कुमार, दीपक भगत, अनीश पाठक, राहुल कुमार, मुबारक आलम, बबलू खान, मुकेश सिंह, मनोज मेहता, कमलेश प्रसाद, गौरव दुबे, मो. इरफान, रौशन गुप्ता, राजीव कुमार, मो. मुमताज समेत अन्य शामिल हैं।

### रघुवर दास ने की अपराधियों को गिरफ्तारी की मांग

इधर झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने लातेहार परिसदन में पत्रकार सुरेंद्र गुप्ता पर हमले की कड़ी निंदा करते हुए अपराधियों को गिरफ्तार करने की मांग की है। बैठक में सांसद प्रतिनिधि प्रेम प्रसाद गुप्ता ,विधायक प्रतिनिधि संजय यादव ,झामुमो प्रखंड अध्यक्ष प्रदीप गंझू, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष आमिर हयात, पूर्व प्रमुख संजीव सिन्हा, खनन विभाग के जिला विधायक प्रतिनिधि उपेंद्र यादव, मुस्लिम समाज के सदर हाजी मोहम्मद शब्बीर, मोहम्मद मुजम्मिल, मोहम्मद तौकीर, मुखिया नरेश लोहारा, लातेहार प्रेस क्लब के अध्यक्ष विकास तिवारी, राजीव मिश्रा, संजीत गुप्ता, पंकज गुप्ता,राहुल पांडे, मनीष सिन्हा, आशीष वैद्य, संजीत पांडेय समेत कई लोग मौजूद थे।

### अपराधियों को जल्द गिरफ्तार करने की मांग

इधर घटना के बाद लातेहार प्रेस क्लब ने इस घटना की घोर निंदा करते हुए बालूमाथ पहुंच पूरी जानकारी ली और जल्द से जल्द अपराधियों को गिरफ्तार करने की मांग प्रशासन से की। वहीं बालूमाथ के एक निजी हॉटल में बालूमाथ के सभी राजनीतिक दल, जनप्रतिनिधि, प्रबुद्ध व सामाजिक लोगों ने आपातकालीन बैठक की। जहां पत्रकार सुरेंद्र गुप्ता पर हमले की कड़ी निंदा की गई। वहीं लोगों ने एक मौन जुलूस निकालकर थाना पहुंचे और थाना प्रभारी को एक ज्ञापन सौप कर 24 घंटे के अंदर अपराधियों की गिरफ्तारी नहीं होने पर आंदोलन करने की चेतावनी दी।

### सांसद कालीचरण ने की घटना की निंदा

इधर घटना के बाद चतरा संसदीय क्षेत्र के सांसद कालीचरण सिंह ने घटना की निंदा की व कहा कि पत्रकार पर हमला यह चिंतनीय विषय है। इस घड़ी में मैं पत्रकारों के साथ खड़ा हूं। वही लातेहार एसपी से बात कर शीघ्र अपराधियों को गिरफ्तार करने की मांग की। लातेहार विधायक प्रकाश राम ने कहा कि अगर अपराधियों को 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार नहीं किया जाता है तो बालूमाथ के ग्रामीणों द्वारा आहूत की गई आंदोलन में स्वयं शामिल होऊंगा एवं चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा।

### अपराधियों को गिरफ्तार करने की मांग

बालूमाथ (लातेहार)। बालूमाथ के पत्रकार सुरेंद्र प्रसाद गुप्ता पर हमला के विरोध में बालूमाथ स्थित होटल रोज गार्डन में राजनीतिक दल, जनप्रतिनिधि, प्रबुद्ध व सामाजिक लोगों के साथ-साथ जिले के विभिन्न प्रखंडों के कई रिपोर्टर की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता हाजी शब्बीर व संचालन सांसद प्रतिनिधि प्रेम प्रसाद गुप्ता ने की.। वक्ताओं ने पत्रकार सुरेंद्र गुप्ता पर हमले की निंदा की। बैठक के बाद मौन जुलूस के रूप में लोग थाना पहुंचकर थाना प्रभारी को एक ज्ञापन सौपा। ज्ञापन में 24 घंटे के अंदर अपराधियों का गिरफ्तारी की मांग की गई।

## शहर में ट्रैफिक नियम उल्लंघन पर कार्रवाई, 12 दोपहिया वाहन जब्त



- बिना हेलमेट, लाइसेंस व ट्रिपल लोडिंग में पकड़े गए चालक, ₹21,150 का फाइन

**मेदिनीनगर।** सदीक चौक टेंपो स्टैंड और कोयल पुल के पास 28 अगस्त 2025 को जिला परिवहन विभाग और स्थानीय पुलिस द्वारा यातायात नियमों के उल्लंघन पर विशेष जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान चार पहिया और दोपहिया वाहनों की सघन जांच की गई। जांच के क्रम में पाया गया कि कई दोपहिया वाहन चालक बिना हेलमेट, बिना ड्राइविंग लाइसेंस और ट्रिपल लोडिंग जैसे गंभीर नियमों का उल्लंघन करते हुए पाए गए। मौके पर 12 दोपहिया वाहनों को जब्त कर शहर थाना परिसर में सुरक्षार्थ रखा गया। जब्त किए गए वाहनों की जानकारी और दस्तावेज जिला परिवहन कार्यालय, पलामू को चालान एवं जुर्माना प्रक्रिया के लिए भेजी गई। इसके बाद परिवहन विभाग द्वारा कुल 20 दोपहिया गाड़ियों पर 21,150 का फाइन निर्धारित किया गया, जिसकी आधिकारिक सूचना प्राप्त हुई है। जांच अभियान का उद्देश्य शहर में सड़क सुरक्षा और ट्रैफिक नियमों के पालन को सुनिश्चित करना था। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी नियमित रूप से जारी रहेगी। परिवहन विभाग ने वाहन चालकों से अपील की है कि वे हमेशा हेलमेट पहनें, वैध ड्राइविंग लाइसेंस रखें और ट्रैफिक नियमों का पालन करें। नियमों के उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## विधायक ने बालूमाथ को अनुमंडल का दर्जा देने की मांग की

**बारियातू।** झारखंड विधानसभा के चालू सत्र के आखिरी दिन गुरुवार को लातेहार विधायक प्रकाश राम ने गैर सरकारी संकल्प के माध्यम से जिले के बालूमाथ प्रखंड को पूर्ण रूप से अनुमंडल का दर्जा देने की सरकार से मांग की। यह जानकारी भाजपा युवा नेता सोनू प्रजापति ने देते हुए आगे बातया कि विधायक प्रकाश राम ने बालूमाथ, बारियातू व हेरहंज प्रखंड को सम्मिलित कर बालूमाथ पूर्ण अनुमंडल का दर्जा दिए जाने की मांग करते हुए कहा कि तीनों प्रखंडों की सीमाएं पलामू, चतरा एवं रांची जिला से मिलती है। अगर उपायुक्त का आयुक्त के माध्यम से बालूमाथ को पूर्ण रूप से अनुमंडल बनाने का प्रस्ताव आता है तो सरकार इस पर आगे की कार्रवाई कर सकती है। विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो के हस्तक्षेप के बाद इस पर समय सीमा के भीतर सरकार द्वारा नीतिगत निर्णय लिये जाने के आश्वाशन के बाद विधायक प्रकाश राम ने गैर सरकारी संकल्प को वापस लिया।

उपायुक्त ने इटखोरी का दौरा कर विभिन्न विकास योजनाओं का किया निरीक्षण

## मां भद्रकाली मंदिर व बक्सा डैम का होगा चंहुमुखी विकास : उपायुक्त

**नवीन मेल संवाददाता**



**इटखोरी (चतरा)।** जिले के उपायुक्त कृतिश्री जी ने गुरुवार को इटखोरी प्रखंड के विभिन्न स्थानों का दौरा कर सरकार द्वारा संचालित विभिन्न महत्वाकांक्षी विकास योजनाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने सबसे पहले बक्सा डैम का निरीक्षण कर सिंचाई विभाग द्वारा बने विश्राम घर का डेवलप्मेंट करने की बात कही। साथ ही यहां वाहन पार्किंग एवं टूरिज्म विभाग से सौंदर्यीकरण किए जाने के लिए स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि यहां टूरिज्म विभाग द्वारा रेस्ट हाउस समेत कई प्रकार के आवश्यक विकास किए जाएंगे। बक्सा डैम के बाद उन्होंने जेएसएलपीएस कार्यालय पहुंचे। जहां दीदियों ने उन्हें फूल माला से स्वागत किया। यहां भी उन्होंने आवश्यक चीजों का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दी। यहां के बाद में प्रखंड कार्यालय स्थित गोदाम का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को विशेष दिशा निर्देश दी। उपायुक्त कृतिश्री जी ने कृषि फार्म के 25 एकड़ भूमि में कई प्रकार के विकास योजनाओं का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने अजोल उत्पादन यूनिट, डैम और गाय शेड समेत कई विकास योजनाओं का निरीक्षण कर इसे और विस्तार करने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस बीच कृषि फार्म में उन्होंने पौधारोपण भी की। इसके बाद प्रेम बुक में संचालित डेरी मिल्क का भी निरीक्षण किया। अंत में उन्होंने प्रखंड सभागार में बैठक कर स्थानीय जनप्रतिनिधियों से सीधा संवाद कर उनके क्षेत्र से संबंधित समस्याओं को सूनी। यहां उन्होंने कहा कि आपकी समस्याओं से संबंधित सभी तरह के विकास योजनाओं को धरातल पर उतर जाएगा, इसमें थोड़ी धैर्य रखें। बैठक के दौरान सरकारी आवास को लेकर बालू से संबंधित भी मामला उठाया गया। जिस पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवास के लिए बालू उपलब्ध कराने की निर्देश दी। मौके पर डीडीसी अमरेंद्र कुमार सिन्हा, एसी अरविंद कुमार, एसडीओ जहूर आलम, डीसीओ लोकनाथ महतो, डीएससी समेत जिले के कई आलाधिकारी एवं स्थानीय बीडीओ सोमनाथ बांकिरा व सीओ सविता सिंह आदि मौजूद थे।

## तीन बाइक चोर गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**नवीन मेल संवाददाता**



**पांडू।** थाना पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी कांड का खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। पुलिस ने उनके पास से चोरी की गई बाइक भी बरामद कर ली है। पुलिस को लिखित सूचना मिली थी कि कुछ युवक चोरी की मोटरसाइकिल छिपाकर रखे हुए हैं। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए छापेमारी की गई और तीन युवकों को दबोचा गया। गिरफ्तार युवकों की पहचान आनंद कुमार (उम्र 23 वर्ष), पिता नंदू राम, निवासी ग्राम मुसीखाप,अवधेश माली (उम्र 20 वर्ष), पिता अकलू माली, निवासी ग्राम कजरूखुर्द, अनीस रवि (उम्र 18 वर्ष), पिता विफन राम, निवासी ग्राम पिपरी (मुरुमातु) पुलिस ने इनके कब्जे से हीरो एचडी डीलक्स बरामद की। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपियों ने मुरुमातु गांव में मछली मारने का बहाना बनाकर बाइक चोरी की। पहले उसे धकेलते हुए हिसरा (पांडू) तक लाए, फिर सीधे चालूकर मुसीखाप पहुंचाया और वहां छिपाकर अपने-अपने घर चले गए। थाना प्रभारी विगेश कुमार राय ने कहा कि सूचना मिलते ही छापेमारी कर तीनों को गिरफ्तार किया गया। चोरी की बाइक भी बरामद कर ली गई है।

## राष्ट्रीय खेल दिवस आज, कई खेलों का आयोजन

**लातेहार।** जिला खेल सह पर्यटन पदाधिकारी अविनेश कुमार त्रिपाठी के द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि खेल कूद एवं युवा कार्य निदेशालय झारखंड रांची के निदेश के आलोक में जिले में 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर बालक/बालिका वॉलीबॉल व बैडमिंटन खेलों का आयोजन जिला प्रशासन, लातेहार द्वारा किया जाएगा। 30 अगस्त को कबड्डी, रस्सा कस्सी, ग्रामीण एवं स्वदेशी जनजातीय खेल प्रतियोगिताओं का भव्य आयोजन एवं पुरस्कार वितरण किया जाएगा।

## 7 माह बाद भी मनरेगा मजदूरों के लाखों रुपए का भुगतान नहीं

**बिट्टू सिंह**

**केतार (गढ़वा)।** केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी मनरेगा योजना में काम कर रहे मजदूरों का समय पर मजदूरी का भुगतान नहीं होने से अब उनका मोह भंग होने लगा है। मजदूरी भुगतान के लिए मजदूर प्रखंड कार्यालय का चक्कर लगा अब थक चुके हैं। मजदूरों का कहना है कि मनरेगा योजना में दो सप्ताह के भीतर मजदूरी भुगतान करने का प्रावधान है। वहीं प्रखंड के सात पंचायतों के 1481 मजदूरों का जनवरी 2025 का बकाया मजदूरी 22 लाख 3 हजार 306 है। जो सात माह बीत जाने के बाद भी मजदूरी भुगतान नहीं हो सका है। मनरेगा मजदूरों को राज्य सरकार साप्ताहिक मजदूरी 162 रुपए देती है। जबकि केंद्र सरकार 1530 रुपये देती है। राज्य सरकार द्वारा मजदूरी की राशि 162 रुपए डीबीटी के माध्यम से एक सप्ताह के भीतर ही मजदूरों के खाते में आ जाते हैं। लेकिन केंद्र सरकार से मिलने वाली मजदूरी की राशि का भुगतान अब तक नहीं किया गया है, इससे मजदूर निराश हैं।

पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने ध्रुव नारायण सिंह को दी श्रद्धांजलि, कहा-

# समाज के लिए समर्पित रहा उनका जीवन

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और वर्तमान में भारत के राज्यपाल रघुवर दास बुधवार को हमीदगंज स्थित झारखंड भाजपा के प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह के आवास पहुंचे। पूर्व मुख्यमंत्री दास ने यहां उनके पिता, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्व जिला संघचालक स्वर्गीय ध्रुव नारायण सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

दास ने दिवंगत नेता के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि स्वर्गीय ध्रुव नारायण सिंह संघ परिवार के एक मजबूत स्तंभ थे। उनका पूरा जीवन समाज सेवा और गरीबों के उत्थान में समर्पित रहा। उन्होंने आगे कहा कि ध्रुव बाबू के विचार आज भी समाज में प्रासंगिक हैं और लोगों के लिए प्रेरणा स्त्रोत बने हुए हैं। मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि उन्हें अपने श्रीचरणों में स्थान दें।श्रद्धांजलि कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपा के नेता और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इनमें भाजपा झारखंड प्रदेश पदाधिकारी श्री गणेश मिश्रा, सिमरिया के पूर्व विधायक किशुन दास, वरिष्ठ नेता प्रेम सिंह, पलामू भाजपा जिला अध्यक्ष अमित तिवारी, सुनील पासवान, विजय ओझा, शिवकुमार मिश्रा, बिट्टू सिंह, दिलीप तिवारी, अविनाश वर्मा, जय दुबे, अरविंद गुप्ता, धीरेंद्र दुबे, प्रियरंजन कुमार, जितेंद्र तिवारी, प्रेमजीत कुमार, शशि भूषण पांडे, विजय शर्मा, कुमार गौरव, अविनाश सिंहा उर्फ छोटू, सरवन गुप्ता, अजय सिंह, सुनील तिवारी, विजय पाठक, विजय ठाकुर, राजेश गुप्ता, श्वेतांग गर्ग, विजय कुशवाहा, विकास सिंह, संजय कुमार, राजेश सिंह, शिवकुमार पांडे, रोहित शर्मा, रोहित पाठक, भूषण सिंह, रोहित सिंह, पिंकू सिंह समेत कई अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने स्वर्गीय ध्रुव नारायण सिंह के प्रति अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके योगदान को याद किया।

### पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने झारखंड सरकार पर साधा निशाना

पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने बीजेपी के प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह के पिता को श्रद्धांजलि देने के बाद मीडिया से बात करते हुए हेमंत सोरेन सरकार पर कई गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि यह सरकार केवल आदिवासी और मूलनिवासी की बात करती है, लेकिन उनके हित में कोई काम नहीं कर रही है।

**सरकार पर शोषण का आरोप :** रघुवर दास ने सूर्या हांसदा मामले का जिक्र करते हुए कहा कि सरकार जानबूझकर आदिवासियों का शोषण कर रही है। उनका दावा है कि अब झारखंड के आदिवासियों और मूलवासियों का सरकार पर से भरोसा उठ गया है। उन्होंने कहा कि राज्य में सरकार नाम की कोई चीज नहीं है, बल्कि इसे एक सिंडिकेट चला रहा है।

**माफिया चला रहे हैं सरकार :** रघुवर दास ने आरोप लगाया कि भू-माफिया, पत्थर-माफिया और बालू-माफिया मिलकर सरकार चला रहे हैं, यही कारण है कि राज्य में हर चीज की कमी है। उनके अनुसार, यह सरकार जनता की भलाई के बजाय माफियाओं के हितों को साध रही है।

## पुलिस की निगरानी में शुरू हुआ खाद वितरण

**चिनियां (गढ़वा)।** चिनियां प्रखंड में यूरिया खाद को लेकर किसानों की भारी परेशानी सामने आई। गुरुवार सुबह जैसे ही यह खबर फैली कि चिनियां के जितेंद्र खाद बीज भंडार में दो ट्रक यूरिया खाद पहुंचा है, किसान सुबह 6 बजे से ही दुकान के आसपास जुटने लगे। भूखे-प्यासे किसान पूरे दिन खाद लेने की उम्मीद में लाइन लगाए खड़े रहे। भीड़ इतनी बढ़ गई कि दुकानदार जितेंद्र प्रसाद को प्रशासन की मदद लेनी पड़ी। जिला कृषि पदाधिकारी खुशबू पासवान के निर्देश पर चिनियां पुलिस प्रशासन को मौके पर बुलाया गया। इसके बाद दोपहर करीब 2:30 बजे से पुलिस कीनिगरानी में खाद का वितरण शुरू कराया गया। लेकिन वितरण के दौरान नया विवाद खड़ा हो गया। करीब 20-25 किसानों को खाद मिलने के बाद ही पॉश मशीन में खराबी आ गई और वितरण रोकना पड़ा।

## न्यूज बॉक्स

### आग का गोला बना सड़क किनारे खड़ा ट्रक

**चंदवा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत रांची मेदिनीनगर मुख्य मार्ग पर सिकनी पुल के समीप खड़ी ट्रक ओडी 4 एन 3839 में गुरुवा की सुबह करीब साढ़े आठ बजे आग लग गई। जिससे ट्रक धूं धूकर जल उठा। देखते ही देखते पूरी ट्रक आग का गोला बन गया। सूचना पाते ही चंदवा पुलिस एसआई सरोज सिंह व सिकनी पिकेट के जवान सदल बल घटना स्थल पहुंचे। अग्नि शमन विभाग को सूचित कर दमकल की गाड़ी बुलाई गई, जिसके बाद आग पर काबू पाया गया। लेकिन तब तक ट्रक का पूरी तरह से जल चुका था। इस संबंध में चालक शिवा ने बताया कि उक्त ट्रक में ब्लीचिंग लोड था जो रेणुकूट से ओडिशा जा रही थी।

### तीर्थ यात्रा के लिए श्रद्धालुओं का जत्था रवाना

**महुआडांड़।** प्रखंड अंतर्गत दिन गुरुवार को स्थानीय दुगार्बाड़ी से 20 श्रद्धालुओं का जत्था तिरुपति , रामेश्वरम , मदुरई, कन्याकुमारी के लिए हुए रवाना। सभी श्रद्धालुओं ने दुर्गा मंदिर में माथा टेका एवं मंगलमय यात्रा की कमाना किय। हिंदू वाहिनी के जिला अध्यक्ष मुकेश जायसवाल ने सभी श्रद्धालुओं का रवाना किए एवं मंगलमय यात्रा की कमाना की। वहीं सभी लोगों न कहा कि हम लोग हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी तीर्थ स्थल का भ्रमण के लिए जा रहे है एवं सभी तीर्थ स्थल का दर्शन करेंगे सुख समृद्धि का कमाना करेंगे। तीर्थ स्थल जाने में मुख्य रूप से हीरालाल प्रसाद, शिला देवी, ऊषा देवी, आदित्य प्रसाद, चंदन कुमार, विकास उरांव, राजेश जायसवाल, अनीता देवी, अनीता जायसवाल, कृष्ण प्रसाद, निर्मला देवी, प्रमिला देवी एवं दर्जनों लोग शामिल थे।

### वरिष्ठ अधिवक्ता दयाशंकर प्रसाद का निधन

**लातेहार।** जिला अधिवक्ता संघ से जुड़े वरिष्ठ अधिवक्ता दयाशंकर प्रसाद का निधन इलाज के दौरान हो गया है। उनके निधन पर वरियतम अधिवक्ता राजमणि प्रसाद ने शोक प्रकट करते हुए कहा कि संघ के एक बड़े स्तंभ को ईश्वर ने बुला लिया है। राजमणि प्रसाद ने कहा कि उनका व्यक्तित्व एवं कृतित्व हमेशा वकालतखाने में स्वर्णिम अक्षरों में लिखा जाएगा। अधिवक्ता सुनील कुमार ने कहा कि स्व प्रसाद कानून की बारिकियों को बखूबी अदालत में पेश करने के लिए विख्यात थे। उनके निधन से लातेहार जिला को बड़ी क्षति हुई है। कुमार ने उनके निधन पर गहरा शोक प्रकट किया है एवं विनम्र श्रद्धासुमन अर्पित किया है। संघ के अध्यक्ष लाल अरविंद नाथ शाहदेव ने उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि दया बाबू कानून की गहराइयों तक पहुंचने में कोई कसर नहीं छोड़ते थे। शाहदेव ने कहा कि वे हमेशा न्यायालय में लॉ और फैक्ट को रखते थे।

### पक्की सड़क की बाट जोह रहे लाधुप के भरी टोला व रंगनिया के ग्रामीण

**चंदवा।** सरकारे चाहें विकास के लाख दावे कर लें लेकिन आज भी ग्रामीण क्षेत्रों की तस्वीरे सरकार के इस दावों की पोल खोलने के लिए काफी है। आजादी के इतने वर्ष बीतने के बावजूद ग्रामीण क्षेत्रों की सड़कों की हालत दयनीय बनी हुई है। प्रखंड मुख्यालय के सुदूरवर्ती क्षेत्रों में कच्ची सड़क देखकर सरकार द्वारा किये जा रहे विकास के दावे खोखले साबित हो रहे हैं। ऐसा ही कुछ चंदवा प्रखंड अंतर्गत लाधुप पंचायत के हेसला गांव के भरी टोला व रंगनिया टोला में देखने को मिला है। यहां के ग्रामीण पक्की सड़क के लिए वर्षों से सरकार की बाट जोह रहे हैं। प्रखंड मुख्यालय से भरी टोला गांव की दूरी लगभग 15 किमी है जो माल्हन व लाधुप पंचायत के सीमाने पर स्थित है। दोनों टोला में करीब 50 से 60 घर आदिवासी समुदाय की आबादी निवास करती है।

## पेज एक के शेष

### दिशोम गुरु शिबू...

जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया। बता दें कि झारखंड आंदोलन में प्रमुख भूमिका निभाने वाले दिशोम गुरू शिबू सोरेन का लंबी बीमारी के बाद 4 अगस्त को सर गंगाराम अस्पताल में निधन हो गया था। उनके निधन के बाद पार्थिव शरीर को झारखंड लाया गया और इसके बाद उनके पैतृक गांव नेमरा में अंतिम संस्कार किया गया था। उनके निधन के बाद से ही उन्हें भारत रत्न देने की मांग जोर पकड़ने लगी थी। गुरुवार को उनको भारत रत्न देने की मांग का प्रस्ताव विधानसभा में आया और सर्वसम्मति से उस प्रस्ताव को पारित कर दिया गया।

### बिहार में नेपाल...

बिहार में घुसे तीनों संदिग्ध आतंकी संगठन से संबंध रखते हैं। मोतिहारी के पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने आम जनता से सहयोग की अपील करते हुए विशेष नंबर जारी किए हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति के बारे में जानकारी मिलने पर तुरंत नजदीकी थाने को सूचना दें या फिर 112 पर कॉल करें। उन्होंने भरोसा दिलाया है कि सूचना देने वाले की पहचान पूरी तरह गुप्त रखी जाएगी। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि उनके मोबाइल नंबर पर भी आम लोग सूचना दे सकते हैं। नेपाल के सीमावर्ती क्षेत्रों में पुलिस ने चौकसी बढ़ा दी है। होटल, लॉज और किराए के मकानों की भी जांच करने का निर्देश सभी थाना प्रभारियों को दिया गया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि सीमा क्षेत्रों में वाहनों की भी जांच की जा रही है। इसके अलावा पुलिस ने आम नागरिकों से भी संदिग्धों को पकड़ने के लिए मदद मांगी है। वहीं, सीमा पर सशस्त्र सीमा बल और स्थानीय पुलिस ने अपनी गतिविधि बढ़ा दी है।

### रांची में आज...

मौसम विभाग के अनुसार, राज्य में शुक्रवार को सामान्य बारिश होगी। बंगाल की खाड़ी में पिछले दिनों बना निम्न दबाव क्षेत्र अब ओड़िशा को पारकर छत्तीसगढ़ के मध्य भाग पर केंद्रित है। इससे जुड़ा एक साइक्लोनिक सर्कुलेशन आसपास के क्षेत्र में कायम है, जिसमें झारखंड भी शामिल है। इसके प्रभाव से एक सितंबर तक राज्य के विभिन्न हिस्सों में बारिश होने का पूर्वानुमान है। इसके अलावा मानसून ट्रफ झारखंड के दक्षिण से होकर ओड़िशा के कलिंगपट्टनम से होते हुए बंगाल की खाड़ी के दक्षिण-पूर्वी तक गुजर रहा है। चार जिलों में बारिश में कमी राज्य में पिछले तीन दिनों से मानसून कमजोर है।

### लोगों को अपना...

इसके अलावा, पीएमजेडीवाई खाताधारकों को 38.68 करोड़ रुपे कार्ड जारी किए गए। योजना के 11 साल पूरे होने पर केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामण ने अपने संदेश में कहा कि वित्तीय समावेशन आर्थिक वृद्धि और विकास का एक प्रमुख चालक है। बैंक खातों तक सार्वभौमिक पहुंच गरीबों और वंचित वर्ग के लोगों को औपचारिक अर्थव्यवस्था में पूरी तरह से भाग लेने और इसके अवसरों का लाभ उठाने में सक्षम बनाती है।

### मंत्रियों को बम...

उन्होंने बताया कि बुधवार को सोशल मीडिया पर गिरिडीह के बाभनटोली - राजेंद्र नगर के रहने वाले एक युवक अंकित कुमार मिश्रा का वीडियो सामने आया था। इसमें युवक ने मंत्री सुदिव्य कुमार और मंत्री इरफान अंसारी को बम से उड़ाने की धमकी दी थी। मामला पुलिस के संज्ञान में आया तो एसपी डॉ बिमल कुमार ने तुरन्त इसे गंभीरता से लेते हुए विशेष टीम का गठन किया। टीम को आरोपित युवक का लोकेशन बिहार मिला। इसके बाद साइबर डीएसपी के साथ साइबर थानेदार और टेक्निकल टीम पटना पहुंची जहां से उसे गिरफ्तार किया गया। गिरिडीह के एसपी डॉ बिमल कुमार ने युवक की गिरफ्तारी की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आगे जांच चल रही है। प्रथम दृष्टया ऐसा नहीं लगता है कि इन युवाओं का संबंध किसी बड़े गैंगस्टर से है। युवक के खिलाफ गिरिडीह नगर थाने में मारपीट का पूर्व में भी एक मामला दर्ज है।

### पालघर में इमारत...

तभी इमारत के एक हिस्से में 12 फ्लैट ढह गए, जिससे फ्लैट में रहने वाले लोग और मेहमान मलबे में दब गए।

पालघर की जिलाधिकारी डॉ. इंदु रानी जाखड़ ने गुरुवार सुबह पुष्टि की कि इस घटना में मृतकों की संख्या 15 हो गई है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) और अन्य बचाव दल यह सुनिश्चित करने के लिए मलबा हटाने का काम जारी रखेंगे कि मलबे में कोई और व्यक्ति तो फंसा नहीं है।

# डोनाल्ड ट्रंप से मिलते ही दुनिया के नेता पीएम मोदी संग तुरंत जुड़ते नजर आए

## अब फिनलैंड के राष्ट्रपति का कॉल क्यों आया?

**एजेंसी । नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब के साथ टेलीफोन पर बातचीत की और यूक्रेन में शांति के लिए भारत के समर्थन को दोहराया। दोनों नेताओं ने रूस-यूक्रेन संघर्ष को सुलझाने के उद्देश्य से वाशिंगटन में यूरोपीय, अमेरिकी और यूक्रेनी नेताओं की हालिया बैठक पर भी विचार-विमर्श किया। पीएमओ के बयान के अनुसार स्टब ने यूक्रेन में संघर्ष के समाधान पर वाशिंगटन में यूरोप, अमेरिका और यूक्रेन के नेताओं के बीच हुई हालिया बैठकों पर अपना आकलन मोदी के साथ साझा किया। बयान में कहा गया है कि मोदी ने संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान और शांति एवं स्थिरता की शीघ्र बहाली के लिए भारत के निरंतर समर्थन को दोहराया। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब के साथ अच्छी बातचीत हुई। फिनलैंड यूरोपीय संघ का एक महत्वपूर्ण साझेदार है। व्यापार, प्रौद्योगिकी और सतत विकास जैसे प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग को मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा हुई। मोदी ने कहा कि उन्होंने यूक्रेन में संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान के लिए चल रहे प्रयासों पर विचारों का आदान-प्रदान किया। फिनलैंड के राष्ट्रपति ने एआई इम्पैक्ट समिट के लिए भी समर्थन व्यक्त किया, जिसकी मेजबानी भारत 2026 में करेगा।



## 50% टैरिफ के बाद पुतिन ने दिखाया रौद्र रूप, दागी 629 मिसाइल, ईयू की इमारत को भी नहीं बख्शा

यूक्रेनवॉर एक ओर जहां भारत पर भारी टैरिफ का दबाव बढ़ रहा है। वहीं दूसरी ओर रूस और यूक्रेन के बीच जारी जंग में एक और खतरनाक मोड़ ले लिया है। यूक्रेन ने दावा किया है कि रूस ने एक ही रात में 629 मिसाइलों और ड्रोन से हमला किया है। इस हमले का सबसे बड़ा असर यूक्रेन की राजधानी कीव में देखने को मिला है। जहां यूरोपियन यूनियन के प्रतिनिधिमंडल की इमारत को भी निशाना बनाया गया है। कीव शहर प्रशासन के प्रमुख तैमूर त्काचेंको ने बताया कि मृतकों में दो, 14 और 17 साल के तीन नाबालिग शामिल हैं। मृतकों की संख्या बढ़ सकती है क्योंकि बचाव दल मलबे में दबे लोगों को निकालने की कोशिशों में जुटे हुए हैं। यूक्रेनी



राष्ट्रपति वोलोदिमीर ज़ेलेंस्की ने हमले के बाद एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि रूस बातचीत की मेज के बजाय बैलिस्टिक हथियारों को चुनता है। हम दुनिया के उन सभी लोगों से प्रतिक्रिया की उम्मीद करते हैं जिन्होंने शांति की अपील की थी, लेकिन अब सैद्धांतिक रुख अपनाने के बजाय अक्सर चुप रहते हैं। रूस के रक्षा मंत्रालय ने बताया कि उसने रात भर में यूक्रेन के 102 ड्रोन मार गिराए।

### 31 अगस्त-जिनपिंग, 1 सितंबर-पुतिन, ट्रोइका की ओर बढ़ते कदम

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 31 अगस्त को चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग और 1 सितंबर, 2025 को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ उच्चस्तरीय द्विपक्षीय बैठकें करेंगे। ये महत्वपूर्ण वार्ताएँ चीन में शंघाई सहयोग संगठन (SCO) शिखर सम्मेलन के दौरान होंगी। ये चर्चाएं भारत और अमेरिका के बीच एक महत्वपूर्ण टैरिफ विवाद के बीच हो रही हैं। ये एक ऐसा मौका होगा जब तीनों देशों के राष्ट्राध्यक्ष एक लंबे अर्से के बाद साथ होंगे। ऐसे में सवाल है कि क्या तीनों देशों के बीच डायलॉग के एक पुराने मेकेनिजम आरआईसी (रूस-भारत-चीन) को फिर से जिंदा करने पर बात हो सकती है? चीन की यह यात्रा दो देशों की यात्रा का हिस्सा है जिसमें जापान में एक पड़ाव भी शामिल है। इन बैठकों का संदर्भ भारत-चीन संबंधों को बेहतर बनाने के लिए चल रहे प्रयासों से जुड़ा है, जिसकी पहचान 3,488 किलोमीटर लंबी अनिर्धारित सीमा से है।

# कैसे ब्लिंकिट, स्विगी, जेपैटो जैसे 5-मिनट डिलीवरी ऐप्स, आपको हर साल 10000 तक लगा रहे चूना?

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** आप अपने घर पर हैं और कुछ खाने का मन किया तो झट से फोन उठा ऑर्डर कर देते हैं। तो इस तरह पांच - दस मिनट में सामान पहुंचाने का दावा करने वाले इन ऐप्स पर बुकिंग के बाद अब आपकी रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा बन सब्जी, दूध, ब्रेड, फल या कोल्ड-ड्रिंक ,आटा-दाल-चावल मसाले आदि एक क्लिक व कुछ मिनट में आपके घर पहुंच जाते हैं। लेकिन पिछले कुछ महीनों में इंस्टेंट डिलीवरी ऐप्स ब्लिंकिट,स्विगी,जेपैटो को लेकर कई सवाल भी उठे हैं। लंबे समय तक इस बाजार में स्विगी व ब्लिंकिट का दबदबा रहा। लेकिन आप कभी सोचे हैं कि इन सुविधाओं के बदले आपकी जेब से कितनी छिपी हुई लागत वसूली जा रही है? हैंडलिंग चार्ज, प्लेटफॉर्म फीस, कन्वीनियंस फीस, प्राइस सर्ज, रेन फी जैसे तमाम चार्ज वसूले जा रहे हैं, लेकिन घर बैठे मिल रही इस सुविधा के लिए हम तरह का शुल्क आंख मूंद कर दिए जा रहे हैं। इसके बाद बड़े-बड़े दिग्गजों ने इंस्टेंट डिलीवरी ऐप्स को लेकर सवाल करना शुरू कर दिया है। उनका कहना है कि ये ऐप्स हमें गरीब बना रहे हैं। हम अपने आलसीपन के चक्कर में अपने पैसे गंवा रहे हैं। ऐसा नहीं है कि हमारे पास बहुत ज्यादा पैसे हैं या समय नहीं है, लेकिन डिस्काउंट का झांसा, घर बैठे मिल रही इस सुविधा ने जैसे हमें अपने वश में कर लिया है। और हम छोटी-छोटी चीजें जैसे ब्रेड-बटर, दूध-चीनी-चाय के लिए भी ऐप से ऑर्डर कर रहे हैं। हम घर से निकलने की बजाय, सामान को घर मंगा रहे हैं।मशहूर यूट्यूबर व कारोबारी अंकुर वारिकू ने भी हाल ही में अपने एक वीडियो में इंस्टेंट डिलीवरी ऐप्स के पूरे हिसाब-किताब पर एक वीडियो बनाया था और बताया कि



**आपको आलसी, असामाजिक व छोटे रोजगार कर परिवार पालने वालों के पेट पर लात मारने वाला बना रहे हैं**

कैसे अलग-अलग फीस के नाम पर ये ऐप्स आम लोगों को गरीब बना रहे हैं। इस पर बनाई वीडियो में उन्होंने इस बारे में बात की है और समझाया है कि कैसे 2 रुपये से शुरू होने वाली हैंडलिंग चार्ज को ब्लिंकिट ,स्विगी,जेपैटो,इंस्टास्मार्ट जैसे पॉप्युलर ऐप्स ने 14 महीने में 10 रुपये तक बढ़ा दिया। और कैसे आईफोन व एंड्रायड यूजर्स के लिए ये प्लेटफॉर्म अलग-अलग प्रोडक्ट प्राइस दिखाते हैं। उनका कहना है कि आप सुविधा के नाम पर अपने आपको शारीरिक रूप से नुकसान पहुंचा रहे हैं, मानसिक तौर पर आदी बना रहे हैं और अपना ज्यादा पैसा खर्च कर रहे हैं व खुद को गरीब बना रहे हैं।कैसे ये तमाम तरह के चार्ज भी वसूल रहे हैं जो सीधे तौर पर आपको नहीं दिखते लेकिन आपके बिल में जरूर जुड़ जाते हैं।ऑर्डर करते समय आपको हर बार 5 से 15 रुपये हैंडलिंग चार्ज के तौर पर दिखते हैं। यह चार्ज हर ऑर्डर पर इंस्टेंट डिलीवरी ऐप्स लेते हैं। यह सीधे आपके कार्ट की कीमत बढ़ा देता है। मान लीजिए महीने में 20 बार ऑर्डर करते हैं तो सिर्फ हैंडलिंग चार्ज में ही 300-400 रुपये आप चुका रहे हैं। इसका मतलब है कि साल भर में आप करीब 3-4000 रुपये हैंडलिंग चार्ज के तौर पर दे रहे हैं।लगभग हर ऑर्डर में 2 से 5 रुपये की प्लेटफॉर्म फीस।बीते कुछ समय से ब्लिंकिट, स्विगी इंस्टामार्ट व जेप्टो जैसे डिलीवरी ऐप्स ने प्लेटफॉर्म फीस लेना भी शुरू कर दिया है। साल भर में ये 1,000 से ज्यादा की एक्स्ट्रा लागत बन जाती है। लेकिन कि आप इसे नगण्य मानकर चलते हैं।कई बार दिवाली, होली या बारिश, तेज गर्मी या सर्दी के समय प्राइस सर्ज फीस भी लगती है। इस दौरान प्रोडक्ट्स का दाम तो बढ़ता ही है, प्राइस सर्ज चार्ज भी लगता है। ऑफलाइन दुकानों में मिलने वाला समान प्रोडक्ट जब ऑनलाइन मंगाते हैं तो 5-15% तक महंगा मिलता है। 100 रुपये की चीज आन लाइन मंगाने पर 110–115 तक मिल सकती है। यही इन ऐप्स का असली मार्जिन गेम है।बरसात या पीक आवर्स में डिलीवरी करते समय ऐप्स 10-30 रेन फी/सर्ज फी लगा देते हैं। यानी खराब मौसम का बोझ भी ग्राहक पर ही पड़ता है।रू.200 की खरीद पर रू.50 ऑफ' बीई वन गेट वन जैसे ऑफर्स भी इन ऐप्स में दिए जा रहे हैं। लेकिन इन ऑफर्स की शर्तें इतनी सख्त होती हैं कि आखिर में आपको फायदा नहीं बल्कि नुकसान हो जाता है। डिस्काउंट का पैसा वसूलने के लिए ऐप्स प्रोडक्ट की एमआरपी पर पहले से ही प्राइस बढ़ा कर देते हैं।यदि आप महीने में औसतन रू.4,000–रू.5,000 का ग्रॉसरी/स्नैक्स ऑर्डर करते हैं तो 500–700 रुपये सिर्फ चार्जेस व हिडन कॉस्ट में जा रहे हैं। एक साल में यह रकम रू.6,000–रू.8,000 तक पहुंच जाती है। यानी इन पैसों से आप एक नया बजट स्मार्ट फोन एक साल की ओटीटी प्रीमियम सब्सक्रिप्शन या ढेरों कपड़े खरीद सकते हैं। आपने महीने में 20 बार ऑर्डर किया:यानी आपने एक महीने में कुल 810 का एक्स्ट्रा खर्च कर दिए। और एक साल में यह हो गया 9,720 (एक पूरी मोटरसाइकिल की ईएमआई या एक नए टीवी के बराबर)।

## न्यूरोलॉजिस्ट के अनुसार किस उम्र में कितनी नींद जरूरी है?

# नवजात शिशुओं, बच्चों, किशोरों, वयस्कों की नींद जरूरतें अलग-अलग क्यों?

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** अच्छे स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए नींद सबसे ज़रूरी क्रियाओं में से एक है, फिर भी बहुत से लोग यह समझने में संघर्ष करते हैं कि वास्तव में इसकी कितनी ज़रूरत है। हाल ही में एक न्यूरोलॉजिस्ट, एमडी डीएम, डॉ. सुधीर कुमार ने एक्स पर एक पोस्ट साझा की, जिसमें जीवन के विभिन्न चरणों में आवश्यक औसत दैनिक नींद की मात्रा बताई गई थी। उनके अनुसार, "उम्र के अनुसार आवश्यक औसत दैनिक नींद की मात्राः 1. नवजात शिशु (3 महीने तक): 14 से 17 घंटे। 2. शिशु (4 से 12 महीने): 12 से 16 घंटे, झपकी सहित। 3. छोटे बच्चे (1 से 5 साल): 10 से 14 घंटे, झपकी सहित। 4. स्कूली बच्चे (6 से 12 साल): 9 से 12 घंटे। 5. किशोर (13 से 18 साल): 8 से 10 घंटे। 6. वयस्क (18 साल और उससे ज्यादा): 7 से 9 घंटे। (नोट: व्यक्तिगत भिन्नताएँ हो सकती हैं)।" हालांकि ये इस बात का एक व्यापक अनुमान देती हैं कि किसी व्यक्ति को कितनी नींद की आवश्यकता हो सकती है, आप सोच रहे होंगे कि नवजात शिशुओं, बच्चों, किशोरों और वयस्कों के बीच ये ज़रूरतें इतनी भिन्न क्यों होती हैं।तो, क्या डॉ. सुधीर द्वारा अपनी पोस्ट में सुझाई गई औसत दैनिक नींद की मात्रा सही है? इस बारे में जन स्वास्थ्य के जानकार डॉ. जगदीश हिरेमथ का कहना है - "हाँ, बताई गई सिफ़ारिशें अमेरिकन एकेडमी ऑफ़ स्लीप मेडिसिन व नेशनल स्लीप फ़ाउंडेशन जैसे प्रमुख स्वास्थ्य संगठनों के स्थापित दिशानिर्देशों के अनुरूप हैं। विभिन्न अध्ययनों में थोड़े-बहुत अंतर हो सकते हैं, लेकिन ये सीमाएं आम तौर पर प्रत्येक आयु वर्ग के लिए सटीक होती हैं। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि इन सीमाओं को औसत के रूप में देखा जाता है, क्योंकि आनुवंशिकी, जीवनशैली व समग्र स्वास्थ्य के आधार पर व्यक्तिगत ज़रूरतें थोड़ी भिन्न हो सकती हैं।" अब सवाल यह है कि शैशवावस्था से वयस्कता की ओर बढ़ने पर नींद की जरूरतें कम क्यों हो जाती हैं? क्योंकि शिशुओं को अधिक नींद की आवश्यकता होती है। क्योंकि उनके मस्तिष्क और शरीर का तेज़ी से विकास और तंत्रिका संबंधों का सुदृढ़ीकरण हो रहा होता है। इस अवस्था में नींद स्मृति निर्माण, सीखने और प्रतिरक्षा प्रणाली के विकास के लिए महत्वपूर्ण होती है। डॉ. हिरेमथ कहते हैं, "जैसे-जैसे बच्चे बड़े होते हैं, मस्तिष्क की परिपक्वता की गति धीमी हो जाती है, हालांकि सीखने व भावनात्मक नियमन के लिए नींद महत्वपूर्ण रहती है, लेकिन समग्र आवश्यकता कम हो जाती है। वयस्कता तक, मस्तिष्क संरचनात्मक परिपक्वता तक पहुँच जाता है, इसलिए नींद की प्राथमिक भूमिका तेजी से विकास को बढ़ावा देने के बजाय संज्ञानात्मक प्रदर्शन को बनाए रखने, कोशिकीय क्षति की मरम्मत करने और भावनात्मक संतुलन बनाए रखने की ओर स्थानांतरित हो जाती है।" नींद की कमी के सामान्य स्वास्थ्य के खतरे के बारे में डॉ. हिरेमथ कहते हैं कि अल्पावधि में, लोगों को "एकाग्रता में कमी, धीमी प्रतिक्रिया, मनोदशा में गड़बड़ी व कमजोर प्रतिरक्षा का अनुभव हो सकता है। समय के साथ, लगातार नींद की कमी से उच्च रक्तचाप, हृदय रोग, मधुमेह, मोटापा , यहाँ तक कि अल्जाइमर रोग जैसी न्यूरोडीजेनेरेटिव बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है।" इसका मानसिक स्वास्थ्य पर भी गहरा प्रभाव पड़ता है, जिससे चिंता और अवसाद की दर बढ़ जाती है। अब सवाल यह है कि माता-पिता या देखभाल करने वाले कैसे सुनिश्चित कर सकते हैं कि बच्चे व किशोर अपनी अनुशंसित नींद की ज़रूरतों को पूरा करें? माता-पिता और देखभाल करने वाले नियमित नींद की दिनचर्या बनाकर और सोने से पहले एक शांत वातावरण को प्राथमिकता देकर मदद कर सकते हैं। डॉ. हिरेमथ ज़ोर देकर कहते हैं, "आराम करने के लिए एक पूर्वानुमेय कार्यक्रम बनाना, सोने से कम से कम एक घंटा पहले स्क्रीन के संपर्क को सीमित करना और दिन में शारीरिक गतिविधि को प्रोत्साहित करना, ये सभी बहुत फायदेमंद हो सकते हैं। स्वस्थ नींद के लिए शयनकक्ष अंधेरा, ठंडा व शांत होना चाहिए। खासकर किशोरों के लिए, पर्याप्त आराम के साथ शैक्षणिक ज़रूरतों को संतुलित करना ज़रूरी है, इसलिए माता-पिता को उन्हें यह समझने में मदद करनी चाहिए कि अच्छी नींद उनके प्रदर्शन व सेहत के लिए पढ़ाई या पाठ्येतर गतिविधियों जितनी ही ज़रूरी है।" लेकिन रैट रेस व गला काट प्रतियोगिता के युग में बच्चे तमाम कठिन परीक्षा अच्छे नंबर से पास करने की रात-दिन की कोशिश व तनाव में ही खप जा रहे हैं। करें भी क्या , भारत में उतनी नौकरियां नहीं हैं, अंतरराष्ट्रीय स्तर के शैक्षणिक संस्थान नहीं हैं, विश्व स्तरीय मौके कम हैं, ऐसे में ज्यादातर टैलेंटेड बच्चे 90% से ज्यादा 95 से 100% तक मार्क्स लाने के लिए जी-जान से रात -दिन पढ़ाई कर रहे हैं ।भारत में आईआईटी या मेडिकल कालेजों में सिलेक्शन के लिए रात-दिन खप रहे हैं।परीक्षा की तैयारी के चक्कर में उनमें से ज्यादातर 8 घंटे भी नहीं सो पाते हैं , करें भी क्या? इतनी मेहनत नहीं करें तो उनको भविष्य अंधकारमय दिखाई देता है



### इंडिया-जापान के बीच 2 वर्षों में 13 अरब डॉलर के 170 से अधिक एमओयू साइन हुए

**नई दिल्ली ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जापान दौरे पर जाने वाले हैं। इससे दोनों देशों के व्यापारिक और आर्थिक संबंधों को बड़ा बूस्ट मिलने की संभावना है। दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंध काफी मजबूत है, दो वर्षों में 170 से अधिक एमओयू साइन हुए हैं, जिसमें 13 अरब डॉलर के निवेश की प्रतिबद्धता जताई गई है। प्रधानमंत्री मोदी अपने जापानी समकक्ष शिगेरू इशिबा के निमंत्रण पर 15वें भारत-जापान वार्षिक शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए 29-30 अगस्त तक जापान की यात्रा करेंगे।



### ईरान-पाकिस्तान से 23 लाख से अधिक अफगान शरणार्थी लौटे

**काबुल ।** संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी उच्चायुक्त (यूएनएचसीआर) ने कहा है कि इस साल ईरान और पाकिस्तान से 23 लाख से अधिक अफगान शरणार्थी अफगानिस्तान लौट चुके हैं। एजेंसी ने चेतावनी दी है कि लौटे हुए इन शरणार्थियों को गंभीर मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है और उनकी बुनियादी जरूरतों को पूरा करने के लिए तत्काल अंतरराष्ट्रीय सहयोग की आवश्यकता है। यूएनएचसीआर ने गुरुवार को कहा कि अफगान शरणार्थी ऐसे देश लौट रहे हैं, जो उन्हें संभालने के लिए तैयार नहीं है। एजेंसी ने सोशल मीडिया पर साझा संदेश में लिखा, "दुनिया अब अफगानों से मुंह नहीं मोड़ सकती।



## भाजपा अध्यक्ष का नाम क्यों नहीं तय हो रहा है, सवाल पर संघ प्रमुख भागवत ने कहा-

# 'अगर हम तय करते तो इतना समय लगता क्या? टेक योर टाइम'

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सर्वेसर्वा मोहन भागवत ने संवाददाता सम्मेलन में इस सवाल पर कि भाजपा अध्यक्ष का नाम तय करने में क्या संघ के कारण देरी हो रही है, सब कुछ संघ तय करता है (जिसको भाजपा व उसके सत्ताधारी नेता तय कर रहे हैं उस पर राज़ी नहीं हो रहा है) ? कहा -' सब कुछ संघ तय करता है, यह पूर्णतः गलत बात है। मतभेद हो सकते हैं, मनभेद नहीं हो सकता है। सब कुछ संघ तय करता है, यह बिल्कुल गलत बात है, यह नहीं हो सकता है। मैं शाखा



चलाता हूं तो मैं इसका एक्सपर्ट हूं। लेकिन जो राज्य चला रहे हैं वो उस फील्ड में एक्सपर्ट हैं। इसलिए हम तय नहीं कर रहे हैं। अगर हम तय करते तो इतना समय लगता क्या? टेक योर टाइम'। भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के बीच मतभेद के सवाल पर सर संघचालक मोहन भागवत ने कहा है कि कोई मतभेद नहीं है। मोहन भागवत ने कहा कि मतभेद के कोई मुद्दे नहीं होते। मतभेद के विचार कुछ हो सकते हैं, लेकिन मनभेद बिल्कुल नहीं है और एक दूसरे पर विश्वास है, जो प्रयत्न कर रहे हैं, अच्छे से कर रहे हैं, क्षमता अपनी अपनी है, अलग अलग चलेंगे तो भी सबको एक जगह ही जाना है। इस सवाल पर कि क्या आरएसएस व भाजपा के बीच कोई मतभेद हैं, आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने कहा, 'हमारा हर सरकार, राज्य सरकारों व केंद्र सरकार, दोनों के साथ अच्छा समन्वय है। लेकिन कुछ व्यवस्थाएं ऐसी भी हैं जिनमें कुछ आंतरिक विरोधाभास हैं। कुल मिलाकर व्यवस्था वही है, जिसका आविष्कार अंग्रेजों ने शासन करने के लिए किया था।

इसलिए, हमें कुछ नवाचार करने होंगे। फिर, हम चाहते हैं कि कुछ हो। भले ही कुर्सी पर बैठा व्यक्ति हमारे लिए पूरी तरह से समर्पित हो, उसे यह करना ही होगा, और वह जानता है कि इसमें क्या बाधाएं हैं। वह ऐसा कर भी सकता है और नहीं भी। हमें उसे वह स्वतंत्रता देनी होगी। कहीं कोई झगड़ा नहीं है।

## अनिल कपूर ने सुनाया अनसुना किस्सा!




# ऐश्वर्या ने ठुकरा दी थी 'हमारा दिल आपके पास है'

'हमारा दिल आपके पास है' सतीश कौशिक द्वारा निर्देशित और बोनी कपूर द्वारा निर्मित एक पुरस्कार विजेता बॉलीवुड रोमांटिक हिंदी एक्शन फिल्म है, जिसमें अनिल कपूर, ऐश्वर्या राय और सोनाली बेंद्रे मुख्य भूमिकाओं में हैं। जब प्रीति भवानी चौधरी के खिलाफ एक हत्या के आरोप में गवाही देती है, तो वह उसका बलात्कार करता है। अपने परिवार द्वारा अपमानित और घर से निकाले जाने के बाद, एक दयालु व्यक्ति अविनाश उसे रहने के लिए जगह देता है। जिसके बाद दोनों के बीच धीरे-धीरे नजदीकिया बढ़ जाती है लेकिन आखिर में अविनाश की मां का ट्विस्ट आ जाता है। अपनी इस सुपरहिट फिल्म को लेकर अनिल कपूर ने पुरानी कुछ यादें शेयर की है। अनिल कपूर ने फिल्म की शूटिंग के दौरान की कुछ तस्वीरों का एक 'कोलाज' रविवार को इंस्टाग्राम स्टोरी पर साझा किया और एक लंबा संदेश भी लिखा। सतीश कौशिक को अपना ''प्रिय मित्र'' बताते हुए 68 वर्षीय अभिनेता ने लिखा ''जब मैं हमारा दिल आपके पास है के 25 साल पूरे होने पर पीछे मुड़कर देखता हूं, तो मेरे दिल में मेरे सबसे प्यारे दोस्त सतीश कौशिक की यादें ताजा हो जाती हैं।


